* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 173







## गुमला में विपक्ष पर बरसे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# मोदी को रोकना चाहते हैं देश को लूटने वाले : बाबूलाल

- भाजपा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल
- कहा, हेमंत ने सेना के साथ-साथ आदिवासियों की जमीन हड़पी

हिमांशु रंजन

**बसिया/कोनबीर/रायडीह।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि देश को लूटने वाले मोदी को रोकना चाहते हैं। हेमंत सोरेन ने सेना की जमीन के साथ-साथ आदिवासियों की जमनी हड़पी। बालू, पत्थर, कोयला, लोहा आदि लुटवाया और झारखंड में घूम-घूम कर जमीन खरीदी। युवाओं के भविष्य को भी लूट रही है। बाबूलाल शनिवार को भाजपा द्वारा गुमला के कोनबीर और रायडीह में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे।

बाबूलाल ने कहा कि राज्य सरकार केवल लूट-खसोट में लगी है। आज की तारीख में सबसे ज्यादा जमीन हेमंत के परिवार ने ठगी है। रांची, बोकारो , धनबाद सभी जगह इनकी जमीन है। उन्होंने कहा कि ये पहले ऐसे मुख्यमंत्री होंगे, जो खुद के नाम पर पत्थर खदान लीज लेते हैं। उन्होंने कहा कि इडी की छापेमारी में पूर्व मुख्यमंत्री के मित्र विनोद सिंह के यहां बेरोजगार युवकों का एडमिट कार्ड मिलता है। राज्य सरकार बेरोजगार युवकों के हक को बेचने पर उतारू है।



### अपनी करनी के कारण जेल में हैं

बाबूलाल ने कहा कि कांग्रेस को कभी भी गरीबों और गांवों की चिंता नहीं रही। जब आज विकास हो रहा है, तो विरोधियों के पेट मे दर्द हो रहा है। आज जहां देश के पीएम देश को मजबूत करना चाहते हैं, वही कुछ लोग परिवार को मजबूत करने में लगे है। आज विरोधी दुष्प्रचार कर रहे हैं कि हेमंत को फंसा दिया गया। उनके कुकर्मों ने उनको फंसाया। आज वे अपनी करनी के कारण जेल में है। अपने प्रेस सलाहकार अभिषेक पिंटू को लूट की छूट दी। अपनी पत्नी के नाम इंडस्ट्रियल एरिया में 11 एकड़ जमीन दिलायी। पंकज को खनिज समेत अनेक मामलों में लूट की छूट दी। अगर निर्दोष होते, तो कोर्ट ने उन्हें बेल क्यो नहीं दिया। उन्होंने कहा कि विरोधी कहते हैं कि भाजपा आयेगी, तो आदिवासियों की जमीन लूटेगी। राज्य में 23 साल में से 13 साल भाजपा का शासन रहा। मैं भी सीएम था, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास भी सीएम रहे। विरोधी बतायें कि किसने आदिवासियों की जमीन लूटी। क्या समीर उरांव ने जमीन लूटी या दिनेश उरांव ने। सबसे ज्यादा जमीन सोरेन परिवार ने लूटी है।

### कांग्रेस ने 80 बार संविधान से छेड़छाड़ की

बाबूलाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी संविधान को धर्मग्रथ मानते हैं, जबकि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहते हुए 80 बार संविधान संशोधन किया है। कांग्रेस के शासनकाल में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर संविधान की धज्जियां उड़ायीं। उन्होंने कहा कि भाजपा इसाइ मुस्लिम विरोधी नहीं है। पिछले दस वर्षों से देश मे कोई दंगा फसाद नहीं हुआ है, जबकि सभी समुदाय के लोगों को बराबर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आज विस्थापन की बात करने वाले कांग्रेस के शासन में ही एचइसी, सीसीएल, बीसीसीएल, बोकारो कल कारखाने का निर्माण हुआ और उनके विस्थापित लोग आज भी दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में विकास योजनाएं गरीबों, किसानों के लिए चलायी जा रही है।

### मोदी का सपना 2047 तक विकसित देश बनाना

बाबूलाल ने कहा कि नरेंद मोदी का सपना 2047 तक देश को विकसित बनाने का है। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं पर पूरी जिम्मेदारी च्है। पिछली बार बहुत कम वोट से जीत हुई थी। इस बार 10 प्रतिशत वोट बढ़ाकर 56 प्रतिशत वोट भाजपा को दिलाना है।

# 14 सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी: चंपाई सोरेन

मुख्यमंत्री ने बूथ कमेटी के सदस्यों को दिया जीत का मूल मंत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शनिवार को चार दिवसीय दौरे पर अपने विधानसभा क्षेत्र सरायकेला पहुंचे। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सबसे पहले गम्हरिया के पिंडराबेड़ा में ग्रामीणों से मिले। इसके बाद में एक होटल में गम्हरिया प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बूथ कमेटी की बैठक में शामिल हुए। बूथ स्तरीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। गम्हरिया प्रखंड में तीन अलग-अलग स्थान पर आयोजित बैठक में हिस्सा लेने के बाद मुख्यमंत्री रविवार को सरायकेला मुख्यालय में बूथ स्तरीय संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। 16 अप्रैल को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन और कार्यक्रम को लेकर सरायकेला जिला पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि राज्य के 14 सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन की जीत तय है। उनके सभी प्रत्याशी चुनाव जीतने में सक्षम हैं।



# कल्पना से मिले जेपी पटेल, चुनाव पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने शनिवार को कल्पना सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान जेपी पटेल ने कल्पना सोरेन से हजारीबाग के लिए रणनीति पर विचार विमर्श किया। साथ ही गठबंधन दल के पूर्ण सहयोग की अपील की। कल्पना सोरेन ने जेपी पटेल को आश्वासन दिया कि महागठबंधन के सभी दल सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेंगे और सभी दल गठबंधन दल के प्रत्याशी को अपना-अपना सहयोग देंगे। कल्पना ने कहा कि बहुत जल्द साझा चुनाव प्रचार का कार्यक्रम तय किया जायेगा।



## न्यूज रील्स

### केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 15 अप्रैल को सुनवाई होगी। केजरीवाल ने शराब नीति केस में इडी की गिरफ्तारी और रिमांड पर हाइकोर्ट के 9 अप्रैल के फैसले को चुनौती दी है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगी। केजरीवाल ने अपनी याचिका में कहा है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद मेरी गिरफ्तारी बाहरी विचारों से प्रेरित थी। इडी ने मुझे गिरफ्तार करके अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है। गिरफ्तारी के आधार ऐसे दस्तावेज हैं, जिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

# राजद के घोषणा पत्र में एक करोड़ नौकरी का वादा

- गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये
- 200 यूनिट फ्री बिजली, 500 में सिलेंडर की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** राजद नेता व बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने शनिवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र में पूरे देश में 1 करोड़ नौकरी देने का वादा किया गया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर हमारी सरकार आयेगी तो 15 अगस्त से पूरे देश में नौकरी देना शुरू करेंगे। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की भी बात की गयी है। 200 यूनिट फ्री बिजली देने का भी वादा है। गरीब महिलाओं को साल में 1 लाख रुपये देने की बात भी कही गयी है। राजद ने घोषणा पत्र में कहा कि सरकार बनी तो 10 फसलों पर एमएसपी लायेंगे। अग्निवीर योजना को बंद करेंगे।

# एक झटके में हम गरीबी मिटा देंगे: राहुल

कांग्रेस सांसद ने बस्तर में जनसभा को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जगदलपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में जनसभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि देश में 22 लोग हैं, जिनके पास उतना ही धन है जितना 70 करोड़ देशवासियों के पास है। नरेंद्र मोदी 24 घंटे इन 22-25 लोगों की मदद करते रहते हैं। किसी भी प्रदेश में पूछा सबसे बड़े मुद्दे क्या हैं। वे कहेंगे बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी। मीडिया को



आपने कभी आपने इनके बारे में बोलते सुना और देखा है। ये मोदी जी को दिखाते हैं कभी प्लेन में उड़ते हुए, कभी पूजा करते हुए।

राहुल गांधी ने कहा कि पूरा का पूरा धन 2-3 फीसदी लोगों के पास जा रहा है। आप जीएसटी देते हैं, लेकिन जब आपका पैसा बांटा जाता है तो आपके लोग उसमें हैं ही नहीं। देश का बड़ी कंपनियों का मालिक आपको न तो आदिवासी मिलेगा और न ही ओबीसी। देश की सरकार को 90 अफसर चलाते हैं। बजट बनता है तो यही 90 लोग तय करते हैं कि किस सेक्टर में कितना बांटना है। मैंने पता लगाया तो पता चला कि उन 90 अफसरों में से 1 आदिवासी वर्ग का है। देश के बजट में 100 रुपये खर्च होते हैं, तो आदिवासी अफसर 10 पैसे का फैसला लेता है। राहुल ने कहा कि हमारी सरकारी आयी तो महालक्ष्मी योजना शुरू की जायेगी। हर परिवार से हम एक महिला को चुनेंगे। इसके बाद हर महीने बैंक खाते में साढ़े 8 हजार रुपये डाले जायेंगे। इस तरह एक झटके में हम देश से गरीबी मिटा देंगे। हमारी सरकार आयी, तो महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण देंगे। राहुल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमने किसानों को पैसा दिया, वही हम देश में करेंगे। सबसे पहला काम किसानों की कर्ज माफी का होगा। हम जातीय जनगणना करायेंगे।

# दोस्त के साथ मेला घूमने निकली युवती से गैंगरेप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र में घूमने निकली एक युवती से गैंगरेप हुआ है। घटना महादेवटंगरी की है। ग्रामीण एसपी ने इस घटना की पुष्टि की है। स्थानीय लोगों ने आरोपियों पुलिस के हवाले कर दिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। दो युवकों के साथ युवती शुक्रवार को मेला घूमने निकली थी। वे दोनों उसके दोस्त थे। इसी क्रम में दोनों ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर युवती के साथ रेप किया। बाद में ग्रामीणों ने सभी आरोपियों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि आरोपी युवक के साथ युवती घूमने निकली थी। इसी क्रम में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

JHARKHAND STATE OPEN UNIVERSITY
(Established by the Government of Jharkhand & Recognized as per Section 2(f) of the UGC Act, 1956)
Address: - Jharkhand State Open University, Kanke, Ranchi, Pin-834006, Phone: 9631331471
Email-tnsahu116@gmail.com



कुलपति
शुभकामना - संदेश

डॉ० भीमराव रामजी आम्बेडकर जिन्हें हम बाबा साहब आम्बेडकर के नाम से जानते है। उनका जन्म 14 अप्रैल, 1891 में मध्यप्रदेश के गाँव में एक अत्यंत गरीब दलित परिवार में हुआ था। वह एक अत्यंत मेधावी छात्र रहे थे। उन्होंने अपने छात्र जीवन में गरीबी को आड़े आने ना देकर कानून, अर्थशास्त्र एवं राजनीतीशास्त्र में विद्यवान के रूप में प्रसिद्ध पाई। स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री बने और भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भी थे। भारत के इस महान सपूत के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए में यह अनुरोध करना चाहूँगा की हम सबको उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर देश सेवा के प्रति कतिर्वय निष्ठा होना चाहिए।

प्रो० (डॉ०) त्रिवेणी नाथ साहु
कुलपति
झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय,
राँची

# भाजपा आज जारी करेगी संकल्प पत्र

प्रधानमंत्री रहेंगे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए रविवार को संकल्प पत्र जारी करेगी। दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में चुनावी मेनिफेस्टो जारी करने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री ने चुनावी मेनिफेस्टो के लिए 25 जनवरी 2024 को जनता से सुझाव मांगे थे। पार्टी को अब तक 15 लाख से ज्यादा सुझाव मिले।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा का घोषणापत्र विकास, समृद्ध भारत, महिलाओं, युवाओं, गरीबों और किसानों पर केंद्रित होगा। साथ ही पार्टी केवल वहीं वादे करेगी, जो पूरे टाइमलाइन में पूरे हो सकें। घोषणा पत्र का विषय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर फोकस के साथ 'मोदी की गारंटीः विकसित भारत 2047' होगा।

गौरतलब है कि भाजपा ने 30 मार्च को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मेनिफेस्टो कमेटी का ऐलान किया था। कमेटी में कुल 27 सदस्य हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कमेटी का अध्यक्ष हैं। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संयोजक और पीयूष गोयल सह संयोजक हैं। इसके अलावा कमेटी में चार राज्यों के मुख्यमंत्री मोहन यादव, हिमंता बिस्वा सरमा, भूपेंद्र पटेल और विष्णुदेव साय कमेटी का हिस्सा हैं। कमेटी में अर्जुन मुंडा, किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे और स्मृति ईरानी जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

उधर, मध्य प्रदेश में चार चरणों में लोकसभा चुनाव होना है। राजनीतिक दलों ने पहले चरण के साथ ही दूसरे चरण की सीटों पर चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दूसरे चरण की होशंगाबाद सीट के पिपरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के लिए जनता से समर्थन मांगेंगे। दर्शन सिंह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने इस सीट पर पूर्व विधायक संजय शर्मा को प्रत्याशी बनाया है।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2024

Empowering students for a brighter future

LAW PROGRAMMES OFFERED
- BA LLB (H) - Integrated Law
- BBA LLB (H) - Integrated Law
- LLB (H) - 3 Years Law
- LLM

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC & BCI
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Accredited by NBA
- Ranked in QS World Rankings 2024

NIRF INDIA RANKINGS 2023
- 08th Best in Law Category
- 15th Best in University Category

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

# जमशेदपुर में कायम है सस्पेंस, पर जोरदार मुकाबले की जमीन तैयार

## ■ प्रतिद्वंद्वी की घोषणा नहीं होने से विद्युत वरण महतो की राह हो रही आसान

## ■ भाजपा के भीतर पैदा हुए असंतोष का खतरा हर दिन बनता जा रहा है गंभीर

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड की औद्योगिक राजधानी जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा को छोड़कर किसी भी दल ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। यह तय है कि इस सीट से झामुमो का उम्मीदवार होगा, लेकिन उसने अब तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। ऐसे में जमशेदपुर में भाजपा फ्रंट फुट पर खेलने की बात कह सकती है, लेकिन अंदरखाने में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इस सीट पर वर्तमान सांसद विद्युत वरण महतो लगातार तीसरी बार टिकट हासिल करने में सफल रहे हैं, लेकिन उनकी राह में बाहरी के साथ-साथ अंदरूनी बाधाएं भी कम नहीं हैं। एक सांसद के रूप में हालांकि जनता से उनका कनेक्ट ठीक ही रहा, लेकिन भाजपा संगठन और पार्टी के दूसरे कामों में उनकी भूमिका लगभग शून्य ही रही। इसलिए भाजपा के भीतर भी वह अब तक स्थिति को अनुकूल नहीं बना सके हैं। भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो हालांकि प्रतिद्वंद्वी की घोषणा नहीं होने का लाभ उठाने में लगे हैं और लगातार जनसंपर्क में व्यस्त हैं। इसका लाभ उन्हें चुनाव में मिल सकता है, लेकिन चुनाव जीतने के लिए कार्यकर्ताओं का समर्थन बहुत जरूरी होता है, जिसका अभाव साफ दिख रहा है। यह स्थिति इंडी गठबंधन के लिए उर्वर जमीन साबित हो सकती है। झामुमो के सामने भाजपा प्रत्याशी की हैट्रिक को रोकने के साथ कोल्हान के अपने दुर्ग को बचाने की दोहरी चुनौती है और वह इसमें कोई रिस्क नहीं ले सकता। इसलिए पार्टी ठोक-बजा कर ही टिकट देगी। जो भी हो, जमशेदपुर की स्थिति दिलचस्प होती जा रही है। यहां अभी क्या है माहौल और चुनाव तक क्या कुछ हो सकता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

देश-दुनिया में टाटानगर नाम से प्रख्यात जमशेदपुर झारखंड के महत्वपूर्ण लोकसभा क्षेत्रों में से एक है। इसे राज्य की वीआइपी सीट माना जाता है। शुरुआत के चुनावों में यहां से कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, लेकिन 1984 के बाद से कभी भी कांग्रेस ने यहां जीत दर्ज नहीं की है। इस सीट पर पहली बार 1957 में मतदान हुआ था। जमशेदपुर लोकसभा सीट की खास बात यह है कि अब तक कोई भी प्रत्याशी दो बार से अधिक जीतने में कामयाब नहीं हो पाया है। इस लोकसभा क्षेत्र में बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा सीटें शामिल हैं।

### मतदाता और सामाजिक तानाबाना

आंकड़ों के मुताबिक कर्नाटक की जमशेदपुर लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 11 लाख 44 हजार 226 है। कुल आबादी की बात करें, तो 2011 की जनगणना के मुताबिक यहां की आबादी 22 लाख 93 हजार 919 है। यहां की लगभग 44.44 फीसदी आबादी गावों में रहती है, वहीं 55.56 फीसदी आबादी शहर में रहती है। जातीय समीकरण की बात करें, तो यहां पर एससी समुदाय की आबादी 4.86 प्रतिशत है और एसटी समुदाय की आबादी 28.51 प्रतिशत है।

### विद्युत जीते तो होगी भाजपा की लगातार चौथी जीत

जमशेदपुर में भाजपा लगातार दो बार हैट्रिक (1996, 1998, 1999 और 2009, 2014 व 2019) लगा चुकी है। 1996 में नीतीश भारद्वाज, 1998 और 1999 में आभा महतो, 2009 में अर्जुन मुंडा, 2014 तथा 2019 में विद्युत वरण महतो ने जीत हासिल की। व्यक्तिगत तौर पर रुद्र प्रताप षाड़ंगी (1977-80), शैलेंद्र महतो (1989-91), आभा महतो (1998-99) और विद्युत वरण महतो (2014-2019) ऐसे जनप्रतिनिधि हैं, जिन्होंने दो-दो बार जीत हासिल की। भाजपा से फिर विद्युत वरण महतो प्रत्याशी बनाये गये हैं। अगर वे जीत दर्ज करते हैं, तो वे पहले प्रत्याशी होंगे, जो इस सीट से हैट्रिक लगायेंगे। साथ ही चौथी बार लगातार भाजपा की झोली में यह सीट जायेगी।

### लगातार दो बार से अधिक कोई प्रत्याशी नहीं जीता

जमशेदपुर लोकसभा सीट पूर्वी सिंहभूम जिले में है, जो पश्चिम बंगाल और ओडिशा की सीमा तक फैली है। इस क्षेत्र की खासियत है कि अब तक लगातार दो बार से अधिक कोई प्रत्याशी चुनाव नहीं जीता है। वर्ष 1952 के चुनाव में इस सीट का नाम मानभूम साउथ लोकसभा था। पहले चुनाव में भजोहरि महतो ने कांग्रेस प्रत्याशी माइकल जॉन को पराजित कर सांसद के रूप में अपना नाम दर्ज कराया था। 1957 के दूसरे चुनाव में जमशेदपुर लोकसभा सीट अस्तित्व में आयी, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी एमके घोष ने जीत हासिल की। इस सीट से सर्वाधिक छह बार भाजपा ने जीत हासिल की। इसके बाद कांग्रेस और झामुमो का दबदबा रहा। 1984 में इंदिरा गांधी की लहर के बाद 40 साल के अंतराल में कांग्रेस अपना खाता यहां से नहीं खोल पायी।




### आदिवासी, ओड़िया, कुड़मी, मुस्लिम वोटर प्रभावी

जमशेदपुर लोकसभा सीट पर कुड़मी, आदिवासी, ओड़िया, बंगाली और बिहारी वोटर निर्णायक साबित होते हैं। मुस्लिम, छत्तीसगढ़ी, कुशवाहा, यादव जैसी अन्य जातियों और समुदायों के वोटरों की भी अहम भूमिका होती है। देखा गया है कि ओड़िया, वैश्य, बिहारी मतदाताओं का रुझान भाजपा प्रत्याशी की तरफ रहता है, जबकि आदिवासी और महतो मतदाता परस्थिति के अनुसार वोट तय करते हैं। कुड़मी जाति इनका बड़ा वोट बैंक है, जिसका झुकाव अब तक भाजपा की ओर रहा है। किसी अन्य दल में कोई मजबूत कुड़मी प्रत्याशी खड़ा होने पर इनके अधिकतर वोट उनके पक्ष में चले जाते हैं। खास कर झामुमो ने जब भी कुड़मी प्रत्याशी मैदान में उतारा, तब उसे सफलता हासिल हुई है। आदिवासियों एवं मुसलमानों के अधिकतर वोट गैर-भाजपाई दल या गठजोड़ के साथ होते हैं।

### प्रतिद्वंद्वी के इंतजार में है भाजपा

जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र का चुनावी मुकाबला इस बार भी बेहद रोमांचक होगा। हालांकि विपक्षी खेमे की तरफ से अब तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गयी है। बताया जाता है कि इस सीट से इस बार भी झामुमो ही प्रत्याशी देगा। जमशेदपुर सीट की खासियत यह है कि यहां महतो (कुड़मी) मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। यहां से सात बार महतो प्रत्याशी चुनाव जीत चुके हैं। इसलिए झामुमो महतो जाति से बड़ा चेहरा ढूंढ़ रहा है, जो भाजपा प्रत्याशी को टक्कर दे सके। जमशेदपुर सीट पर 1957 से लेकर 2019 तक चार महतो उम्मीदवारों ने इस सीट पर विजय प्राप्त की है। शैलेंद्र महतो ने 1989 में जीत हासिल की। उसकी पत्नी आभा महतो ने 1998 और 1999 में भाजपा से, सुनील महतो ने 2004 में झामुमो से, उनकी पत्नी सुमन महतो ने 2007 (उप चुनाव) में झामुमो से और विद्युत वरण महतो ने 2014 और 2019 में भाजपा से जीत हासिल की। इस सीट पर डेढ़ लाख से अधिक महतो मतदाता हैं, जो चुनाव के दौरान हार-जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### क्या कहते हैं पिछले चुनाव के आंकड़े

2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से झामुमो ने चंपाई सोरेन को मैदान में उतारा था। विद्युत वरण महतो ने उन्हें तीन लाख से अधिक वोटों के अंतर से पराजित किया था। महतो को 678934 वोट मिले थे, जबकि चंपाई को 377352 वोट से ही संतोष करना पड़ा था। लेकिन उसी साल दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में पूरा परिदृश्य ही बदल गया था। जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के तहत आनेवाले छह विधानसभा क्षेत्रों, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, जुगसलाई, पोटका, घाटशिला और बहरागोड़ा में भाजपा बुरी तरह पराजित हो गयी थी। जमशेदपुर पूर्वी में निर्दलीय सरयू राय ने राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हरा दिया था, जबकि जमशेदपुर पश्चिमी पर कांग्रेस ने कब्जा जमाया था। बाकी चार विधानसभा क्षेत्रों पर झामुमो ने कब्जा कर लिया था।

### रेल सुविधा व हवाई कनेक्टिविटी होंगे प्रमुख मुद्दे

2024 के चुनाव में जमशेदपुर की जनता के अपने मुद्दे अहम होंगे। इनमें जमशेदपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति और बेरोजगारी प्रमुख है। बेरोजगारी के कारण यहां पलायन बढ़ रहा है। जमशेदपुर के जागरूक मतदाताओं का मानना है कि कानून व्यवस्था को यहां का चुनावी मुद्दा बनना चाहिए। जमशेदपुर में चिकित्सा सुविधा और उच्च शिक्षण संस्थान की कमी को भी स्थानीय मतदाता बड़ी समस्या मानते हैं। अस्पतालों में डॉक्टर और सुविधाओं की भारी कमी है। 12वीं के बाद जमशेदपुर में उच्च शिक्षण संस्थान नहीं है। एक बार युवा बाहर का रुख करते हैं, तो वे लौट कर जमशेदपुर आना नहीं चाहते हैं। कनेक्टिविटी के मामले में जमशेदपुर की स्थिति बेहतर नहीं है।

टाटानगर से अमृतसर, जम्मू, पटना, दुर्ग, कोलकाता के लिए गिनती की ट्रेनें हैं, जबकि यहां से देश के विभिन्न राज्यों के लिए कई ट्रेनें गुजरती हैं, जिसके कारण जमशेदपुर के यात्रियों को टिकटों के लिए काफी परेशानी होती है।

धालभूम हवाई अड्डा के निर्माण के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में आधारशिला रखी गयी थी। भूमि पूजन भी हुआ, लेकिन उनके बाद झारखंड सरकार ने इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। इतना नहीं एक रिपोर्ट बना कर भेज दी गयी कि जिस स्थान को हवाई अड्डा क्षेत्र के लिए चुना गया है, वहां हाथी विचरण करते हैं। इसके बाद इस परियोजना को रद्द कर रही सही कसर केंद्र सरकार ने पूरी कर दी।

---

# निशिकांत को देवघर पुलिस का नोटिस

## 19 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/देवघर।** गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार निशिकांत दुबे को देवघर पुलिस ने नोटिस भेजा है। नोटिस के अनुसार 19 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे पूछताछ में सहयोग के लिए मोहनपुर थाना बुलाया गया है। इस नोटिस की कॉपी सांसद निशिकांत दुबे ने ट्विटर पर शेयर किया है। इस नोटिस में सांसद निशिकांत दुबे मोहनपुर थाना कांड संख्या 281/23 में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त हैं। मोहनपुर इलाके के पशु व्यापारी ने सांसद निशिकांत दुबे पर नामजद प्राथमिकी वर्ष 2023 में दर्ज करायी थी।

**क्या जवाब दिया है सांसद ने ट्वीट पर पुलिस को :** देवघर पुलिस के नोटिस पर निशिकांत दुबे ने लिखा है कि सरकार व खासकर पुलिस प्रशासन के सहयोग से करोड़ों गाय संताल परगना के रास्ते



बांग्लादेश भेजी जाती हैं। मैंने लगातार इसका विरोध किया है, लेकिन पहली बार झारखंड सरकार ने मोहनपुर थाने में उल्टा मेरे ऊपर ही केस किया। झारखंड हाइकोर्ट ने केस पर रोक लगा दी है। लोकसभा की विशेषाधिकार समिति में देवघर के एसपी ने कहा कि सांसद के ऊपर केस नहीं बनता है। मुझे मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने के लिए मोहनपुर थाने में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। मैं हेमंत सोरेन जी की तरह भगोड़ा नहीं हूं। इस तिथि को मैं पुलिस के सामने हाज़िर रहूंगा।

# कांग्रेस पार्टी ढंग से देश संभालती तो स्थिति कुछ और होती : समीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया कोनबीर/रायडीह।** भाजपा एसटी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और लोहरदगा प्रत्याशी समीर उरांव ने गुमला के बसिया और रायडीह में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्ष तक सत्ता की बागडोर संभाली लेकिन ढंग से संभाली होती तो आज देश की यह स्थिति नहीं होती। विगत दस वर्षों में नरेंद मोदी के द्वारा बहुत विकास हुआ है, वे गांव के लोगों की उन्नति और कोरोना काल में लोगों को अन्न योजना के माध्यम से सेवा करने का कार्य किये हैं। प्रधानमंत्री का सपना देश को नंबर वन बनाने का है। आजादी के बाद पहली बार ऐसा प्रधानमंत्री मिला जो गांव के लोगों को एयर से रोड, रेल, पानी,



सड़क लोगों को मिले यह सोचते हैं। देश के प्रधानमंत्री जानते हैं कि ये आगे बढ़ेंगे तो देश आगे बढ़ेगा। देश को 2047 तक इतना संपन्न कर देंगे कि कोई गरीब नहीं होगा, दुखी नहीं होगा, लूट न होगी। समीर उरांव ने कहा कि रामराज्य आयेगा इसलिये अयोध्या में पहले रामलला को लाये, हमें घर-घर जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धि बतानी होगी। लोहरदगा लोकसभा में सुर्दशन भगत ने जो कार्य बढ़ाया है उसे मैं आगे बढ़ाऊंगा। मैं सिसई में पहले कार्य किया हूं आगे भी अवसर मिलने पर आपकी सेवा में रहूंगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि दुनिया की कोई ताकत नरेंद मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से नहीं रोक सकती। भाजपा द्वारा आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को लोहरदगा सांसद सुर्दशन भगत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने भी संबोधित किया।

# जयराम की पार्टी जेएलकेएम ने उम्मीदवारों का किया एलान

**रांची से देवेंद्रनाथ, धनबाद से इखलाक, दुमका से बेबी लता प्रत्याशी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जयराम महतो की पार्टी ने लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जेएलकेएम झारखंड के 14 में 4 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रहा है। पार्टी ने शनिवार को पत्र के माध्यम से 3 लोकसभा प्रत्याशियों के नाम का एलान किया है। रांची, दुमका और धनबाद लोकसभा में जेएलकेएम ने उम्मीदवार उतारे हैं। रांची से देवेंद्रनाथ महतो, धनबाद से इखलाक अंसारी और दुमका से बेबी लता टुडू को प्रत्याशी बनाया गया है। जानकरी हो कि तीनों सीट पर एनडीए अपने उम्मीदवार का एलान कर चुका है। वहीं इंडिया गठबंधन ने इन तीन सीटों में से महज एक पर ही उम्मीदवार का एलान किया है। रांची से एनडीए ने संजय सेठ, दुमका से सीता सोरेन



और धनबाद से ढुल्लू महतो को टिकट दिया गया है। इंडिया ने दुमका से नलिन सोरेन को अपना उम्मीदवार बनाया है। बता दें कि जेएलकेएम पार्टी के अध्यक्ष जयराम महतो गिरिडीह लोकसभा से चुनाव लड़ने की घोषणा पहले ही कर चुके हैं। जयराम के चुनावी मैदान में होने से गिरिडीह लोकसभा का मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। एनडीए ने चंद्रप्रकश चौधरी को दूसरी बार टिकट दिया है। चंद्रप्रकश बतौर आजसू प्रत्याशी चुनाव लड़ते नजर आयेंगे। वहीं इंडिया गठबंधन ने झामुमो के मथुरा महतो को प्रत्याशी बनाया है।

# रामनवमी को लेकर हाइलेवल मीटिंग: संवेदनशील जिलों में विशेष एहतियात बरतने का निर्देश

**जिला पुलिस के अलावा स्पेशल फोर्स की तैनाती भी की जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रामनवमी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शनिवार को हाइलेवल मीटिंग हुई। गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में झारखंड के डीजीपी के साथ-साथ मुख्यालय के वरीय अधिकारी मौजूद रहे। जबकि सभी जिलों के डीसी और एसपी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में जुड़े। शनिवार को गृह सचिव वंदना दादेल की अध्यक्षता में रामनवमी की सुरक्षा को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान राज्य के सभी जिलों के डीसी और पुलिस अधीक्षकों ने अपने-अपने जिलों में रामनवमी को लेकर की गयी तैयारी का पूरा प्लान गृह सचिव और डीजीपी के सामने रखा। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड में रामनवमी की सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय के द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये जा रहे हैं खासकर सभी संवेदनशील जिलों विशेष रूप से अलर्ट रहने का निर्देश जारी किया गया है।




डीजीपी ने बताया कि राज्य के वैसे संवेदनशील जिले जहां पूर्व में सांप्रदायिक तनाव के मामले सामने आये हैं, वहां जिला पुलिस के अलावा स्पेशल फोर्स की तैनाती भी की जायेगी। डीजीपी के अनुसार सभी जिलों में पुलिस असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखेगी, वहीं सभी जिलों को आदेश दिया गया है कि सभी वर्गों के गणमान्य लोगों के संपर्क में रहें ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। रामनवमी को लेकर रांची, जमशेदपुर, धनबाद, पलामू, गिरिडीह, हजारीबाग जिले के एसपी को विशेष तौर पर अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है।

डीजीपी के अनुसार राज्यभर के सांप्रदायिक तत्वों को चिह्नित किया जा रहा है सभी जिलों में उन लोगों की सूची बनायी जा रही है जो सांप्रदायिक कांडों में संलिप्त रहे हैं। ऐसे कांडों में शामिल लोगों पर पुलिस ने थाना स्तर पर क्या कार्रवाई की है, इसके बारे में भी जानकारी जुटायी जा रही है। पूर्व में हुए झड़प के दौरान उत्पात में शामिल असामाजिक तत्वों के बारे में भी सभी थानों से जानकारी ली जा रही है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनपर निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। घटना की वजह और उसकी पृष्ठभूमि में शामिल लोगों के बारे में भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है।

# हजारीबाग सीट पर कब्जे के लिए जारी है झकझूमर

**चुनावी आकलन**




**दीपक सिंह**

झारखंड का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र भारत की चुनावी राजनीति में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हजारीबाग विविधताओं से भरा है और चुनावी नजरिये से यह झारखंड के लोकसभा क्षेत्रों में रोचक और अहम है। इस निर्वाचन क्षेत्र में विगत 2019 के लोकसभा चुनाव में 64.83% मतदान हुआ था। इस बार यानी कि 2024 में मतदाताओं में खासा उत्साह है और वे लोकतंत्र में वोटों की ताकत दिखाने को और ज्यादा जागरूक और तैयार हैं। प्रशासन भी वोट प्रतिशत बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा। इस वर्ष हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से बीजेपी से मनीष जायसवाल और कांग्रेस (इंडी गठबंधन) से जयप्रकाश भाई पटेल (जेपी पटेल) प्रमुख उम्मीदवार हैं। 2019 के आम चुनावों में यहां बहुत मजेदार चुनावी मुकाबला देखने को मिला था। भाजपा के प्रत्याशी जयंत सिन्हा ने पिछले चुनाव में 4,79,548 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। उन्हें 7,28,798 वोट मिले थे। जयंत सिन्हा ने कांग्रेस के उम्मीदवार गोपाल साहू को हराया था, जिन्हें 2,49,250 वोट मिले थे।


इस बार समीकरण कुछ अलग है। भाजपा के कद्दावर नेता रह चुके पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा इंडी गठबंधन के साथ है और जेपी पटेल के लिए खुल कर बैटिंग कर रहे हैं। साथ ही जेपी पटेल के लिए बरही विधायक उमाशंकर अकेला भी जी-जान से लगे हैं। जेपी पटेल को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी के साथ की भी पूरा उम्मीद है। इसके अलावा भाकपा के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने भी अभी तक अपना या किसी और की भाकपा से उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की है। झामुमो और राजद के साथ माले और अन्य वाम दलों के साथ आप का भी भरपूर सहयोग मिलने की संभावना है।

वहीं मनीष जायसवाल को नरेंद्र मोदी के नाम के साथ आजसू का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। इसके अलावा बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, रामगढ़ की आजसू विधायक सुनीता चौधरी के अलावा भाजपा और आजसू के अन्य नेताओं का भी पूरा समर्थन मिलेगा।

फिलहाल दोनों प्रत्याशियों का प्रचार चरम पर है। हजारीबाग सीट पर कब्जे के लिए चल रहा यह झकझूमर चुनाव के रोमांच को लगातार बढ़ा रहा है।

# चुनाव में जमानत का क्या है मतलब, कब होती है जब्त

**जानकारी**



**मुकेश**

भारत में, पंचायत से लेकर राष्ट्रपति चुनाव तक, हर चुनाव में उम्मीदवारों को चुनाव आयोग के पास एक निश्चित राशि जमा करनी होती है, जिसे जमानत राशि कहा जाता है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि केवल गंभीर और सक्षम उम्मीदवार ही चुनाव लड़ें, न कि फर्जी या गैर-गंभीर उम्मीदवार। जमानत राशि चुनाव के प्रकार के अनुसार अलग-अलग होती है। लोकसभा चुनाव में सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों के लिए 25,000, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए 12,500 रुपये जमानत राशि है। वहीं विधानसभा चुनाव में सामान्य वर्ग के लिए 10,000 रुपये और एससी-एसटी के लिए पांच हजार रुपये जमानत राशि है। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव में सभी वर्गों के लिए जमानत राशि 15,000 रुपये है। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार, यदि कोई उम्मीदवार कुल वैध मतों का 1/6 वां हिस्सा भी हासिल नहीं कर पाता है, तो उसकी जमानत जब्त कर ली जाती है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय और गया स्टेशन पर पार्सल स्कैनर मशीन की स्थापना एवं संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:

1. AA/1 : **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि** : गया स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर मशीन की स्थापना और संचालन पांच वर्षों के लिए। **ई–नीलामी लॉट संख्या** : MSS-DDU-GAYA-PS-2-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय** : ई–नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

1. AA/2 : **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि** : पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर मशीन की स्थापना और संचालन पांच वर्षों के लिए। **ई–नीलामी लॉट संख्या** : MSS-DDU-DDU-PS-1-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय** : ई–नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।

**ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या** : NFR-PS-DDU-4

2. **वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है** : www.ireps.gov.in (e-auction leasing)

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, डी०डी०यू०

पीआर/00076/डीडीयू/वा०/एन/24–25/36

# भारत में चुनाव को प्रभावित कर सकता है चीन

**चेतावनी**

**सलोनी प्रजापति**

चालबाज चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। अब वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के जरिये इस साल भारत और अमेरिका समेत दुनिया भर के 60 देशों में होने वाले चुनाव को बाधित करने की फिराक में है। प्रौद्योगिकी दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि अपने भू-राजनीतिक हित साधने के लिए जनता की राय को प्रभावित करने के मकसद से चीन इस तरह के हथकंडे अपनाने पर तुला है और हैकर्स का सहारा ले रहा है। इस बीच केंद्र सरकार ने खतरे को देखते हुए सभी डिजिटल कंपनियों को ऐसे प्लेटफार्मों को ठीक करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग झूठी और गलत सूचनाओं को लेकर पहले ही दिशा-निर्देश और प्रोटोकॉल जारी कर चुका है। भारत में 543 लोकसभा सीटों के लिए सात चरणों में मतदान 19 अप्रैल से चार जून के बीच होगा। माइक्रोसॉफ्ट की थ्रेट इंटेलिजेंस टीम के अनुसार इस साल दुनियाभर में खासकर भारत, दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका में मुख्य रूप से चुनाव होने हैं। इन चुनावों में चीन अपने हितों को ध्यान में रखते हुए एआइ का उपयोग कर ऐसी सामग्री का निर्माण और प्रसार करेगा, जो कि उसे लाभ पहुंचाये। वह मतदाताओं का पार्टी विशेष की तरफ झुकाव बदलने के साथ-साथ उन्हें भटकाने की हरसंभव कोशिश करेगा। वह इंटरनेट मीडिया पर ऐसा कंटेंट प्रसारित करेगा, जिससे चुनावों के दौरान जनता की राय चीनी हित की तरफ झुक सके। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि जनवरी में ताइवान के चुनाव के दौरान भी चीन समर्थित हैकर्स समूह स्टार्म 1376 (स्पैमौफ्लेज) विशेष रूप से सक्रिय था।

## चुनाव में डीपफेक से निपटने की तैयारी, यू-ट्यूब ने हटाये 2.25 मिलियन वीडियो



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक बड़ी चुनौती डीपफेक और मिस इंफॉर्मेशन से निपटने की है। बीते दिनों सरकार की एक के बाद एक एडवाइजरी के बाद सोशल मीडिया कंपनियों ने इसे लेकर कमर कस ली है। यूट्यूब की ओर से बताया गया कि पिछले साल अक्टूबर से लेकर दिसंबर तक प्लेटफॉर्म से 2.25 मिलियन विडियो हटायी गयी हैं। ये वो कंटेंट था, जो कि प्लेटफॉर्म के कम्युनिटी गाइडलाइंस का उल्लंघन कर रहा था। यानी ये भड़काने, नफरत, हेट स्पीच या हिंसा से जुड़े कंटेंट की कैटिगरी में आता है। प्लेटफॉर्म का कहना है कि संवेदनशील कैटिगरी के कंटेंट के लिए एक नये टूल का सहारा लिया जा रहा है, जिसके जरिये यूजर्स को इस बारे में जानकारी मिल सकेगी कि कोई कंटेट एआइ जनरेटेड विडियो है या नहीं। हेल्थ, न्यूज, इलेक्शन या फिर फाइनेंस से जुड़े विडियो पर ये लेबल प्रमुखता से दिखाई देगा।

## एआइ का कर सकता है इस्तेमाल

इस समूह ने कुछ उम्मीदवारों को बदनाम करने और मतदाताओं की धारणाओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से एआइ का इस्तेमाल कर डीपफेक वीडियो और मीम्स तैयार किये और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किये। विशेषज्ञों के अनुसार एआइ जनित डीपफेक और नकली सामग्री के माध्यम से फैली गलत सूचना आगामी चुनावों के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

उधर आइटी मंत्रालय ने कहा है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और वह यह कहकर बच नहीं सकते कि ये एआइ मॉडल अंडर-टेस्टिंग चरण में हैं। बता दें कि पिछले महीने के अंत में माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हमारे जैसे लोकतांत्रिक देश में डीपफेक के बारे में चिंता व्यक्त की थी। चीन का हमेशा मकसद रहा है कि भारत जैसे लोकतंत्र को कमजोर किया जाये और उसके समाज के अंदर मतभेद पैदा किया जाये। वह चाहता है कि भारत उसके विरुद्ध एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में न खड़ा हो। वह नहीं चाहता कि भारत में एक मजबूत और स्थायी सरकार बने। माइक्रोसॉफ्ट ने जो चेतावनी दी है, हमें उसे गंभीरता से लेना होगा। अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञों के अनुसार चीन हमेशा तकनीक को पॉलिटिकल इंफ्लूएंस में इस्तेमाल करता है। लोकतंत्र में बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप की संभावना रहती है। चीन को पता है कि उसके पास तकनीकी ताकत है और वह कैसे एआइ और साइबर के जरिये दूसरे देशों के चुनाव पर असर डाल सकता है। हमें चीन की इस हरकत से सरप्राइज नहीं होना चाहिए। ऐसा करना उसकी नीति रही है। हमें इससे निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे।

## आइटी मंत्रालय ने जारी की गाइडलाइंस



बता दें कि मार्च में ही आइटी मंत्रालय की ओर से एक एडवाइजरी जारी की गयी थी, जिसके मुताबिक सोशल मीडिया कंपनी से कहा गया था कि वो एआइ की मदद से बने विडियो को लेकर ये जानकारी दें कि इन्हें बनाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ली गयी है। इसके अलावा प्लेटफॉर्म मतदाताओं को चुनाव और उसकी प्रक्रिया के बारे में और जानकारी देने की दिशा में भी काम कर रहा है, यानी कि वोटिंग से जुड़े विडियो सर्च करने पर 'हाउ टू वोट' या 'हाउ टू रजिस्टर टू वोट' जैसे टॉपिक सामने दिखेंगे। इसके साथ-साथ इंफॉर्मेशन पैनल के जरिये उन टॉपिक्स के बारे में जानकारी दी जायेगी, जिनको लेकर फेक इंफॉर्मेशन की संभावना ज्यादा होती है। प्लेटफॉर्म का दावा है कि मिसइंफॉर्मेशन और फेक न्यूज से निपटने के लिए गाइडलाइंस विडियो, कमेंट्स, लिंक्स, लाइव स्ट्रीम और थंबनेल तक पर लागू है।

**सरकार की सख्ती का दिखा असर**

पिछले दिसंबर में पीआइबी की फैक्ट चेक यूनिट ने ऐसे नौ चैनल्स को उजागर किया था, जो फेक न्यूज फैला रहे थे। डीपफेक किस तरह चुनाव को प्रभावित कर सकता है, इसका अहसास ना सिर्फ सरकार बल्कि सोशल मीडिया कंपनियों को भी है, इसलिए बीते दिनों सरकार ने यूजर्स को जागरूक बनाने की जिम्मेदारी से जुड़ी कई अडवाइजरी भी सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म के लिए जारी की है। यूट्यूब का कहना है कि संवेदनशील और चुनाव को प्रभावित करने वाले कंटेंट, खासकर एआइ पर उसकी नजर है, लेकिन सवाल ये भी है कि चुनावी प्रचार के दौरान लाइव स्ट्रीम के वक्त भी क्या ये बंदोबस्त काम करेंगे?

# जनता पार्टी ने टिकट काटा तो जेपी के उम्मीदवार बने पासवान

**चुनावी किस्से**



**प्रशांत**

बिहार के कद्दावर नेता और कई मर्तबा केंद्रीय मंत्री रहे दिवंगत रामविलास पासवान और हाजीपुर लोकसभा सीट एक-दूसरे के पर्याय रहे, लेकिन उनके पहले चुनाव में अगर जेपी का हाथ न होता तो शायद पासवान और हाजीपुर का कोई रिश्ता ही न बन पाता। कहानी आपातकाल के बाद की है। 1977 के आम चुनावों को लेकर जनता पार्टी की तैयारियां चरम पर थीं। इसी बीच, जेपी ने हाजीपुर से रामविलास पासवान का नाम तय कर जनता पार्टी को उनका टिकट फाइनल करने को कहा। जेपी की इच्छा के बावजूद जनता पार्टी ने हाजीपुर से रामविलास का टिकट काट दिया और उनकी जगह रामसुंदर दास को टिकट दे दिया। तुर्रा यह कि पासवान को कहीं से भी टिकट नहीं दिया गया। जेपी को जब मालूम चला तो दूसरे दिन हाजीपुर की गलियों, सड़कों के खंभों और दीवारों पर एक पोस्टर लगा मिला। इसमें जेपी ने घोषणा की थी, रामविलास पासवान हमारा उम्मीदवार है। पासवान पूरे देश में जेपी के एकमात्र उम्मीदवार बन गये और दस हजार पोस्टर लगाये गये। इससे जनता पार्टी में हड़कंप मच गया। राजनारायण, मधु लिमये से लेकर कर्पूरी ठाकुर तक इससे हिल गये। जेपी के कहने पर पासवान ने निर्दलीय पर्चा भी दाखिल कर दिया। अंततः जनता पार्टी को रामसुंदर दास को बिठाकर पासवान को टिकट देना पड़ा। इस चुनाव में पासवान ने चार लाख से भी ज्यादा मतों से जीत दर्ज की थी और यह उस वक्त किसी भी चुनावी जीत का रिकॉर्ड था।

# मंडी में बोली से गोली चला रही हैं कंगना

**चर्चित उम्मीदवार**

**अक्षय प्रजापति**

अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर कंगना चुनाव मैदान में उतरते ही राजनेता बन गयी हैं। वह राजनीति के दांवपेंच में कभी उलझी तो कभी अनुभवी नजर आ रही है। हिमाचल कांग्रेस के नेता विक्रमादित्य सिंह के राजनीतिक हमलों का जवाब वह जनसभा में सलीके से देती हैं। नॉमिनेशन करने के बाद ही कंगना एक कार्यक्रम में भारत के पहले प्रधानमंत्री के सवाल पर ट्रोल हुईं। उन्होंने सुभाष चंद्र बोस को देश का पहला प्रधानमंत्री बताया था। इसके बाद कंगना पर बाहरी होने के आरोप भी लगे, जबकि मंडी में उनका पैतृक घर भी है। फिर विरोधियों ने उनके चरित्र पर सवाल उठाया। जब विरोधियों ने बीफ खाने का आरोप लगाया तो कंगना तिलमिला उठीं। कंगना ने इसका जवाब भी जनसभा में दिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। जब उन्होंने बीफ खाने का प्रमाण मांगा तो जवाब मिला कि आपके खाने-पीने से क्या लेना-देना। उन्होंने ये भी कहा कि मैं अशुद्ध हूं और मेरे पास चरित्र नहीं है, लेकिन जब मैंने उन्हें अपना चरित्र दिखाया, तब कहा गया कि आपको प्राथमिक मुद्दों पर बोलना चाहिए। कंगना रनौत राजनीति में बोली की गोली चलाने में माहिर तो अभी नहीं हुई हैं, मगर चुनावी लहजा उनके भाषणों में दिखने लगा है। पिछले दिनों मंडी की जनसभा में उन्होंने कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह को छोटा पप्पू कहकर संबोधित किया। साथ ही अपने चिर परिचित आक्रमक तेवर में उन्हें चुनौती भी दे डाली थी। कंगना ने ललकारते हुए कहा कि यह तुम्हारे बाप-दादा की रियासत नहीं है जो डराकर भगा दोगे। वह अपने भाषणों में विक्रमादित्य सिंह को छोटा भाई भी बुलाती हैं और राजा बाबू भी कहती हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह ऐसे क्यों संबोधित कर रही हैं, तो उन्होंने उल्टा तपाक से पूछ लिया कि छोटे भाई को राजा बाबू कहने में गलत क्या है? विक्रमादित्य सिंह मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार हैं। बाहरी होने के आरोप पर कंगना ने कहा कि उनके दादा हिमाचल प्रदेश से विधायक रह चुके हैं, फिर वह बाहरी कैसे हुईं। कुल मिलाकर चुनाव में उतरी कंगना के पास राजनीतिक सवालों के जवाब होते हैं।



मंडी के चुनाव में उतरते ही कंगना रनौत इलाके के पूर्व सांसद महेश्वर सिंह से भी मिलीं और चुनाव में समर्थन मांगा। महेश्वर सिंह तीन बार मंडी सीट से लोकसभा के लिए चुने जा चुके हैं। इसके अलावा वह पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग में शामिल होती हैं। कंगना के चुनाव की जिम्मेदारी उनके पिता ने संभाल रखी है। कंगना एक दिन में दो-तीन जनसभा और खुली जीप में रोड शो करती हैं। हिंदी और हिमाचली में बोलकर जनता से संवाद करती हैं। अपने भाषण में केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करना नहीं भूलती हैं और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपनी जीत की गारंटी मांगती हैं। बड़ों को चाचा और ताई बोलकर रिश्ता जोड़ने की कोशिश करती नजर आती हैं। बीजेपी की टीम उन्हें लोकल राजनीतिक घटनाओं से अपडेट करती है। कांग्रेस के कैंडिडेट घोषित नहीं होने और प्रचार के दौरान एकमात्र प्रत्याशी होने का फायदा उन्हें मिल सकता है। हालांकि स्थानीय लोग मानते हैं कि कंगना एक फिल्म स्टार है। लोगों की भीड़ उन्हें देखने के लिए उमड़ रही है। पूर्व सांसद महेश्वर सिंह का कहना है कि कंगना को वोट नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही मिलेगा। अगर वह जीतती हैं तो यह जीत नरेंद्र मोदी के खाते में जायेगी।

# 10 साल में राज्यों में भी बढ़ा बीजेपी का ग्राफ

**पार्टियों की सेहत**

**राजवीर**

बीजेपी ने इस बार लोकसभा चुनाव में खुद के लिए 370 पार का टारगेट सेट किया है, यानी खुद के लिए 370 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। यह पूरा होगा या नहीं, यह तो 4 जून को पता चलेगा, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि जिस तरह राज्यों में 2014 से लेकर 2024 तक बीजेपी का ग्राफ बढ़ा, वैसे ही लोकसभा चुनाव में भी ग्राफ बढ़ा। 2014 में जब लोकसभा चुनाव हो रहे थे उस वक्त बीजेपी के देश भर में 897 विधायक थे। बीजेपी 2014 के लोकसभा चुनाव में 282 सीटें जीती। फिर 2019 के लोकसभा चुनाव के वक्त बीजेपी के विधायक 1278 हो गये। तब बीजेपी लोकसभा चुनाव में 303 सीटें जीती थी। अभी देश भर में बीजेपी के 1468 विधायक हैं।

2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने पहली बार तत्कालीन गुजरात सीएम नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाकर चुनाव लड़ा था। उस वक्त आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, तेलंगाना, उत्तराखंड, इन 13 राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी। बीजेपी की सरकार सिर्फ छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान, इन पांच राज्यों में थी। कुछ जगह बीजेपी सत्ताधारी पार्टी के साथ सहयोगी के तौर पर थी लेकिन सीधी सरकार इन्हीं राज्यों में थी। लेकिन 2014 के बाद बीजेपी के पक्ष में माहौल बना और



2019 के लोकसभा चुनाव के वक्त बीजेपी की सरकार 12 राज्यों में हो गयी। उस वक्त बीजेपी गोवा, अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, यूपी और उत्तराखंड में सरकार में थी। इस वक्त भी बीजेपी 12 राज्यों में अपनी सरकार चला रही है, जहां बीजेपी के मुख्यमंत्री हैं।

## 31 फीसदी वोट शेयर में मिली 282 सीटें

2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 31 फीसदी वोट शेयर में ही 282 सीटें मिल गयी। इससे पहले कभी किसी पार्टी को इतने कम फीसदी वोट शेयर में बहुमत लायक सीटें नहीं मिली थीं। इससे पहले सबसे कम वोट फीसदी में बहुमत 1967 में कांग्रेस को मिला था। जब कांग्रेस ने 283 सीटें जीती थीं और उसका वोट शेयर 40.8 फीसदी था। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 37.4 फीसदी वोट मिले थे। बीजेपी कुल 303 सीटें जीती थीं, जिसमें से 224 सीटों पर बीजेपी ने 50 फीसदी से ज्यादा वोट शेयर हासिल किया था।

# नवादा में बागियों ने बिगाड़ा दलों का गणित


राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा।


भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर।

**विद्यासागर**

हरे-भरे जंगलों, झरनों की वजह से बिहार का कश्मीर कहे जाने वाले नवादा में कुछ साल पहले तक नक्सली हिंसा चरम पर थी, पर अब हालात बेहतर हैं। हालांकि, यहां से चुनाव लड़ रहे भाजपा नेता और एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर और राजद नेता और महागठबंधन के उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा को सुकून नहीं है। दरअसल, इस सीट पर दोनों ही प्रमुख प्रत्याशी बागियों और अंतर्कलह से जूझ रहे हैं।

नवादा सीट पर बाहरी प्रत्याशियों का ज्यादातर वर्चस्व रहा है। 14 बार यहां से बाहरी ही चुने गये हैं और तीन बार स्थानीय। हालांकि यहां के लोग जिस तरह से स्वागत करते हैं, उसी तरह से नाराज होने पर बाहर का रास्ता भी दिखा देते हैं। यहां पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान है। इस सीट का गौरवशाली इतिहास रहा है। स्वामी सहजानंद सरस्वती और जयप्रकाश नारायण की यह कर्मस्थली रही तो बिहार के पहले मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जन्मभूमि रही है।

**आखिर मतदाता के मन में क्या**

नवादा के रास्ते में हिसुआ कस्बे के जितेंद्र कुशवाहा कहते हैं, सवाल यह नहीं कि हमें विवेक ठाकुर जैसे बाहरी प्रत्याशियों से आपत्ति है। पर, जब वह हमारे लिए कुछ करते ही नहीं तो वोट क्यों दें। वहीं, दिनेश ठाकुर कहते हैं, सड़कों को देखो काम तो हुआ है। यह काम मोदी के बिना नहीं हो सकता था। इसी वजह से राजद उम्मीदवार श्रवण इस चुनाव में बाहरी को मुद्दा बनाना चाहते हैं। लंबे समय तक बाहरी प्रत्याशियों के जीतने से कुछ ऐसे स्थानीय मुद्दे हैं, जो हमेशा उछलते हैं। जैसे सिंचाई की बेहतर सुविधा, वारिसलीगंज की बंद चीनी मिल, अपर सकरी जल परियोजना, ककोलत जल प्रपात का सौंदर्यीकरण। दिलचस्प यह कि ककोलत जल प्रपात की वजह से ही नवादा को बिहार का कश्मीर कहा जाता है।

## अंतर्कलह से आफत

नवादा की राजद विधायक विभा देवी, रजौली के राजद विधायक प्रकाश वीर और नवादा से एमएलसी अशोक कुमार ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की अवहेलना करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ रहे बागी बिनोद कुमार की सभा को हिसुआ में संबोधित किया। वहीं, राजद नेता उमेश यादव कहते हैं कि श्रवण अगर जीते तो कोई गारंटी नहीं वह पार्टी में बने रहेंगे। ऐसे में उनके साथ कैसे कोई खड़ा हो सकता है। बिनोद कुमार जेल में बंद पूर्व मंत्री राजबल्लभ यादव के भाई और विभा देवी उनकी भाभी हैं। दूसरी तरफ, भोजपुरी गायक गुंजन सिंह ने भाजपा के राज्यसभा सदस्य और प्रत्याशी विवेक ठाकुर को अच्छा खासा परेशान किया हुआ है। गुंजन पहले भाजपा से टिकट मांग रहे थे, नहीं मिला तो निर्दलीय ही मैदान में कूद गये। हालांकि, भाजपा के दिग्गज नेता डॉ. सीपी ठाकुर के बेटे विवेक मानते हैं इससे ज्यादा असर नहीं पड़ेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# भवन पट्टा, किराया और बेदखली के लिए नये विधेयक का मसौदा तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भवन पट्टा किराया और बेदखली नियंत्रण अधिनियम 2011 यथा संशोधित को नये सिरे से विधेयक प्रारूप तैयार किया जायेगा। सरकार ने इसके लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित की है। इस गठित समिति में सदस्य सचिव के पद पर अतुल कुमार को शामिल किया गया है। इस संबंध में नगर विकास विभाग ने आदेश जारी किया है। राज्य सरकार किराया संबंधित विवादों के त्वरित निपटारे के लिए दूसरे राज्यों के प्रावधानों का भी अध्ययन कर रही है। पंजाब, हरियाणा और छत्तीसगढ़ के प्रावधानों की भांति अपीलय प्राधिकार के रूप में झारखंड भवन नियंत्रण अधिनियम 2011 और यथा संशोधित को लागू किया जायेगा। महाधिवक्ता झारखंड ने भी इस संबंध में सलाह दिया है। चुनाव आचार संहिता हटने के बाद विधेयक प्रारूप को अंतिम रूप दिया जायेगा। इसकी स्वीकृति कैबिनेट से लेकर विधानसभा से भी ली जायेगी। अधिकारियों के अनुसार झारखंड में भाड़े किराये संबंधित विवादों, शिकायतों और अपराधों के निपटारे और न्याय निर्णय की शक्ति उपायुक्तों से वापस लेने का प्रस्ताव है।

भवन स्वामी और किरायेदारों के बीच उत्पन्न विवादों के निपटारे का अधिकार न्यायाधिकरण को दिया जाना है। इसके लिए भाड़ा नियंत्रण अधिकरण का गठन किया जाना है। उच्च न्यायालय की सलाह पर जिला न्यायाधीश को अधिकरण के अध्यक्ष बनाया जाना है।

# 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीतः सुदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ध्रुव प्रसाद साह ने समर्थकों के साथ रांची कांके रोड स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की। ध्रुव प्रसाद साह को आजसू पार्टी द्वारा गोड्डा लोकसभा सह प्रभारी बनाया गया है। साथ ही साथ सुदेश कुमार महतो को गोड्डा लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी का सम्मेलन में शामिल होने का न्योता दिया। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि वह 14 लोकसभा सीटों पर जाकर सम्मेलन करेंगे। गांव-गांव जाकर मोदी जी के सपनों को पूरा करने के लिए झारखंड की 14 सीटों पर एनडीए गठबंधन को विजयी बनायेंगे। ध्रुव प्रसाद साह ने कहा कि जो उन्हें दायित्व दिया गया है, वह पूरे विश्वास के साथ पूरा करेंगे।

# श्री महावीर मंडल ने अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित की



रांची (आजाद सिपाही)। श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब के तत्वावधान में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 25 अखाड़ा के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। श्री महावीर मंडल फ्रेंड्स कॉलोनी जगगनाथपुर, श्री महावीर मंडल सम्राट क्लब चुटिया, श्री महावीर मंडल राज समिति इरगु टोला, श्री महावीर मंडल इटकी रोड ललगुटवा, श्री महावीर मंडल पुंदाग को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। आयोजन में पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे, महामंत्री गोपाल पारीक, राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, रामनवमी श्रृंगार समिति के अध्यक्ष सागर वर्मा, समाजसेवी रमेश सिंह, राजेश गुप्ता छोटू के द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने आये खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामानुज सिंह, रमेश केडिया, बंटी सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, विशाल मिश्रा, इंदर सिंह, राजीव सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# सरला बिरला स्कूल में अंबेडकर जयंती मनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में डॉ भीम रॉव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनायी गयी। विद्यालय परिसर में एक विशेष सभा आयोजित की गयी। छात्रों ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। संविधान निर्माण में डॉ अंबेडकर के योगदान के बारे में विचार रखे। छात्रों ने संविधान की प्रस्तावना के बिंदुओं और महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों से कहा कि उन्हें भीम रॉव अंबेडकर जैसे महान व्यक्तियों का अनुसरण करना चाहिए और प्रस्तावना में दिये गये न्याय, स्वतंत्रता, समानता, एकता जैसे गुणों को अपने जीवन में उतारना चाहिए, ताकि हमारा देश एक सच्चा प्रजातांत्रिक देश बन सके।

# चुटिया में भोक्ताओं ने श्रद्धालुओं पर आस्था के फूल बरसाये

रांची (आजाद सिपाही)। राधा चक्र, शोभायात्रा और झूलन का अनुष्ठान किया गया। पूजा अर्चना के बाद पुजारी ने सभी भोक्ताओं को गुड़ का शरबत और कच्चा आम प्रसाद के रूप में खिलाये। श्रद्धालुओं पर आस्था के फूल बरसाये गये। मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, रमेश सिंह, जीतेंद्र सिंह पटेल, अशोक साहू, दिलीप स्वर्णकार, संजीव विजयवर्गीय, बबलू मुंडा, अरविंद साहू और विभिन्न मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष शामिल हुए। मौके पर राधेश्याम केसरी, कैलाश केसरी, छत्रधारी महतो, मनपुरण नायक, राजकुमार महतो, उदय पासवान, रवि गोप, चुन्नू गोप, रणजीत राम, धर्मेंद्र सोनी, भोला चौधरी, अंकित केसरी, विक्रम साहू, अमित केसरी समेत अन्य मौजूद थे।

# सरला बिरला विवि में लिटरेरी मीट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में फैकल्टी ऑफ ह्यूमेनिटीज एंड लिंग्विस्टिक्स के द्वारा एक दिवसीय लिटरेरी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विवि के लिटरेरी क्लब के सहयोग से किया गया। इस दौरान यूथ पार्लियामेंट, शार्क टैंक, वाद-विवाद और चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का थीम अर्थव्यवस्था का चित्रण, व्यवसाय और स्टार्टएप, पर्यावरण, आहार और विभिन्न क्षेत्रों में सोशल मीडिया के रुझान पर रखा गया। कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए इन्हें विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को भगवतगीता और रामचरितमानस जैसे महान धर्मग्रंथों का अध्ययन करने की सलाह दी। रूस, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कला और साहित्य के क्षेत्र में इन देशों के साहित्यकारों के योगदान की भी उन्होंने चर्चा की। डीन डॉ नीलिमा पाठक ने इस आयोजन के पीछे कला को प्रोत्साहन मिलने की बात कही। उन्होंने विवि के विद्यार्थियों को लिटरेरी क्लब में सक्रिय होने और बड़ी संख्या में भागीदारी निभाने की सलाह दी। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डॉ विजय कुमार सिंह, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुभानी बाड़ा, डॉ राधा माधव झा, डॉ रिया मुखर्जी, कार्यक्रम संयोजक सम्राट बनर्जी, सह संयोजक इशिका सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में क्लब की पत्रिका का लोकार्पण किया गया। विजेताओं के बीच पुरस्कारों का वितरण किया गया। इस आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति विजय कुमार दलान और डॉ प्रदीप वर्मा ने शुभकामना दी।

# काजल के शतक से खूंटी ने कोडरमा को 258 रनों से हराया




रांची (आजाद सिपाही)। जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट वीमेंस अंडर-19 टूर्नामेंट में शनिवार को खूंटी और कोडरमा के बीच मैच खेला गया। इसमें खूंटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 295 रनो का स्कोर खड़ा किया। काजल कुमारी ने शानदार नाबाद 106 रन जोड़े। वहीं महिमा पांडेय ने 77 रनों की पारी खेली। कोडरमा की तरफ से राधा कुमारी ने 2 विकेट लिये। कोडरमा 22 ओवर में 38 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। कोडरमा की ओर से रिया कुमारी ने सर्वाधिक 13 रन बनाये। खूंटी की ओर से रिया, साक्षी और प्रिया ने 2-2 विकेट लिये। इसके अलावा कशिश और निहारिका ने एक-एक विकेट झटके।

# श्याम मंदिर में भंडारा भक्तिमय माहौल में संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से हरमू रोड श्याम मंदिर में भंडारा भक्तिमय माहौल के बीच संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में सरोज देवी, पुनीत नवनीत मारू ने खाटूनरेश, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालीग्राम, गरुड़जी और गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन किया गया। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रद्धा में डूबा था। भोग लगे प्रसाद को मारू परिवार ने भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को खिलाया। इसके बाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया गया। श्याम भंडारे में इडली, उपमा, केसरिया जलेबी, शीतल पेय, मैंगो शरबत का प्रसाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में श्री श्याम मंदिर में निर्मित किया गया था। लगभग 2500 से ज्यादा भक्त ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनोली, पूर्व सांसद अजय मारू, वेद भूषण जैन, पप्पू रंजना जैन, अभिषेक सरावगी, कौशल चौधरी, रतन शर्मा, अनुज मोदी, अमित सरावगी, कमलेश सावा, कमल बिश्नोई, अंकित सिंह, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडेय, मनीष वर्मा, श्याम सुंदर जोशी सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

## मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मंगलवार 16 अप्रैल को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 97वां श्री सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ का आयोजन होगा। मनीष सारस्वत, ओम शर्मा, अन्य द्वारा पाठ कराया जायेगा।

# आरपीएफ ने महिला को परिजनों से मिलाया

रांची (आजाद सिपाही)। रेलवे सुरक्षा बल ने रांची स्टेशन से ऑपरेशन डिगनीटी के तहत एक महिला को उसके परिवार से मिलाया। शनिवार को आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 13319 दुमका रांची एक्सप्रेस में अकेली बैठी मिली। संदेह होने पर आरपीएफ ने महिला से पूछताछ की । इसमें कोई संतोषप्रद उत्तर नहीं दिया। निरीक्षक एस के झा की ओर से पूछताछ में उसने अपना नाम बदला हुआ नाम कमला बताया। महिला बिहार के भागलपुर की रहनेवाली है। वह घर से भाग कर यहा आयी थी। महिला के कोई मोबाइल नंबर नहीं बताने पर निरीक्षक ने लोकल पुलिस भागलपुर से संपर्क किया और घटना के बारे मे बताया। बाद में महिला की चचेरी बहन आरपीएफ पोस्ट रांची पहुंची। इसके बाद सत्यापन के बाद महिला को उसे सौंप दिया गया। मामले में पता चला कि महिला की मानसिक स्थिति थोड़ी कमजोर थी।

# युवा महोत्सव से लौटे छात्रों को मिला सम्मान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्नातकोत्तर विभाग अंग्रेजी में राष्ट्रीय युवा महोत्सव लुधियाना से लौटे प्रतिभागियों का सम्मान कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार सिन्हा ने किया। जीतेंद्र कुमार को मिमिक्री में सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ और युवराज, सूर्यांश और शिवम ने क्विज में भाग लिया था। उन्हें इस्ट जोनल, बरहमपुर में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था। कुलपति ने कहा कि ऐसे आयोजनों में भाग लेने से हममें आत्मविश्वास और शक्ति पनप कर एक बेहतर व्यक्तित्व बनता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शॉल ओढ़ा कर, गुलदस्ता, पौधा और मेमेंटो भी दिया। डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर सुदेश साहू ने भी सभी को शुभकामना दी और कहा कि वे इसी तरह आगे मेहनत करें और बढ़ते रहे। विभागाध्यक्ष डॉक्टर विष्णु चरण महतो ने भी छात्रों का मनोबल बढ़ाया। डॉ मनोज ने प्रतिभागियों को जी-जान से अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। डॉ पूनम निगम सहाय, डॉ विनोद नारायण, डॉ आशीष झा, अर्चना दुबे, डॉ चंद्रिका ठाकुर, डॉ मधु मिश्रा, डॉ समीरा सिन्हा, डॉ सुमित डे समेत अन्य मौजूद थे।

# महावीर मंडल ने क्षेत्र का किया दौरा



रांची (आजाद सिपाही)। श्री महावीर मंडल के पदाधिकारियों ने सुबह नौ बजे श्री महावीर मंदिर पंडरा प्रांगण में रामनवमी आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। इसके बाद गावों का दौरा किया। झंडा का वितरण किया गया। अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने रामनवमी को हर्षोल्लास के साथ मनाने का अपील की गयी। घरों में हनुमान ध्वज लगाने का अपील की गयी। मंत्री दीपक ओझा ने कहा कि इस बार शोभायात्रा में डीजे का प्रयोग नहीं करें, बल्कि उसकी जगह पर ज्यादा से ज्यादा झंडा, खेल का प्रदर्शन करें। उपाध्यक्ष राजकिशोर ने कहा की रामनवमी के अवसर निकलने वाली मुख्य शोभायात्रा का पंडरा क्षेत्र ही स्टार्टिंग प्वाइंट है। बैठक में पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिंह ने अपना अनुभव रखा। धन्यवाद ज्ञापन मणिकांत राव ने किया। पुजारी हरबू उरांव और ग्रामवासियों से मिल कर उन्हें भी परंपरा के अनुसार हनुमान झंडा देकर समय का पालन करने का अनुरोध किया। बैठक में रवि कुमार, मंत्री दीपक ओझा, राजकिशोर प्रसाद, गोपाल सोनी, प्रमोद सारस्वत, विक्रम सिंह, मणिकांत राव, लक्ष्मण साहू, ललन साहू, श्याम चौधरी, कामेश्वर प्रसाद, रिंकू सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# रिकॉर्ड रूम में चोरी के बाद पुलिस ने कई लोगों से की पूछताछ

रांची (आजाद सिपाही)। रिकॉर्ड रूम में हुई चोरी की घटना की जांच जारी है। पुलिस इस घटना के बाद अब तक रिकॉर्ड रूम में अलग-अलग पदों पर कार्यरत कुमुद रंजन, ध्रुव भगत, राजेश कुमार, शशांक, इंदर, भोला और पाड़ी बाबू समेत आधा दर्जन से ज्यादा लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इस पूरे मामले की मॉनिटरिंग सिटी एसपी और डीएसपी खुद कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि पुलिस जल्द ही इस मामले का पर्दाफाश कर सकती है।

# पारस अस्पताल में पूर्वी भारत का पहला बायोरिसोर्वेबल स्टेंट का हुआ प्रत्यारोपण

## 38 वर्षीय मरीज में बायोरिसोर्वेबल स्टेंट सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया

### कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. महेश कुशवाहा ने मरीज का किया इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एचइसी स्थित पारस अस्पताल में पूर्वी भारत का पहला बायोडिग्रेडेबल स्टेंट प्रत्यारोपण किया। पारस अस्पताल में एक 38 वर्षीय मरीज में बायोरिसोर्वेबल स्टेंट सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया। मरीज को सीने में गंभीर दर्द, उच्च रक्तचाप, सीने में तकलीफ और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के साथ- साथ उसे दिल का दौरा भी आता था। कोरोनरी एंजियोग्राफी के बाद, उनकी एक धमनी में 100 प्रतिशत रुकावट और उनकी बायीं पूर्वकाल की अवरोही धमनी में रक्त का धक्का जमने का पता चला। मरीज के परिवार की सहमति से वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलोजिस्ट डॉ. महेश कुशवाहा ने पारंपरिक धातु स्टेंट के विपरीत बायोरिसोर्वेबल स्टेंट (बीआरएस) का उपयोग करने के लिए गैर-सर्जिकल प्रक्रिया को अपनाया और सफल इलाज किया। इस काम में उन्हें 40 मिनट लगे। मरीज को दो दिनों के अंदर छुट्टी दे दी गयी।



इस संबंध में पारस अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. महेश कुशवाहा का कहना है कि मेडिकल वर्ल्ड में आनेवाला समय यामोरिसोर्वेबल स्टेंट का है। इलाज के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह एक बायोडिग्रेडेबल स्टेंट है जो तीन साल के भीतर घुल जाता है और हृदय की धमनी को उसकी सामान्य स्थिति में लाने में मदद करेगा। इस तकनीक में लंबे समय तक कोरोनरी धमनियों में कोई स्थायी धातु प्रत्यारोपण नहीं छोड़ती है जो कोरोनरी धमनी रोग के रोगियों के लिए बहुत लाभकारी है।

पारस अस्पताल के निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि अब पारस अस्पताल में बायोरिसोर्वेबल स्टेंट लगाने की सुविधा प्रारंभ हो गयी है। इसके लिए मरीजों को कही बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हृदय रोगी अब बहुत ही आसानी से अपना इलाज करा कर सामान्य जीवन जी सकते हैं। कम उम्र के हृदय रोगियों के लिए यह अच्छा उपचार विकल्प साबित हो सकता है। नवीनतम तकनीक का उपयोग करके मरीज का इलाज हो सकता है।

## क्या होता है बायोरिसोर्वेबल स्टेंट ?

डॉ. महेश ने कहा कि प्राकृतिक रूप से घुलनशील सामग्री (जिसे पीएलएलए कहा जाता है) से बना स्टेंट लगाना साध्य विज्ञान में एक मील का पत्थर है। क्योंकि यह धमनी को धातु के आवरण में फंसने से मुक्त करता है। यह कोई विकास नहीं, बल्कि एक क्रांति है, क्योंकि स्टेंट तीन साल के भीतर घुल जाता है और धमनी को उसकी सामान्य स्थिति में वापस लाने में मदद करता है। मरीज की दवाओं पर निर्भरता कम होती है। डॉ. महेश ने कोरोनरी धमनी रोगों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उनके अनुसार भारत में कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों से सबसे ज्यादा मौतें होती हैं। उन्होंने इस बीमारी को दूर रखने के लिए स्वस्थ आहार और सक्रिय जीवनशैली के महत्व पर जोर दिया।

## इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में चौथी क्रांति घोषित

बायोरिसोर्वेबल स्कैफोल्ड्स (बीआरएस) को इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में चौथी क्रांति के रूप में घोषित किया गया है क्योंकि वे कोरोनरी धमनी रोग के उपचार में एक बेहतरीन उदाहरण पेश करते हैं। बीआरएस में शारीरिक क्रिया विज्ञान को पुर्नसंचालित करने की अद्वितीय क्षमता होती है। इस क्रिया में स्टेंट धीरे-धीरे घुल जाते हैं। बीआरएस एक छोटी जालीदार ट्यूब के समान उपकरण है जो अवरुद्ध हृदय वाहिका को खोलने और हृदय में रक्त के प्रवाह को बहाल करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# मनरेगा में रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन को सुधारने का फरमान



रांची (आजाद सिपाही)। ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा के अंतर्गत रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन में सुधार करने का निर्देश सभी जिलों के अधिकारियों को दिया है। विभाग ने कहा है कि जिन जिलों में अधिक ट्रांजेक्शन रिजेक्ट हो रहे हैं, वहां फिर से सत्यापन कराते हुए रिजेनरेट करके ट्रांजेक्शन कराया जाये। मनरेगा मजदूरों के बैंकों में केवाइसी अपडेट कराने को भी कहा गया है, ताकि समय पर मनरेगा मजदूरों को मजदूरी का भुगतान किया जा सके। बता दें कि मनरेगा में बड़े पैमाने पर रिजेक्ट ट्रांजेक्शन के मामले सामने आ रहे हैं। कई सालों से इसे सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। काम के बदले मजदूरों को मजदूरी भुगतान की राशि भेजी जाती है, लेकिन उनके बैंक के खाते में राशि नहीं जाती। कई मामलों में आधार का सीडिंग नहीं होना सहित कई जरूरी दस्तावेज नहीं होता है। विभाग ने इसके अलावा सीपी ग्राम के तहत मिली शिकायतों का भी त्वरित निष्पादन करने को कहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 35.4°c | 20.0°c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.08 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.29 बजे |



## गैंगरेप की घटना पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया आक्रोश

# बेटियों को सुरक्षा देने में हेमंत सरकार पार्ट-2 साबित हो रही चंपाई सरकार : आरती सिंह

**दोनों घटनाओं में शामिल दुष्कर्मियों को राज्य सरकार दिलाये फांसी की सजा**

**बरहेट और रातू में सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने झामुमो-कांग्रेस की माहिला सुरक्षा को ठेंगा दिखाया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि साहिबगंज जिला के बरहेट में ईद के दिन एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना से आहत नाबालिग लड़की ने आत्महत्या कर ली।

शनिवार को रांची के रातू थाना में नाबालिग लड़की अपनी सहेली के साथ मेला घूमने गयी थी, वहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी। जेएमएम, कांग्रेस और राजद वाली गठबंधन को ठगबंधन बताते हुए आरती सिंह ने कहा कि पूर्व में हेमंत सोरेन की सरकार में और अब चंपाई सोरेन की सरकार में महिला उत्पीड़न चरम पर है। हर दिन राज्य की बहू, बेटियों पर होने वाले अनाचार एवं उत्पीड़न की खबरों से अखबार रंगा रहता है। कहा कि झारखंड में जिस प्रकार हेमंत सोरेन पार्ट-1 में ठगबंधन की सरकार में कानून व्यवस्था चारमायी हुई थी और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ था, ठीक उसी प्रकार अब हेमंत सोरेन पार्ट -2 में भी अपराधी दिन दहाड़े दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे रहे हैं। कहा कि राज्य में पिछले 4 वर्षों में 6000 से अधिक दुष्कर्म घटना घटी है, उसमें 3000 से अधिक आदिवासी महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना घटी है। कहा कि अभी हाल ही में दुमका में स्पेनिश माहिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना से झारखंड को देश- दुनिया मे शर्मसार किया। कहा कि झूठ-लूट की बुनियाद पर टिकी मतलबपरस्त गठबंधन सरकार के हाथों से कानून व्यवस्था की लगाम निकल चुकी है। पूरा पुलिस प्रशासनिक तंत्र सत्ताधारी नेताओं के लिए वसूली में लगा हुआ है और राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। कहा कि ना विधि, ना व्यवस्था, अपराधियों का मनोबल है अपने चरम पर है, ऐसे में महिला घर से बाहर निकलने में अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। अगर लूट और झूठ से झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को फुर्सत मिले तो बहन-बेटियों की सुरक्षा पर ध्यान दे। कहा कि इस संगीन जुर्म के दोषियों पर राज्य सरकार फांसी की सजा दिलाये।

# राजेश ठाकुर ने उलगुलान न्याय महारैली को सफल बनाने के लिए दिये निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइएनडीआइए गठबंधन की ओर से रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को उलगुलान न्याय महारैली को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिला अध्यक्षों सहित वरीय नेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। शनिवार को इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि उलगुलान न्याय महारैली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी को भी आमंत्रित किया गया है। इस महारैली में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के बड़े नेता भी शामिल होंगे। इस महारैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए सभी लोकसभा प्रत्याशियों, विधायकों, जिलाध्यक्षों, लोकसभा को-ऑर्डिनेटर, जिला प्रभारी सहित विधानसभा वार प्रभारी को संगठन स्तर पर बैठक बुलाने और रैली को सफल बनाने के लिए उचित कार्य योजना तैयार कर उससे चार दिनों के अंदर प्रदेश कार्यालय को अवगत कराने का निर्देश प्रदेश अध्यक्ष ने दिया है।

### सीएसडीएस के सर्वे ने केंद्र की पोल खोल दी: नीरज

रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि सीएसडीएस के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार की पोल खोलकर रख दी है। लगातार कांग्रेस इन्हीं मुद्दों के बीच आवाज उठा रही है और यही कारण है कि इन आवाजों को दबाने के लिए कांग्रेस और आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओं पर इडी का शिकंजा कसवाया जा रहा है, ताकि महंगाई-बेरोजगारी जैसे मुद्दे गायब रहे। खलखो शनिवार को रांची के कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार के दिन अब पूरी तरह लद चुके हैं। 2019 के चुनाव में ही देश की जनता जुमलेबाजी और वादाखिलाफी का जवाब देने का मन बना चुकी थी। लेकिन पुलवामा में देश के वीर शहीदों के शहादत का राजनीतिक इस्तेमाल कर ये जनता को अपने पक्ष में करने में सफल रहे। कुछ समय पहले तक मोदी की गारंटी पर जोर देते हुए भाजपा ने पुनः देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास शुरू किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 10 साल के अन्यायकाल के खिलाफ राहुल गांधी के कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक और मणिपुर से लेकर मुंबई तक भारत जोड़ो यात्रा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बेरोजगार नौजवानों, मजदूर, किसानों, महिलाओं और आम जनता से संवाद के आधार पर जब कांग्रेस पार्टी पांच न्याय 25 गारंटी को लेकर चुनाव मैदान में पूरी शिद्दत के साथ उतर चुकी है, तो भाजपा पूरी तरह से बौखला गयी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** संतानपक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष** कानूनी उलझनों से छुटकारा,रोग-शोक-दुःश्चिन्ताओं से मुक्ति मिलेगी।

**मिथुन** कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

**कर्क** कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

**सिंह** जमीन-मकान, आवास,वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझने दूर होंगी।

**कन्या** राजनीतिक लाभ,अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

**तुला** धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

**वृश्चिक** जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी,चल-अचल सम्पत्ति से लाभ होगा।

**धनु** सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे,गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

**मकर** व्यावसायिक स्थिति में निरन्तर मजबूती बढेगी,शत्रु पराभूत होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा।

**कुंभ** प्रेम प्रसंग में सफलता,विरोधियों पर विजय,पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**मीन** परिस्थिति में सुधार,महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ,शुभ समाचार मिलेगा।

## डीसी और एसएसपी से मिला श्री महावीर मंडल रांची महानगर का प्रतिनिधिमंडल

# 'तपोवन मंदिर जाने वाले जर्जर मार्गों को दुरुस्त करें'

**कर्बला चौक से चुटिया जाने वाले मार्गों में पुलिस बल एवं लाइट लगायी जाये**

**ओवरब्रिज से नीचे उतरने वाली जर्जर सीढ़ी को दुरुस्त किया जाये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची महानगर के द्वारा श्री रामनवमी महोत्सव 2024 को सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए शनिवार को महानगर अध्यक्ष कुणाल अजमानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, एसडीओ उत्कर्ष कुमार एवं एडीएम राजेश्वर आलोक से मिल कर रामनवमी में होने वाले मुख्य समस्याओं से अवगत कराया।

ज्ञात हो कि विगत 10 अप्रैल को श्री महावीर मंडल रांची महानगर के द्वारा रांची के लगभग 211 प्रमुख्य अखाड़ा और मंडलों की बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन चैंबर भवन में किया गया था जिसमें मुख्य रूप से रांची महानगर के बूटी मोड़ चौक से कोकर चौक, बड़ागाईं चौक, डांगरा टोली चौक से कांटाटोली चौक, लोवाडीह चौक, चुटिया से कर्बला चौक, चर्च रोड, गुदड़ी चौक, काली स्थान होते हुए दलपट्टी चर्च रोड चौक, लेकरोड से हिंदपीढ़ी सेकेंड स्ट्रेट थर्ड स्ट्रेट रोड से बंसी चौक, उर्दू लाइब्रेरी, डोरंडा निम चौक से कसाई मोहल्ला, जैन मंदिर रोड, राजेंद्र चौक, काली मंदिर चौक से एकरा मस्जिद चौक, ओवर ब्रिज से तपोवन मंदिर एवं विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था बहाल करने की आवश्यकता है। सभी स्थानों पर पर्याप्त लाइट लगाने की जरूरत है एवं खराब सड़कों को तत्काल सही करने की जरूरत है। साथ ही ड्रोन से सभी पर नजर रखने की जरूरत है ताकि कोई भी असामाजिक तत्व अपने नियत में कामयाब न हो सके। श्री महावीर मंडल रांची महानगर के लगभग 200 सक्रिय सदस्य अपनी सेवा देंगे एवं जिला प्रशासन के साथ मिल कर शांतिपूर्ण रामनवमी पर्व मनाने का संकल्प लिया है। उपायुक्त ने महानगर के कार्यों की सराहना करते हुए, सभी मांगों पर सकरात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। मिलने वाले में मुख्य रूप से महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, संयोजक डॉ दिलीप सोनी, श्यामा नंद पांडेय, बादल सिंह, रोहित पांडेय, देवेश अजमानी, अमन सिंह, चिरंजीवी, महेश सोनी, शंभु प्रसाद एवं तमाम मंडल के लोग उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशनों पर पेयजल की व्यवस्था की समीक्षा की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** रेल मंत्रालय भारतीय रेलवे नेटवर्क के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में रेल मंत्रालय द्वारा आगामी गर्मी के मौसम और संभावित हीट वेब के मद्देनजर स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा की गयी है और पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय रेलों को निर्देश जारी किये गये हैं।

रेल मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय रेलों को जारी निर्देश में स्टेशनों पर उपलब्ध वॉटर कूलर सही ढंग से कार्य करने तथा यात्रियों की मांग के अनुरूप पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है। इसके अलावा आवश्यकतानुसार महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पानी के टैंकर की तैनाती भी की जायेगी।

पूर्व मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को उत्तम पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है। यात्रियों की संख्या के मद्देनजर स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में वाटर टैब लगाये गये हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व मध्य रेल के 84 स्टेशन पर 207 वाटर कूलर भी लगाये गये हैं। इसी तरह 85 स्टेशन पर 236 वाटर वेंडिंग मशीन का प्रावधान किया गया है। आवश्यकतानुसार इसमें वृद्धि भी की जा सकती है।

स्टेशनों के सभी प्लेटफार्मों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों द्वारा नियमिति रूप से निगरानी की जायेगी।

महिला समितियों (महिला स्वयं सहायता समूहों), गैर सरकारी संगठनों, स्काउट्स एंड गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों के साथ सामंजस्य स्थापित कर विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के कोचों के पास ठंडे पेयजल का वितरण सुनिश्चित किया जायेगा।

# जलियांवाला बाग के बलिदानियों को सीएम ने किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पंजाब के जलियांवाला बाग नरसंहार के बलिदानियों को याद किया। उन्होंने बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में शनिवार को सोशल मीडिया पर लिखा है कि अपने जलियांवाला बाग नरसंहार में शहीद हुए अमर बलिदानियों की वीरता और अदम्य साहस को कोटि-कोटि नमन। भारत को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए आपके सर्वोच्च बलिदान को राष्ट्र कभी भुला नहीं पायेगा।

# खेलो भारत के तहत कबड्डी प्रतियोगिता

**युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल में भी रुचि बढ़ाने की जरूरतः शेखावत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के रांची महानगर की ओर से खेलो भारत के तहत श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के वॉलीबॉल ग्राउंड में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के उपलक्ष्य पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें मुख्य रूप से खेलो भारत गतिविधि के राष्ट्रीय प्रमुख प्रदीप शेखावत, खेलो भारत के राष्ट्रीय संयोजक पल्लवी गाड़ी, खेलो भारत झारखंड प्रांत के संयोजक गौरव राय, मंत्री ऋतुराज, महानगर खेलो भारत संयोजक मुकुल ने कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मौके पर खेलो भारत गतिविधि के राष्ट्रीय प्रमुख प्रदीप शेखावत ने कहा कि एबीवीपी विश्वविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलो भारत के तहत खेल से जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास करने का प्रयास करता है। छात्रों की मानसिक और शारीरिक फुर्ती बनाये रखने के लिए सभी को खेल से जुड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ज्यादातर युवा मोबाइल गेम खेलने में व्यस्त हैं। युवाओं को मैदान में जाकर खेलना चाहिए । पल्लवी गाड़ी ने कहा कि परिषद के खेलो भारत आयाम के माध्यम से विश्वविद्यालय और समाज में ऐसे छात्र-छात्राओं को आगे लाना है जो कला और खेल में निपुण हैं। कबड्डी प्रतियोगिता में रांची जिला ब्वायज और रांची जिला गर्ल टीम विजयी हुई। विद्यार्थी परिषद के प्रांत प्रमुख पंकज कुमार और श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने मेडल और मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया।

# युवा समाज के रीढ़ होते हैं: सुबोधकांत



**थड़पखना में उमेजा फातिमा फाउंडेशन का ईद मिलन समारोह आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** थड़पखना में शुक्रवार को देर शाम उमेजा फातिमा फाउंडेशन और आर्किड अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने इस अवसर पर महिलाओं को साड़ी और सुबोधकांत सहाय ने युवाओं को शाल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री सहाय ने कहा कि युवा वर्ग समाज के रीढ़ होते हैं। उनमें समाज में परिवर्तन लाने की क्षमता होती है। युवाओं को एकजुट होकर समाज को राह दिखाने की जरूरत है। अस्पताल के निदेशक राज कुमार अग्रवाल ने लोगो को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद का त्योहार भाईचारे और एकता और मिल जुल कर रहने का संदेश देता है। प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल, रांची महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार राजा, थड़पखना मसजिद, मदरसा और पंचायत समिति के महासचिव मुश्ताक अहमद टिंकू, सोहेल खान, सादाब खान, मो तबरेज शम्स अरसी, फाउंडशन के अध्यक्ष इमारान खान, मो शमीम विक्की, मो इमरान अहमद अरबी, आमिर सोहेल, आमिर हबीब, गोलू, मो. सगीर हवारी, राशिद मजीद, फैसल अहमद, असर वसी, मो बेलाल, अफरीदी जावेद, तौशी, एजाज अहमद, आसिफ, वसीम, ताबिश,सहान, सैफ, मैंविश,सर्वर, आरिफ,मुन्ना,आदि लोग इस अवसर पर मौजूद थे।

## आय से अधिक संपत्ति का मामला

# बंधु तिर्की की सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई अब 26 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की ओर से सीबीआइ कोर्ट द्वारा सुनायी गयी सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की आंशिक सुनवाई शनिवार को हाइकोर्ट में हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने कोर्ट को बताया कि बंधु तिर्की के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का कोई मामला नहीं बनता है। सीबीआइ ने भी अदालत में मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी थी। कोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है।

हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में रांची की सीबीआइ की विशेष अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड आ चुका है। दरअसल, सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनायी थी। साथ ही उन पर तीन लाख रुपये जुर्माना भी लगाया था। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था। सीबीआइ की विशेष अदालत ने 6 लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनायी थी।

सीबीआइ ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5-2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी 2019 को आरोप गठित किया गया था।

# जेपीएससी पीटी में 154 अभ्यर्थी सफल

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग ने बैकलॉग परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। जारी परिणाम के मुताबिक इस परीक्षा में 154 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। छात्र जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकते हैं। सफल सभी अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे। इसे लेकर आयोग की ओर से जल्द सूचित किया जायेगा। बता दें इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 7,341 अभ्यर्थियों ने आवेदन किये थे, जिसमें 3,080 अभ्यर्थियों के आवेदन स्वीकार किये गये। 21 जनवरी को बैकलॉग परीक्षा ली गयी थी इसी साल 21 जनवरी को जेपीएससी पीटी की संयुक्त सेवा बैकलॉग परीक्षा ली गयी थी। परीक्षा में 1,506 अभ्यर्थी भाग लिये थे। कुल 10 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जा रही है। राज्य पुलिस सेवा, राज्य कारा सेवा और नियोजन सेवा के 2 पद मुख्य रूप से शामिल हैं। परीक्षा में अनुसूचित जनजाति के 60, बीसी-1 के 17 और बीसी-2 के 77 अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

# नेशनल वर्ड पावर चैंपियनशिप में विजयी होकर लौटे चैंपियंस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुंबई में आयोजित नेशनल वर्ड पावर चैंपियनशिप में परचम लहराने के बाद शनिवार को नन्हे चैंपियंस रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार ने इन चैंपियन बच्चों और पूरी टीम का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। झारखंड की टीम ने मुंबई में आयोजित अंग्रेजी की कठिन राष्ट्रीय वर्ड पावर चैंपियनशिप में मेजबान महाराष्ट्र और तमिलनाडु समेत पांच अन्य राज्यों को पछाड़ते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड पहले, महाराष्ट्र दूसरे और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का आयोजन अमेरिका की स्पेलिंग बी प्रतियोगिता की तर्ज पर होता है। 11 और 12 अप्रैल को नेशनल वर्ड पावर चैंपियनशिप में आठ बच्चे झारखंड से शामिल हुए थे। कक्षा दो से पांच तक के बच्चों के लिए आयोजित मुख्य फाइनल प्रतियोगिता में चार बच्चों ने प्रत्येक कक्षा से राज्य का प्रतिनिधित्व किया और ओवरऑल जीत दर्ज की। जिन बच्चों ने मुंबई में आयोजित इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया, उनमें समरजीत महतो, आशा कुमारी, अनूप महतो, सुमित महतो, अंकित महतो, प्रभात रंजन, नीलम कुमारी, असद अख्तर अंसारी शामिल हैं।

## आर्म्स लाइसेंस धारकों ने दो सप्ताह में भी जमा नहीं किये हथियार

# अब जिला प्रशासन ने दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के आर्म्स लाइसेंस धारकों पर रांची जिला प्रशासन की नजर है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वच्छ, शांतिपूर्ण, भयमुक्त तरीके से चुनाव संपन्न कराने को 20 मार्च को लेकर आदेश जारी किया था। इसमें कहा था कि जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी 13 अप्रैल तक अपने हथियार संबंधित थाना, ओपी अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में जमा कर देंगे। इसके बावजूद अब तक कई लाइसेंस धारकों ने ऐसा नहीं किया है। उन्हें अब मात्र 24 घंटे का समय दिया गया है। कुछ ऐसे भी लाइसेंस धारक हैं, जिन्होंने हथियार जमा करने से छूट के लिए आवेदन किया था, पर इस पर विमुक्ति के संबंध में जिला प्रशासन के स्तर से कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। ऐसे भी लाइसेंस धारक अपने हथियार अब 24 घंटे के अंदर अपने हथियार जमा करेंगे। ऐसा नहीं करने वालों के हथियार का लाइसेंस कैंसिल या निलंबित करने की कार्रवाई की जायेगी।

### होमगार्ड से इलेक्शन ड्यूटी

गृह रक्षा वाहिनी के मुताबिक रांची अंतर्गत प्रभावित बल के सभी सभी शहरी, ग्रामीण महिला-पुरुष गृहरक्षकों से भी इलेक्शन ड्यूटी ली जानी है। सभी गृहरक्षकों को कहा गया है कि 6 मई से 4 जून तक दो सेट वर्दी, बेडिंग और अन्य आवश्यक सामग्री के साथ तैयारी हालत में रहेंगे। रांची जिला के प्रभावित बल के गृह रक्षक जो विभिन्न संस्थानों, निदेशालय- सचिवालय में प्रतिनियुक्त हैं, अपने मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति 15 अप्रैल तक कार्यालय में जमा करेंगे। निर्धारित तिथि तक ऐसा नहीं करने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# अफसर अली की जमानत याचिका पर सुनवाई 19 को

**बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद-बिक्री का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर शनिवार को झारखंड हाइकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने इडी द्वारा समय दिये जाने के आग्रह को देखते हुए मामले की अगली सुनवाई 19 अप्रैल निर्धारित की है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अफसर अली की गिरफ्तारी में अपनायी गयी प्रक्रिया के संबंध में इडी से जानकारी मांगी थी। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गयी है। वह 14 अप्रैल 2023 से न्यायिक हिरासत में जेल में है, इसे देखते हुए उन्हें जमानत प्रदान की जाये। इडी कोर्ट ने अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की गयी है।

# दिल और बीपी के नाजुक रिश्ते

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की एक रिपोर्ट कहती है कि 18 से 54 वर्ष के 30% भारतीयों ने कभी अपना ब्लड प्रेशर चेक नहीं कराया। दिल और बीपी के नाजुक रिश्ते को देखते हुए यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। इससे जाहिर होता है कि देश में ब्लड प्रेशर से जुड़ी बीमारियां बढ़ने के बावजूद इसे लेकर जागरूकता नहीं बढ़ रही। अपने स्वास्थ्य को लेकर लोगों में आम भावना यही होती है कि बाहर से फिट दिख रहे हैं, तो भीतर से भी फिट ही होंगे। हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं हुईं, जहां एकदम चुस्त-तंदरुस्त दिख रहे युवा सिलेब्रिटी का दिल दगा दे गया। दरअसल, जब तक बीमारी आती नहीं, तब तक लोग उसके बारे में नहीं सोचते। दुर्भाग्य से ब्लड प्रेशर को लेकर तो गंभीरता और भी कम है। बीपी चेक नहीं कराने की एक बड़ी वजह है कि आमतौर पर लोग इसे बहुत हल्के में लेते हैं। उन्हें लगता है कि ब्लड प्रेशर का सामान्य से ऊपर-नीचे होते रहना आम बात है। वे इसे भविष्य में हो सकने वाले गंभीर बीमारियों के हमले के रूप में नहीं देखते। यही नादानी कई बार आगे चल कर भारी पड़ जाती है। ब्लड प्रेशर चेक न कराने की दूसरी वजह है संसाधन और वक्त की कमी। चूंकि आम नजर में यह कोई गंभीर मसला नहीं, इसलिए पहले तो बीपी चेक करने के लिए समय नहीं निकल पाता। फिर दिक्कत यह भी आती है कि बीपी चेक कहां कराया जाये। जरूरी नहीं है कि सभी के घर के पास कोई क्लिनिक या हॉस्पिटल हो। वहां मानसिकता यह हो जाती है कि जब कोई दिक्कत ही नहीं, तो बस बीपी चेक करवाने के लिए डॉक्टर के पास क्या जाना! बीपी चेक करना कोई बहुत बड़ा टास्क नहीं है। इसके लिए कोई बहुत ज्यादा खर्च करने की जरूरत भी नहीं पड़ती। ऐसे में क्यों नहीं सामुदायिक केंद्रों, क्लब, होटल, ऑफिस वगैरह में भी बीपी चेक की सुविधा उपलब्ध करा दी जाये। यह काम इतना सरल होना चाहिए, जिसके लिए अलग से सोचना न पड़े। साथ ही, इस सेवा को निःशुल्क और सभी की पहुंच में रखा जाये। इससे गरीब और वंचित तबके के लोग भी लाभ उठा सकेंगे। बीमारी पर खर्च करने से बेहतर है, उसकी रोकथाम पर पैसा लगाना। ब्लड प्रेशर के साथ मामला यही है। सरकार और सामाजिक संस्थाएं इस बारे में जागरूकता अभियान चलायें, जैसे कि पोलियो और टीबी वगैरह के लिए चला। ब्लड प्रेशर की वजह से दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा सबसे ज्यादा होता है। इसके अलावा भी कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। चिंताजनक रूप से भारत में हार्ट के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में बीपी चेक को एक हेल्पिंग टूल के रूप में देखा जाना चाहिए, जिसके जरिये दिल पर आने वाले खतरे को टाला जा सकता है।

**बीपी चेक करना कोई बहुत बड़ा टास्क नहीं है। इसके लिए कोई बहुत ज्यादा खर्च करने की जरूरत भी नहीं पड़ती। ऐसे में क्यों नहीं सामुदायिक केंद्रों, क्लब, होटल, ऑफिस वगैरह में भी बीपी चेक की सुविधा उपलब्ध करा दी जाये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी हिंदुओं से कहा कि औरंगजेब से कहो अगर गुरु तेग बहादुर मुसलमान बन जायेंगे, तो हम भी बन जायेंगे। इस घोषणा के बाद गुरु तेग बहादुर भ्रमण करते हुए दिल्ली पहुंचे, जहां उन्हें औरंगजेब द्वारा मुसलमान बनने के लिए कहा गया और न मानने पर शिष्यों सहित कैद कर लिया गया। उनके शिष्य भाई मति दास को आरे से चीरे जाने, भाई दयाल दास को खौलते हुए पानी में उबाले जाने जैसी कई सप्ताह तक भयानक यातना देने के बाद गुरु तेग बहादुर का 11 नवंबर 1675 को इस्लामी मुफ़्ती के आदेश पर सर काट दिया गया।**

# सकल जगत में खालसा पंथ गाजे, जगे धर्म हिंदू तुरक धुंध भाजे



सुखदेव वशिष्ठ

**विश्व** में देश व धर्म की रक्षार्थ अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुष तो अनेक मिलेंगे, परंतु अपनी तीन पीढ़ियों को इस पुनीत कार्य हेतु बलिदान करने वाले विश्व में एकमेव महा-पुरुष गुरु गोविंद सिंह महाराज ही होंगे। दिल्ली के चांदनी चौक के प्रसिद्ध गुरुद्वारे का तो नाम ही शीशगंज गुरुद्वारा इसीलिए पड़ा, क्योंकि वहां मुगलों ने गुरु तेग बहादुर के शीश को धड़ से अलग कर दिया था। गुरु तेग बहादुर किसी भी कीमत पर धर्मांतरण को तैयार नहीं थे। घटना यह थी कि उनके पिता गुरु तेग बहादुर के पास कश्मीरी हिंदुओं का एक समूह आया और उनसे औरंगजेब के आदेश पर कश्मीर के मुगल सूबेदार इफ़्तिखार खान के हिंदुओं को यातना देकर मुसलमान बनाने के लिए बाध्य करने की शिकायत की। गुरु तेग बहादुर के मुंह से निकला धर्म किसी महापुरुष का बलिदान मांग रहा है। बालक गोविंद राय तुरंत बोले आपसे बड़ा महापुरुष कौन है? गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी हिंदुओं से कहा कि औरंगजेब से कहो अगर गुरु तेग बहादुर मुसलमान बन जायेंगे, तो हम भी बन जायेंगे। इस घोषणा के बाद गुरु तेग बहादुर भ्रमण करते हुए दिल्ली पहुंचे, जहां उन्हें औरंगजेब द्वारा मुसलमान बनने के लिए कहा गया और न मानने पर शिष्यों सहित कैद कर लिया गया। उनके शिष्य भाई मति दास को आरे से चीरे जाने, भाई दयाल दास को खौलते हुए पानी में उबाले जाने जैसी कई सप्ताह तक भयानक यातना देने के बाद गुरु तेग बहादुर का 11 नवंबर 1675 को इस्लामी मुफ़्ती के आदेश पर सर काट दिया गया।

**खालसा को चरित्रवान व पराक्रमी बनाये रखने के लिए उन्होंने पांच ककार धारण करने के लिए कहा।**

धर्म के लिए अपने पिता के बलिदान होने के बाद 10 वर्ष की अवस्था में गुरु पद पर विराजे पूज्य गुरु गोविंद सिंह आध्यात्मिक नेता, दूरदर्शी चिंतक, बृजभाषा के अद्भुत कवि, उद्भट योद्धा थे। 1699 ईसवीं में 33 वर्ष की आयु में बैसाखी के अवसर पर आनंदपुर साहब में आपने खालसा पंथ की स्थापना की। धर्मरक्षा को ही जीवन मानने वाले पूज्य गुरु गोविंद सिंह की रचना उग्रदंती में लिखित यह पंक्तियां खालसा पंथ की स्थापना का उद्देश्य स्पष्ट करती हैं।

**सकल जगत में खालसा पंथ गाजे**
**जगे धर्म हिंदू तुरक धुंध भाजे**

भारत में मुगल शासकों के निरंतर बढ़ते आक्रमणों से देश और धर्म को बचाने के लिए सन 1699 में बैसाखी के दिन गुरु गोविंद सिंह ने अपने अनुयाइयों की एक विशाल सभा बुलाई, जिसे संबोंधित करते हुए उन्होंने हाथ में नंगी तलवार लेकर प्रश्न किया कि है कोई, जो धर्म के लिए अपने प्राण दे सके? उनकी इस प्रेरणादायक ललकार को सुनकर बारी-बारी से दयाराम खत्री (लाहौर), धर्मदास जाट (दिल्ली), मोहकत चंद धोबी (द्वारिका), हिम्मत सिंह रसोइया (जगन्नाथ पुरी) तथा साहब चंद नाई (बिहार) से अग्रसर हुए। फिर क्या था, सारा निश्तेज समाज ऊर्जावान होकर उठ खड़ा हुआ। उन्होंने यहीं पर जात-पात के भेदभाव में बिखरे हिंदू समाज को संगठित कर खालसा के रूप में खड़ा किया और इस प्रकार 13 अप्रैल 1699 ई को पंजाब के आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना हुई।

खालसा के लक्षण पूछने पर दशमेश गुरु ने कहा कि खालसा वह है, जिसने काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार पर काबू पा लिया हो तथा अभिमान, पर-स्त्री गमन, पर-निंदा तथा मिथ्या विश्वासों के भ्रमजाल से सदा दूर रहता हो। जो दीन दुःखियों की सेवा व दुर्जन-दुष्टों का विनाश कर निरंतर श्रद्धापूर्वक प्रभु नाम के जप में लीन रहता हो। खालसा को चरित्रवान व पराक्रमी बनाये रखने के लिए उन्होंने पांच ककार धारण करने के लिए कहा। ये हैंः 1. कृपाण 2. केश 3. कंघा, 4. कच्छा व 5. कड़ा। पौष शुक्ल सप्तमी को पटना साहिब में प्रकट हुए गुरु गोविंद सिंह एक बड़े समाज सुधारक थे। सती प्रथा, कन्या वध, अस्पृश्यता (छूआ-छूत) इत्यादि सामाजिक बुराइयों से दूर समानता पर आधारित सामाजिक संरचना के वे पक्षधर थे। वीरता व पराक्रम में उनका मुकाबला नहीं था।

औरंगजेब समर्थक, पंजाब के पर्वतीय नरेशों को, भंगाणी के युद्ध में पराजित किया और 1703 में उन्होंने चमकौर के युद्ध में केवल 40 सिखों की सहायता से मुगलों की विशाल सेना के छक्के छुड़ा दिये थे। इसमें गुरु गोविंद सिंह के दो बड़े पुत्रों अजीत सिंह एवं जुझार सिंह के साथ पांच प्यारों में से तीन प्यारे शहीद हो गये।

सन 1703 में सरहिंद के नवाब वजीर खां ने उनके दो छोटे पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को, इस्लाम स्वीकार न करने के कारण दीवार में जीवित चिनवा दिया। चारों पुत्रों और पत्नी की क्रूर हत्या होने के बावजूद भी गुरु एक महान योगी की तरह बिल्कुल भी विचलित नहीं हुए, 1706 में उन्होंने खिदराना का युद्ध लड़ा।

वे महान योद्धा तो थे ही, संगीत, साहित्य व कला के क्षेत्र में भी उनकी गहरी रुचि थी। वे रचनाकार कवि भी थे। उनके द्वारा रचित दशम ग्रंथ हैं जिसमें - जापुजी साहब, अकाल स्तुति, विचित्र नाटक, चंडी चरित्र, चंडी दीवार, जफरनामा, चौबीस अवतार, ज्ञान प्रबोध आदि प्रमुख हैं। उनके दरबार में 52 कवि थे। उन्होंने अपने बाद श्री गुरु ग्रंथ साहेब को गुरु मानने का आदेश देकर गुरुता गद्दी पर आसीन किया। सन 1666 में पटना में जन्मे प्रकाश पुंज (गुरुजी) ने सन 1708 में नांदेड़ में गोदावरी के तट पर देह त्याग कर स्वर्ग की ओर प्रस्थान किया। उनके द्वारा जलायी गयी स्वतंत्रता की ज्योति तथा अन्याय के विरुद्ध लड़ने की भावना आज भी विश्व के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। गऊ रक्षा के लिए उनका मत था, यही दे हु आज्ञा तुरकन गहि खपाऊं, गऊ घात का दोख जगसों मिटाऊं। उग्रदंती अर्थात, हे मां भवानी, मुझे आशीर्वाद और आदेश दे कि धर्म विरोधी अत्याचारी तुर्कों को चुन-चुनकर समाप्त कर दूं और इस जगत से गौ हत्या का कलंक मिटा दूं। वे देवी दुर्गा भवानी के अनन्य उपासक थे।

'खालसा' सृजन से पहले उन्होंने शक्ति यज्ञ का अनुष्ठान किया था। उनकी इच्छा थी कि अर्थात, सारे जगत में खालसा पंथ की गूंज हो, हिंदू धर्म का उत्थान हो तथा तुर्कों द्वारा पैदा की गयी विपत्तियां समाप्त हों। अपने नाम के तीनों शब्द गुरु, गोविंद व सिंह को शब्दशः चरितार्थ कर देश, धर्म, इतिहास, संस्कृति व स्वाभिमान की रक्षार्थ ज्ञान के भंडार एक श्रेष्ठ गुरु, गोविंद की राह के पथ प्रदर्शक तथा सिंह गर्जना के साथ शत्रुओं के छक्के छुड़ा देने वाले गुरु गोविंद सिंह यदि नहीं होते तो मुगलों के अत्याचार के आगे विवश समस्त हिंदू समाज शायद स्वाभिमान से मुगलों का सामना न कर पाता।



**सन 1703 में सरहिंद के नवाब वजीर खां ने उनके दो छोटे पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को, इस्लाम स्वीकार न करने के कारण दीवार में जीवित चिनवा दिया। चारों पुत्रों और पत्नी की क्रूर हत्या होने के बावजूद भी गुरु एक महान योगी की तरह बिल्कुल भी विचलित नहीं हुए, 1706 में उन्होंने खिदराना का युद्ध लड़ा।**

## जमशेदपुर की खबरें

# व्यापारी और उद्यमियों की बैठक में दिखा जेएनएससी के खिलाफ भारी आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** बीते दिनों बिस्टुपुर डायगनल रोड में जेएनएससी की टीम द्वारा शहर के व्यापारियों की खुलेआम बर्बरतापूर्वक लाठी से पिटाई करने की मामले के बाद से ही व्यापारियों में आक्रोश ब्याप्त है। शनिवार को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वाधान मे व्यापारी और उद्यमियों ने बैठक कर जेएनएससी के खिलाफ विरोध जताया। चैंबर परिसर में स्थानीय व्यापारियों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज के कृत्य का पुरजोर विरोध देखा गया। चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा राज्य और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में व्यापारी और उधमी सहायक है, लेकिन इस तरह के बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज के कृत्य व्यापारी समाज बर्दाश्त नही करेगी। उन्होंने कहा सिंहभूम चैंबर व्यापारियों के मान, स्वाभिमान और रक्षा के लिए सदैव खड़ा था है और आगे भी रहेगी। मौके पर बैठक में शामिल पूर्व अध्यक्ष उमेश काउंटिया, अशोक भालोटिया,व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक भालोटिया, संदीप मुरारका, अशोक गोयल, चैम्बर के उपाध्यक्ष पुनीत काउंटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी,राजीव अग्रवाल, अनिल मोदी समेत कई व्यापारियों ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए घटना की कड़ी शब्दो मे निंदा की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यापारियों पर अपराधियों जैसा लाठीचार्ज करना न्याय व्यवस्था के विपरीत है। वही राज्य के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा वे सदैव व्यापारियों के साथ खड़े है। उन्होने बैठक के बीच डीसी से टेलीफोन पर वार्ता कर अविलंब जांच कमिटी बनाने और दोषियों पर अविलंब कार्यवाही करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा व्यापारियों की सम्मान से कभी भी वे समझौता नहीं करेंगे। मंत्री ने कृष्ण कुमार से कहा भविष्य में ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए। व्यापारी अपराधी नहीं हैं। अगर अतिक्रमण था तो पहले नोटिस देकर उन्हें समय देना चाहिए था। इस अवसर पर विजय आनंद मूनका, मानव केडिया,पुनीत काउंटिया, अनिल मोदी, अभिषेक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अंशुल रिंगसिया, भरत मखानी, सुरेश शर्मा लिप्पू, अनिल रिंगसिया, संतोष खेतान,जगदीश खंडेलवाल, पवन नरेडी, बिपिन अडेसरा, बी एन शर्मा, सुशील अग्रवाल, दीपक पारीक, शिवप्रकाश शर्मा, अरुण गुप्ता, मोहित मूनका, सन्नी संघी, शुभम सेन, पीयूष गोयल, सोनू बिंद्रा, दिलीप अग्रवाल, ओमप्रकाश मूनका, उमेश खिरवाल, आनंद चौधरी, मोहित मूनका,आकाश मोदी, विनीत अग्रवाल, अनीष खिरवाल, मंटू अग्रवाल समेत कई व्यपारिक संगठनों के प्रतिनिधि और व्यापारी उधमी उपस्थित रहे।

# ठगी के शिकार हुए लोगों ने आदित्यपुर थाने में सौंपा आवेदन, गिरफ्तारी की मांग

आदित्यपुर(आजाद सिपाही )। सरायकेला खरसावां जिले में बिल्डर के द्वारा फर्जी जमीन दिखाकर 13 लोगों को चूना लगाने का मामला न्यायालय में लंबित है।बीते दिनों ठगी के शिकार हुए लोगों ने आदित्यपुर थाने में आवेदन सौंप कर दोनों जालसाज बिल्डर संतोष राय और रंजीत झा को गिरफ्तार करने की मांग की। वही संतोष राय के पिता युगल किशोर राय का भी नाम शामिल है। पीड़ित परिवार के अनुसार उनके द्वारा 7 साल पूर्व संतोष राय पिता युगल किशोर राय और रंजीत झा से गम्हरिया रेलवे स्टेशन के समीप जमीन का सौदा किया था। जमीन के बदले में 45. 48 लाख रुपये जमा कराए गए थे। लेकिन उन्हें आज तक जमीन का पोजिशन नहीं मिला। बताया जारहा है इससे पूर्व 13 लोगों ने 2021 में मामला दर्ज कराया है। शिकायत करने वालों में ललित कुमार पंडित, राजेश लाल, गजेंद्र मिश्रा, संजीत कुमार, रंजीत कुमार, अजीत कुमार, रंजीत सिंह, गणेश प्रसाद, शोभा देवी, जगदीश चौधरी, मनोज कुमार राय, शुभेंदु सेन और रंजीत लाल गुप्ता शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं ने बताया आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर उन्होंने एसडीपीओ से मुलाकात की। एसडीपीओ ने जांच अधिकारी को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई।

## बाबा साहेब की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाने का लिया निर्णय

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। लॉयर्स डिफेंस के द्वारा शनिवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। गोष्ठी का विषय भारतीय संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य पर चर्चा रखा गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता अधिवक्ता नीरज कुमार व संचालन अधिवक्ता परमजीत कुमार श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने बताया कार्यक्रम में उपस्थित रहने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश व रजिस्ट्रार महोदय को आमंत्रण भेजा गया।कार्यक्रम को सुशोभित करने हेतु राज्य बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ला शामिल होंगे। साकची धालभूम क्लब में रविवार को सुबह 11:00 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। बैठक में अधिवक्ता नवीन प्रकाश, रमन ओझा, अक्षय कुमार झा,अमित कुमार, विनोद कुमार मिश्रा, वरीय अधिवक्ता कुमार राजेश रंजन, हरेंद्र सिंह चौहान,विनीता सिंह, विनीत मिश्रा, संजीव कुमार झा, विद्युत नंदी, आशीष दत्त, सुनील कुमार मोहंती, रणजीत राम,नवीन कुमार,आफताब आलम खान, बालेश्वर दास, संजय कुमार, रविंद्र कुमार सहित अन्य शामिल अधिवक्ता शामिल रहे।

## अमर बाउरी पहुंचे जमशेदपुर

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मंत्री सह चंदनकियारी के विधायक अमर बाउरी शनिवार शाम जमशेदपुर पहुंचे। अमर बाउरी के जमशेदपुर आगमन पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्षों और अन्य कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

# व्यापारियों पर लाठीचार्ज की भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने निंदा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर डायगनल रोड में जेएनएससी के द्वारा स्थानीय व्यापारियों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज की मामले में भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने विरोध जताया। शनिवार को महानगर अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल डीसी को ज्ञापन सौंपकर दोषी अधिकारियों पर कारवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि, जिस तरह निर्दोष व्यापारियों पर लाठीयां बरसाई गयी वह न्याय व्यवस्था के बिल्कुल विपरीत है। भाजमो नेताओ ने कहा शहर में जेएनएससी अतिक्रमण के नाम पर दोतरफा कारवाई कर रही है। इस घटना से शहर के प्रशासन की प्रतिष्ठा पर दाग लगा है। उन्होंने कहा राज्य और देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यापारियों पर अपराधियों जैसा पिटाई करना बिल्कुल अन्याय है। उन्होंने डीसी से जेएनएसी के दोषी अधिकारियों पर अविलम्ब विधिसम्मत कारवाई करने की मांग की। मौके पर जिला महामंत्री मनोज सिंह उज्जैन, कुलविंदर सिंह पन्नु,विकास गुप्ता, शेषनाथ पाठक, व्यवसायिक प्रतिनिधी और महानगर प्रवक्ता आकाश शाह, महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजु सिंह, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश कोया, शंकर कर्मकार, बिनोद यादव, कैलाश झा, बिनोद राय, राघवेंद्र प्रताप सिंह, विजय नारायण सिंह, कन्हैया ओझा, महेश तिवारी, मनोरंजन सिन्हा, सत्येंद्र सिंह, विकास रजक, समशाद खान, अशोक सिंह, धोनी गणेश चंद्र, नीरज साहु, शिवजी यादव, हरभजन सिंह,आशा शर्मा, के के सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

# खालसा पंथ की स्थापना हमें अपने फर्ज, उद्देश्यों और कर्तव्य का कराता है स्मरण : काले



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बैसाखी के पावन अवसर पर भापजा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सह प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले ने साकची गुरुद्वारा में माथा टेका। शनिवार को उन्होंने गुरु महाराज जी के चरणों में समस्त विश्व के सुख शांति और आपसी भाईचारे के लिये अरदास की। मौके पर काले ने कहा बैसाखी में सभी खुशियाँ मनाते हैं। बैसाखी के पावन अवसर पर हमें खालसा पंथ की स्थापना, उसके फर्ज, उद्देश्यों व कर्तव्य के बारे भी स्मरण कराती है। काले ने कहा अपने से ज्यादा जरूरतमंदों की फि क्र अवश्य करें। यथा संभव सहयोग करे और समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका अवश्य सुनिश्चित करें। ताकि लोगों में खूब प्यार और स्नेह बांटने का मौका मिल सके। काले ने बैसाखी के पावन अवसर पर सभी को बधाई और ढेर सारी मंगलकामनायें दी।

## विषय प्रमुख योजना के सूत्रधार : ब्रह्मा जी राव

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती की एकदिवसीय विषय प्रमुख की बैठक आयोजित की गयी। जिसका शुभारंभ भारत माता ओम और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, विद्या विकास समिति के उपाध्यक्ष सतीश्वर प्रसाद सिन्हा, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी और विद्यालय के अध्यक्ष जोखु प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। विद्या भारती भारतीय शिक्षण संस्थान के पांच केंद्रीय विषयों चार आयाम सहित कुल 30 विषयों के क्रियान्वयन के सूत्रधार विषय प्रमुख और सह प्रमुख हैं, उक्त बातें विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव ने कहीं। हमारे युवा पीढ़ी अपने संस्कृति को ध्यान में रखकर उच्च शिक्षा ग्रहण करें, जिससे वह समाज और राष्ट्र के लिए हितकारी हो।

# बाबा साहेब की सोच के कारण ही मुख्य धारा से जुड़ा है समाज का अंतिम व्यक्ति: सांसद

### भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सामाजिक संगठन जन चेतना मंच के तत्वाधान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व संध्या पर नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में विकसित भारत के निर्माण में बाबा साहब के विचार पर एक दिवसीय सम्मेलन पवन केसरी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. आंबेडकर जी के तस्वीर पर फुलमाला चढ़ाकर और दीप प्रज्वलित कर पलामू सांसद वी डी राम, वरिष्ठ पत्रकार विनोद पाठक,डॉ अनिल वर्मा, प्रो अर्जुन मेहता, भाजपा नेता सूरज गुप्ता और अन्य समाजसेवियों ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पलामू सांसद वीडी राम ने कहा कि बाबा साहब के जयंती के पूर्व संध्या पर चेतना मंच द्वारा किये गये कार्यक्रम काफी प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार और सोच का देन है कि आज समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोग विकास के मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का विकसित भारत का निर्माण की सोच अंबेडकर जी के विचारों को मिश्रण करके 2047 तक लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब का दिया हुआ संवैधानिक हथियार गरीब के लिए वरदान है। पत्रकार विनोद पाठक ने कहा कि समता मूलक समाज का निर्माण बाबा साहब का सपना था और इस सपने को उपस्थित आप सभी लोग अनुकरण करके जरूर पुरा कर सकते हैं। डॉ अनिल वर्मा ने कहा कि विकसित भारत में बाबा साहब के विचार हर हाल में आवश्यक है क्योंकि उनके सपनों का भारत आज भी अधूरा है। प्रो अर्जुन मेहता ने डॉ अंबेडकर जी के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने कहा की जन चेतना मंच समाज के बुनियादी लोगों तक पहुंचने का माध्यम बने ऐसी काम होनी चाहिए, ताकि बाबा साहब के सपनों का हिंदुस्तान बन सके। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित, आदिवासी और वंचित समाज के लोग आज भी विकास की रोशनी से कोसों दूर है इसका मुख्य वजह अशिक्षा और असंगठित रहना है।

# विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी को फिर से पीएम बनायें: वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** भाजपा के पूर्व सांसद सह सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर उपस्थित लोगों से नामांकन में शामिल होने का आग्रह किया है। इस दौरान प्रखंड के जतपुरा, अमहर, विशुनपुरा, पिपरी, चितरी गांव का भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर 24 अप्रैल को नामांकन में शामिल हो कर अशीर्वाद देने की अपिल किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा दिये गये संदेशों के बारे में ग्रामीणों बताया। उन्होंने कहा कि इस बार प्रखंड के सभी बूथों पर 10 प्रतिशत मतदान में बृद्धि कर मोदी जी के चार सौ पार का दिये गये नारा को पूरा करना है। वहीं 13 मई को सुबह स्नान कर पहले मतदान करे उसके बाद जलपान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व मे मोदी जी का गुणगान हो रहा है। उन्होंने विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी जी को फिर से आपार बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के 10 वर्षो की कार्यकाल में गरीबो के लिए पक्का आवास, उज्वला योजना, हर घर शौचालय, पेंशन, राशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधी योजना सहित अन्य लाभ दिया गया है। तथा विशुनपुरा प्रखंड के बायीं बाकी योजना के तहत नहर पक्कीकरण कार्य करा कर किसानों के लिये सिंचाई की व्यवस्था की गयी है। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सहकारिता प्रकोष्ठ के चेयरमैन प्रफुल सिंह, उमेंद्र यादव, अलख दुबे, इंद्रमनी जायसवाल, मथुरा पासवान, उपेंद्र चौबे, प्रभात कुमार, ईश्वरी पांडे, सांसद प्रतिनिधी पुलस्त्य शुक्ल, मंडल अध्यक्ष अवधविहारी गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, अशोक, जिला मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, सहित बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्त्ता सहित कयी लोग उपस्थित थे।

## भाजपा ने नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थल पर साफ-सफाई की



भंडारिया (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत महापुरुषों के प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान, बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर जी के जयंती के एक दिन पूर्व भाजपा के द्वारा चलाई जा रही अंडा महुआ स्थित वीर शहीद महापुरुष नीलांबर, पीतांबर के प्रतिमा स्थल पर जाकर साफ सफाई किया गया। इस अभियान के तहत भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी हमारे देश के आजाद कराने में उनका बहुत ही अहम योगदान रहा है। और 14 अप्रैल को बाबा भीमराव अंबेडकर जी का जयंति है। भाजपा निवर्तमान जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश केशरी ने कहा कि यह कार्यक्रम अंडा महुआ भंडरिया निलांबर, पीतांबर महापुरुषों के साथ-साथ गढ़वा और प्रदेश देश स्तर पर आज हम सभी भाजपा नेता कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के प्रतिमा स्थल पर जाकर साफ सफाई किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष भूषण सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक गुप्ता, विधान सभा आईटी सेल रूपेश कुमार बैठा तथा अन्य मुख्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्चों की प्रतिभा और ज्ञान को तराशने की है जरूरत: अलखनाथ

### आंबेडकर जयंती के पर आरकेपब्लिक स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में पेंटिंग व चारों हाउस के प्रतिभागियों के बीच क्विज कंपीटिशन कराया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने संविधान के जनक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने बाबासाहेब के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी बाबा साहेब अंबेडकर संविधान सभा के प्रारुप समिति के अध्यक्ष थे।वे सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत व समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता थे। शिक्षा के द्वारा पिछड़ा, दलित, कमजोर, मजदूर वर्ग और महिलाओं को सशक्त बनाने के पक्षधर थे।आगे उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हमारे देश का गौरव है। विश्व का सबसे बड़ा हस्तलिखित संविधान के निर्माण में बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। स्कूल असेंबली में अनुप कुमार पांडेय के नेतृत्व में अंबेडकर जयंती, चैती छठ पूजा और रामनवमी के अवसर पर बच्चों के द्वारा बनाये गये पोस्टर को प्रर्दशित किया गया और सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात सीसीए पीरियड में चारों हाउस क्रमशः कलाम हाउस, टैगोर हाउस, टरेसा हाउस व खुराना हाउस के प्रतिभागियों के बीच दस राउंड क्विज कंपीटिशन कराया गया। इस क्विज कंपीटिशन में खुराना हाउस सौ में अस्सी अंक प्राप्त कर प्रथम और सत्तर अंक प्राप्त कर कलाम और टैगोर हाउस संयुक्त रूप में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं पचास अंक प्राप्त कर टेरेसा हाउस तीसरे स्थान पर रहा। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य संतोष पांडेय, दिलीप सिंह, विकास तिवारी, नंदलाल गुप्ता, गीता पांडेय, संजय कुमार, राजकुमार और अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

## प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



डंडई (आजाद सिपाही)। कौशल विकास विभाग के निर्देश पर बिरसा ट्रेनिंग सेंटर डंडई में शनिवार को प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक विकास सिंह ने बताया कि आज प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम में ट्रेनिग सेंटर के प्रथम डीडीइओ बैच 120 और सिलाई बैच के 120 सहित 240 प्रशिक्षु ट्रेनिंग पूर्ण होने के बाद विभाग के निर्देश पर एकत्र हुए हैं। ट्रेनिंग पूर्ण होने के बाद उक्त सभी विद्यार्थियों को नौकरी व स्वरोजगार से जोड़ना ही हम सभी का मुख्य लक्ष्य है। इसी को पूर्ति करते हुए आज प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम में कुल पांच कंपनियों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें केपीआर मिल्स त्रिपुर, अर्बन डिजाइन रेट लिमिटेड रांची झारखंड, माइक्रोन लोगी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड मुंबई गुजरात, स्ट्रीम डिजिटल सर्विसेज जमशेदपुर झारखंड और एसपी अपैरल्स तामिलनाड कंपनी के प्रतिनिधि आज ट्रेनिंग सेंटर पर आये हुए हैं। बुक सभी प्रतिनिधियों के द्वारा अपने कंपनी के बारे में सैलरी सहित विभिन्न प्रकार की जानकारी देंगे। इस मौके पर सेंटर मैनेजर विनय पाल, डीडीईओ ट्रेनर शशिभूषण मेहता, सुनील कुमार, पंकज ठाकुर, काउंसलर पूजा कुमारी, सेट ट्रेनर शबीला बानो, प्रशिक्षु ऋषि ठाकुर सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## छठ महापर्व के लिए मंदिर परिसर की सफाई



केतार (आजाद सिपाही)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के लिए पहाड़ी वादी में तीन ओर से घिरा जिला के केतार प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर स्थित सुप्रसिद्ध श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर की साफ-सफाई व पूरी तैयारी कर ली गयी है। मंदिर परिसर में छठ व्रतधारी को स्नान के लिए झरने की व्यवस्था, पेयजल, लाइटिंग स्वास्थ्य टीम, सुरक्षा व्यवस्था, सीसी टीवी आदि की समुचित व्यवस्था कर ली गयी है। श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर में झारखंड समेत सीमावर्ती राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो से लोग आते है। बताते चलें कि लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व चैत्र शुक्ल चतुर्थी तिथि शुक्रवार नहाय- खाय के साथ आरंभ हो गया। 14 अप्रैल रविवार को आर्द्रा नक्षत्र में छठ व्रतधारी डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। वहीं15 अप्रैल को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पारण कर चार दिवसीय महापर्व पूर्ण होगा। शनिवार की शाम श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी, इंस्पेक्टर राजीव कुमार, थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णमाल निरीक्षण किया। इस मौके पर मंदिर विकास समिति सदस्य ब्रजेंद्र कुमार सिंह, अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, रिशु कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, महेशी वियार, उमेश गुप्ता सहित दर्जनों मंदिर विकास समिति के लोग उपस्थित थे।

## मझिआंव में बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार



मझिआंव (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। मझिआंव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अंचल पदाधिकारी शंभू राम और थाना प्रभारी आकाश कुमार द्वारा शनिवार की सुबह में संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाकर कर मझिआंव गढ़वा मुख्य पथ पर खजूरी गांव में बस स्टैंड के समीप अवैध रूप से बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त कर थाना लाया गया। और ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं इस संबंध में सीओ संभू राम ने बताया कि अवैध बालू लदा ट्रैक्टर मेराल थाना क्षेत्र के औरैया गांव का है। इसमें ट्रैक्टर चालक अनूप चौधरी और मालिक लालमुनि चौधरी पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं इस संबंध में सीओ ने कहा कि किसी भी कीमत पर अवैध खनन करने वाले लोगों को किसी भी कीमत पे नही बख्सा जायेगा।

# मनरेगा मजदूरों का नियमित भुगतान नहीं होने से हो रहा है पलायन

आजाद सिपाही संवाददाता




**डंडई।** प्रखंड के सोनेहरा पंचायत के मनरेगा योजना में जेसीबी से कार्य करने की खबर प्रकाशित होने के बाद शनिवार को कई मनरेगा योजना के बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप निर्माण के लाभुक के द्वारा मजदूरों से कार्य करते देखा गया। इस दौरान पंचायत के बौलिया गांव के रामवृक्ष पासवान के खेत में बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप निर्माण में कार्य कर रहे मजदूर माधवी देवी, सविता कुंवर, सुदर्शन पासवान, वीरेंद्र पासवान, चंदन पासवान, अनिल यादव, सागर पासवान, रंजीत पासवान, रामवृक्ष पासवान सोमनाथ पासवान व सोनेहरा गांव के धीरज सिंह के खेत में बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप में लगे मजदूर सीमा देवी, सुदामा सिंह, मुखलाल प्रजापति, माया देवी, लक्ष्मी सिंह, नंदलाल, नीरज, मुखलाल सिंह सहित अन्य मजदूरों ने बताया कि बिरसा संवर्धन कूप निर्माण के लाभुक रामवृक्ष पासवान व धीरज सिंह के खेत में पिछले एक सप्ताह से कूप निर्माण का कार्य कर रहे हैं। इसके एवज में हम लोगों को मनरेगा से मजदूरी के रूप में प्रतिदिन 272 के हिसाब से खाते में मजदूरी का भुगतान किया जाता है। इस मजदूरी की राशि से घर परिवार चलना मुश्किल होता है। लेकिन गांव व घर में मनरेगा के अलावा कोई और काम नहीं मिलने से परिवार का गुजारा के लिए काम करना पड़ता है।वही बताया कि मनरेगा योजना में काम करने के बाद मजदूरी के इंतजार में कई महीना बीत जाता है। इसके बाद हम लोगों को मजदूरी की राशि खाते में भुगतान होता है। इस बीच हम लोगों को घर व परिवार चलाने के लिए दुकान से उधार लेना पड़ता है। कभी-कभी ज्यादा दिन हो जाने पर दुकानदार भी उधार देने से मना कर देता है।अगर मनरेगा योजना में समय पर मजदूरी का भुगतान होता तो हम लोगों को काफी सहूलियत मिलता और दूसरे कार्य के लिए भटकना नहीं पड़ता। गांव घर में दूसरा काम करने पर अधिक मजदूरी के साथ नगद पैसा भी मिल जाता है। लेकिन ऐसे काम कभी-कभी मिलता है। मनरेगा योजना में समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं होने से हमलोग को परिवार का भरण पोषण के लिए दूसरे काम की तलाश करना पड़ता है।

## कम से कम 12 घंटे बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था बहाल करे बिजली विभाग: मारुतिनंद सोनी



मझिआंव (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। युवा समाज सेवी मारूत नंदन सोनी ने मूलभूत बिजली की समस्या को लेकर उपायुक्त सहित अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता और सहायक अभियंता को आवेदन देकर नगर पंचायत मझिआंव क्षेत्र में कम से कम 12 घंटे बिजली की व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने अपने आवेदन के माध्यम से कहा कि ह्यनगर पंचायत मझिआंव, साथ ही बरडीहा, कांडी में बिजली की आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित है, इस अत्यंत गर्मी में बिजली की समस्या से आम जनजीवन बेहाल है, इस लचर व्यवस्था से मोबाइल चार्ज करने से लेकर, मोटर चलाकर पानी टैंक में पानी भरने के लीए भी बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है। वहीं इस भीषण गर्मी में नगर पंचायत वासी नहाना तो दूर पिने के पानी को भी तरस जा रहे हैं। साथ ही युवा समाजसेवी मरूति नंदन सोनी ने कहा कि अगर बिजली विभाग सहित इससे संबंधित पदाधिकारी के द्वारा इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेकर 24 घंटे के अंदर निर्बाध रूप से कम से कम 12 घंटे नगर पंचायत क्षेत्र में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गयी, तो मैं जन आंदोलन करने हो जाऊंगा।

## 21 अप्रैल की उलगुलान महारैली को सफल बनाने के लिए पहुंचे रांची



केतार (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के आह्वान पर आगामी 21 अप्रैल को रांची में होने वाला प्रभात तारा मैदान में उलगुलान महारैली को सफल बनाने हेतु केतार प्रखंड के आरके सिंह पब्लिक स्कूल में प्रखंड स्तरीय बैठक किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और झामुमो के कद्दावर नेता ताहिर अंसारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रभारी कामता प्रसाद और संचालन प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने किया। ताहिर अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही रवैया के खिलाफ, जल जंगल जमीन लूटने के खिलाफ, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, ओबीसी के खिलाफ और इलेक्ट्रोल बांड, चंदा चोर महालूट के खिलाफ ऐतिहासिक उलगुलान महा रैली पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पत्नी कल्पना सुरेन के अगुवाई में किया जा रहा है। जिसे हम सभी कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है। वहीं अनंत प्रताप देव ने कहा कि झारखंड के लोकप्रिय हेमंत सरकार को केंद्र सरकार के इशारे पर सरकारी एजेंसियों को लगाकर बिना किसी दोष सिद्ध हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। इसी प्रकार दिल्ली में रहे तीन बार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक मामूली मामले में जेल के सलाखों में रखा गया है। परंतु महारैली के जरिये हम लोग बता देंगे कि संसार में जब-जब अत्याचार हुए हैं तो आंदोलन हुआ है। और मेरा झारखंड आंदोलन के दम पर बना है। केंद्र सरकार पावर का दुरुपयोग चाहे जितना कर ले लेकिन झारखंड झुकेगा नहीं। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, बीडीसी प्रतिनिधि इंतियाज आलम, रामविचार साहू, सुरेश प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल थे।

# पुरुषार्थ के बल पर कोई भी काम सफलतापूर्वक किया जा सकता: प्रपन्नाचार्य जी

### नौ दिवसीय रामकथा ज्ञान महायज्ञ का चौथा दिन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय नरगिर आश्रम मे चल रहे नौ दिवसीय रामकथा ज्ञान महायज्ञ के चौंथे दिन कथा वाचक सन्त प्रपन्नाचार्य जी ने शिव पार्वती संवाद का वर्णन करते हुए निराकार ब्रह्म के साकार रुप मे अवतार लेने के कारणों पर सारगर्भित वर्णन प्रस्तुत किया। पार्वती जी भक्ति तो शिव विश्वास के प्रतीक हैं। जब भक्ति और विश्वास मिल जाते हैं तो पुरुषार्थ का निर्माण होता है। और पुरुषार्थ के बल पर संसार का कोई भी बड़ा काम सफलता पूर्वक किया जा सकता है। इसलिए लंका विजय के पूर्व भगवान श्रीराम ने स्वयं शिव पूजा की थी। भगवान राम और शिव दोनों एक दूसरे के भक्ति मे डूबे रहते हैं। रामभक्ति पाने के लिए भी शिव आराधना जरूरी है। बिना छल कपट के भोलेनाथ की आराधना से ही रामभक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

प्रपन्नाचार्य जी ने आगे बताया कि भगवान शिव का स्थायी निवास कैलाश पर्वत है और अस्थायी निवास सभी शिव मंदिरों मे। भगवत प्राप्ति के लिए भक्त को कैलाश पर्वत की तरह शीतल, धवल, दृढ़ और उच्च आदर्श युक्त होना चाहिए। पार्वती जी के कुल चौदह प्रश्नों मे से छह प्रश्नों के उतर ही वर्तमान रामायण का स्वरूप है। भक्तों के रक्षा एवम उनके इच्छा को पुरा करने के लिए उन्हे विविध स्वरूपों मे धरती पर आना पड़ा। जब जब धर्म की हानि होती है और असुरों एवम अधर्मियों की संख्या बढ़ जाती है तब धर्म की रक्षा के लिए प्रभु अवतरित होते हैं। ठीक उसी प्रकार जैसे जल निराकार रहते हुए भी विभिन्न पात्रों मे रखने पर अलग अलग रूप ग्रहण कर लेता है। भागीरथी गंगा सिर्फ उसमें स्नान करनेवालों को तारती है, लेकिन कथा रूपी गंगा से कहीं भी कभी भी कोई भी तर जाता है। जय और विजय भगवान विष्णु केद्वारपाल थे एक बार सनकादि मुनि भगवान विष्णु के दर्शन करने वैकुंठ आए। जब सनकादि मुनि द्वार से होकर जाने लगे तो जय-विजय ने हंसी उड़ाते हुए उन्हें बेंत अड़ाकर रोक लिया। क्रोधित होकर सनकादि मुनि ने उन्हें तीन जन्मों तक राक्षस योनी में जन्म लेने का श्राप दे दिया।

## रासलीला के माध्यम से लोगों के जीवन को आनंदमय तथा आत्म कल्याण के लिए प्रेरित करना है : स्वामी दाऊ

### श्रीकृष्ण के जय जयकार से गूंजा रासलीला पंडाल, कालिया नाग का जब हुआ मर्दन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। शुक्रवार की रात्रि में वृंदावन के विशाखा रमण बिहारी रासलीला मंडली के कलाकारों ने स्वामी दाऊ दयाल उपाध्याय के निर्देशन में शानदार प्रस्तुति कर दर्शकों का मनमोह लिया। रासलीला के चौथे दिन जहां कंस की कुटिलता और गर्जन से लोग भयभीत नजर आये, वही भगवान मधुसूदन ने अपनी बाल लीला के माध्यम से जैसे ही कालिया नाग का मर्दन कर उसके फन पर खड़े होकर बंशी बजाते हुए जल से बाहर निकले। इस अद्भुत लीला को देखकर मौजूद सभी श्रद्धालु भावविभोर हो गये। पूरा पंडाल भगवान श्री कृष्णा की जय-जयकार से गूंज उठा। मौके पर रासलीला मंडल के निर्देशक स्वामी दाऊ दयाल उपाध्याय ने कहा कि रासलीला के मंचन कर लोगों का सिर्फ मनोरंजन करना नहीं बल्कि सभी के जीवन को आनंदमय तथा आत्म कल्याण के लिए प्रेरित करना है। मंच का संचालन देवी धाम मंदिर संचालन समिति का अध्यक्ष संजय भगत के द्वारा किया गया। इससे पहले आगंतुक दर्शकों और स्थाई सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### सुबोधकांत सहाय ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# कांग्रेस प्रखंड और पंचायत चुनाव समन्वय प्रभारियों की हुई घोषाणा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सह वरिश्ठ कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय अपने डकरा दौरे के क्रम में षनिवार को वीआईपी सभागार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में किया। बैठक के दौरान सहाय ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विषेश रूप से चर्चा किया। वहीं सहाय ने कार्यकर्ताओं को कई आवष्यक दिषा निर्देष भी दिए। वहीं बैठक में सुबोधकांत सहाय की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रखंड एवं पंचायत चुनाव समन्वय प्रभारियों की घोशणा की गयी। जिसमें खलारी प्रखण्ड कांग्रेस चुनाव समन्वय प्रभारी बिगन सिंह भोगता के अलावा पंचायत प्रभारियों में लपरा पंचायत के लिए इंदिरा देवी, मायापुर पंचायत के लिए साबीर अंसारी, तुमांग पंचायत के लिए गोपाल सिंह, हुटाप पंचायत के लिए मंतोष रजक, खलारी पंचायत के लिए बाबु खान एवं अजमुल अंसारी, बुकबुका पंचायत के लिए विकेश सिंह विक्की, विश्रामपुर पंचायत के लिए जालीम सिंह, चुरी दक्षिणी के लिए अब्दुल्ला अंसारी, चुरी मध्य के लिए रमेश चैहान, चुरी पश्चिमी के लिए सलामत अंसारी, चुरी पूर्वी के लिए सोनू पांडे, चुरी उत्तरी के लिए नीलू विष्वकर्मा, राय पंचायत के लिए अशोक महतो एवं बमने पंचायत के लिए सुनील सिंह को नियुक्त किया गया है। बैठक में अध्यक्ष साबीर अंसारी, कांग्रेस प्रदेष सचिव इंदिरा देवी, बिगन सिंह भोगता, जालिम सिंह, ललन सिंह, अब्दुल्लाह अंसारी, सोनू पांडे, सुनील सिंह, गोपाल सिंह, रमेश चैहान, विक्की सिंह, रुपेश मिश्रा, सलामत अंसारी, रोषन लाल, बाबू खान, आले रसूल, तजमुल अंसारी, प्रभाकर गंझू, सुमन देवी, नीलू देवी, फूलों देवी, जाहिर अंसारी, अजय सिंह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय डकरा में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में हुए शामिल



खलारी। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह वरिश्ठ कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय शनिवार को डकरा पहुंचे। सुबोधकांत सहाय के डकरा पहुंचने पर कांग्रेस प्रदेष सचिव इंदिरा देवी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद सहाय डकरा स्थित गायत्री षक्ति पीठ में चल रहे चार दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिन यज्ञ पुणार्हूति में शामिल हुए। पूणार्हुति कार्यक्रम में सहाय ने पूजन किया। साथ ही महायज्ञ स्थल पर पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। इससे पुर्व गायत्री महायज्ञ कमेटी के द्वारा उनका स्वागत भी किया गया। काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

### सहायक क्षेत्रीय अधिकारी ने डीएवी खलारी का किया दौरा

# डीएवी खलारी इस क्षेत्र का बहुत पुराना और प्रतिष्ठित विद्यालय है : एसके मिश्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** डीएवी झारखंड जोन-जे के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस.के मिश्रा ने षनिवार को डीएवी स्कूल खलारी का दौरा किया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों और अध्यापकों के द्वारा वैदिक मित्रों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एस के मिश्रा ने विद्यालय की प्रार्थना सभा से लेकर अंत तक विद्यालय की कार्य प्रणाली का निरीक्षण किया। प्रार्थना सभा में उन्होंने बच्चों से कहा कि विद्यालय में अध्यापक आपका पालन पोषण करते हैं। यह वैसा ही है जैसे आभूषण बनाने से पहले सोने को गर्म किया जाता है, तांबे को पीटा जाता है, वैसे ही बच्चों को तराशा जाता है, उनके व्यक्तित्व का निर्माण किया जाता है। कहा कि डीएवी खलारी इस क्षेत्र का एक बहुत पुराना और प्रतिष्ठित विद्यालय है। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि वे रोज सुबह अपने माता-पिता के चरण स्पर्श करके विद्यालय आएं। सहायक क्षेत्रीय अधिकारी ने बच्चों के उन्नत भविष्य की कामना की। इससे पहले विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने सहायक क्षेत्रीय अधिकारी का विद्यालय पहुंचने पर बुके देकर स्वागत किया। बच्चों ने चंदन तिलक लगाकर अपनी श्रद्धा प्रकट की एवं अधिकारी महोदय से आशीर्वाद लिया। क्षेत्रीय अधिकारी ने विद्यालय के पुस्तकालय, कैंपस, प्रयोगशालाओं के साथ-साथ कक्षा कक्ष में भी गए जहाँ उन्होंने अध्यापकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। सहायक क्षेत्रीय अधिकारी ने विद्यालय के सभी शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की मीटिंग ली और सभी को विद्यालय के विकास में अपना 100 प्रतिषत योगदान देने का आह्वान किया और विद्यालय की कार्य प्रणाली पर अपनी खुशी जाहिर की। साथ ही उन्होंने सभी शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को यह विष्वास भी दिलाया कि उनके हितों की पूरी रक्षा की जायेगी। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार उपस्थित थे।



एसके मिश्रा को बुके देकर स्वागत करते प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार।

### रामनवमी को लेकर पिपरवार थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

# आपसी सौहार्द बिगाड़नेवालों पर होगी सख्त कारवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** रामनवमी पूजा को लेकर पिपरवार थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार और संचालन थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने किया। बैठक मे रामनवमी पूजा आपसी भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक मे अवैध शराब बेचने वालो पर सख्त कारवाई करने का निर्णय लिया गया। एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने त्योहार को लेकर जारी दिशा निदेशों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिपरवार शांतिप्रिय और अनेकता में एकता का प्रतीक माने जाने वाला क्षेत्र है यहां सभी धर्म समुदाय के लोग आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार को मनाते आ रहे हैं और यह परंपरा आगे भी कायम रहेगी।सोशल मीडिया पर धार्मिक उन्माद फैलाने एवं भ्रामक खबर व जाति धर्म संबंधी पोस्ट करने वालों पर आईटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालो को किसी भी कीमत मे बक्शा नही जाएगा।शरारती तत्व और उत्पात मचाने वालो पर सख्त कारवाई करने का निर्णय लिया गया। टंडवा सीओ राजेन्द्र दास मे कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी तरह के धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आपसी भाईचारगी और शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने का निर्णय लिया। बैठक में रामनवमी जुलूस के निर्धारित मार्ग पर भी चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार, अंजनी कुमार, राजेंद्र पांडेय, शैलेश राय, संजय कुमार, मुखिया गुंजन सिंह, रीना देवी, सरिता देवी, रेखा कुमारी, किरण कुमारी, हाजी प्रवेज, इस्लाम अंसारी, धीरेन्द्र शर्मा, बिजय लाल,अभय सिंह, सलीम जावेद, कासिम उर्फ मुन्ना, विद्यापति सिंह,बसंत नारायण महतो, जितेन्द्र कुमार, कयुम अंसारी, पंकज कुमार, रविन्द्र सिंह, सुनील प्रसाद, कृष्णा यादव, इदरीश अंसारी,अर्जुन महतों, गणेश भुईयां, लक्ष्मण मंडल, किशन कुमार सिंह सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।



# बुंडू प्रखंड में कालीचरण मुंडा ने जनसंपर्क अभियान चलाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के लितिगडीह, जामगामी, बोडकोलमा, चड़ुवादाग गांव में जनसंपर्क अभियान इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने किया इस अवसर पर कालीचरण मुंडा ने कहा कि झूठ और फरेब की सरकार ज्यादा दिन तक नहीं टिकेगी इंडिया गठबंधन जीतेगी यहां से जीते सांसद 5 साल तक गांव की ओर कभी झांकने नहीं आए अब वोट आया तो घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं लोगों से अपील किया कि ऐसे लोगों से वोट न देकर इंडिया गठबंधन को भारी मतों से विजय बनाएं मौके पर जैक सदस्य डॉ राधा रमन साहू मनोहर महतो मुखिया संदीप उरांव मो मोईन मो मकबूल राजेश सिंह मुंडा नंदकिशोर महतो मो समीम संजय महतो संदीप लोहरा मो जब्बार दुर्योधन मुंडा आदि उपस्थित थे।

## चढ़क पूजा के अवसर पर शिवालयों में उमड़ी भीड़



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में चढ़क पूजा के अवसर पर शिवालयों में श्रद्धालूओं का भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जारगोडीह महादेव मंदिर, चतुर्मूख शिव मंदिर ईचागढ़ सहित सभी शिवालयों में पूजा अर्चना किया गया। चढ़क पूजा एवं हिंदू नव वर्ष पर हर शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। वही पूड़ीहेंसा प्राचीन कालीन महादेव मंदिर में भी पूजा अर्चना किया गया। ग्रामीण लोग घंटो लाइन में लगकर शिव लिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। प्राचीन काल से ही पूड़ीहेंसा महादेव मंदिर में नाया द्वारा पूजा कराया जाता है, यंहा पंडित द्वारा पूजा अर्चना नहीं कराया जाता है। दूर दराज से लोग चढ़क पूजा के अवसर पर शिव मंदिर में मन्नते पूरी होने पर बकरा चढ़ावा देने पहुंचते है। मंदिर के नाया कठिन महतो ने बताया कि यंहा लोग एक दो महीने तक धरना में बैठकर भोलेनाथ से अपने इच्छित मनोकामना को पूर्ण कर ही घर लौटते है। अपने अभीष्ठ सिद्धि के लिए भी श्रद्धालु यंहा रहकर उपासना करते है।

## रामनवमी समिति का गठन, विनोद बने अध्यक्ष



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा में रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस आशय का निर्णय कर्रा चौक में पूर्व मुखिया विनोद भगत की अध्यक्षता में शनिवार को हुई बैठक में लिया गया। बैठक में लोगों से अपील की गयी कि रामनवमी हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। बैठक में कहा गया कि सभी धर्म के लोग आपसी भाईचारे के साथ रामनवमी महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि आपसी प्रेम और सौहार्द्र बना रहे। रामनवमी के सफल संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष विनोद भगत, उपाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, सचिव राजेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष सतीश गुप्ता, महामंत्री दिनेश गुप्ता और संगठन मंत्री सूर्यकांत गुप्ता कों बनाया गया। इसके अललावा कई सुभाष गुप्ता, सुरेश गुप्ता आदि को कार्यारिणी सदस्य बनाया गया।

# मतदान कराने को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तमाड़।** प्रखंड सभागार में दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लोकसभा चुनाव 2024 में सुगम मतदान कराने को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभी सिंह एवं प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी प्रभावती उपस्थित थी। उपस्थित सभी बीएलओ सुपरवाइजर,सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सभी बीएलओ सेविकाओं को दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को सुगमता पूर्वक मतदान कराने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। जिन दिव्यांग का नाम छुट गया है। या 01-01-24 एवं 01-04-24 को 18 बर्ष पूर्ण कर चुके दिव्यांग व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर उन्हें मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराते हुए मतदान करना है। साथ ही मतदान के दिन सभी दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को सुविधा प्रदान करते हुए मतदान दिवस पर वोट करने के लिए प्रेरित करने तथा मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधा होने की जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है 2024 का लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करना है। इसी के साथ कार्यक्रम के अंत में सभी बीएलओ सुपरवाइजर एवं को शपथ दिलायी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सफल बनाने में सीडीपीओ कुमारी प्रभावती, सुकमनी मिर्ची, हिरावती देवी सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सभी बीएलओ सुपरवाइजर, सभी बीएलओ सेविका उपस्थित थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित बीएलओ गण।



# गुरुद्वारा में मनाया गया खालसा साजना दिवस सह बैशाखी पर्व

### बचरा गुरुद्वारा में कई कार्यक्रम के साथ चला गुरु का लंगर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को सिख समुदाय के द्वारा खालसा साजना दिवस सह बैसाखी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर बचरा गुरुद्वारा परिसर में कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, साथ ही बचरा गुरुद्वारा में चल रहे सहज पाठ की समाप्ति की गयी। जानकारी के अनुसार बैशाखी पर्व एंव खालसा साजना दिवस के मौके पर शनिवार की सुबह बचरा गुरुद्वारा में निशान साहब का चोला बदला गया। जिसके बाद तीन चरणों में चल रहे सहज पाठ की समाप्ति की गयी। अंत में गुरु का लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सिख समुदाय से जुड़ी सभी महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए। इस दौरान प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस संबंध में बचरा गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने बताया कि बचरा गुरुद्वारा में प्रत्येक वर्ष खालसा साजना दिवस एवं बैसाखी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने बैशाखी के दिन खालसा पंत की सर्जना की थी।



## प्रशासन ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान तथा निर्वाचन संबंधी जागरूकता जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सखी मंडल की दीदियों ने विशेष अभियान चलाते हुए सुदूर क्षेत्र के ग्रामीण मतदाताओं को लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को उनके मताधिकार के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि एक-एक वोट लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, आपका एक वोट अमूल्य है। इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। सभी को वोटर हेल्पलाइन ऐप, 1950, सी विजील ऐप के बारे में जानकारी दी गयी। बताया गया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है, वे अपने बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से 15 अप्रैल तक फॉर्म 06 अवश्य भरें।

## राय अंबेडकर मैदान में आज होगा सरहुल मेला सह नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र के राय अंबेडकर मैदान में आज सरहुल मेला सह नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। आयोजन समिति के गणेश कुमार महतो ने बताया कि सुबह 10 बजे अंबेडकर मैदान राय से गाजे बाजे व ढोल नगाड़े के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। यह शोभायात्रा राय बस्ती, राय बाजार चौक होते हुए पुन: अंबेडकर मैदान राय पहुंचेगा। जिसमे रांची से 50 की संख्या में खोड़ा नृत्य करने वाले टीम शामिल होंगे। वही दोपहर 2 बजे से नागपुरी कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के विजय पहान, दुर्गाप्रसाद महतो, रूपेश कुमार महतो, गणेश कुमार महतो, राजेश कुमार महतो, मनोज महतो, मंगरु मुंडा रामावतार राम,बालेश्वर महतो, भुवनेश्वर महतो, पारस महतो, हरीश कुमार,संतोष प्रजापति,नरेश महतो, भारत राम, दीपक महतो, कालेश्वर महतो, सरवन मद्रासी, चंदन महतो, लोकन महतो, सुरेंद्र महतो,रितेश महतो, अंगरक महतो, हब्बू महतो, आनंद प्रजापति, फूलचंद महतो, संदीप महतो, सोनू महतो, प्रकाश कुमार महतो, रंजीत महतो, लोकल महतो, सीटू महतो, मंगरु महतो, बबलू महतो सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका है।

# कृषि और बागवानी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देनेवाले प्रेम शंकर डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी जिले के ग्रामीण इलाकों में कृषि बागवानी के विकास में लगी स्वयंसेवी संस्था प्रदान के अधिकारी प्रेम शंकर को उषा मार्टिन विश्वविद्यालय ने उनके महत्वपूर्ण अनुसंधान और योगदान के लिए डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया। यह उपाधि शनिवार कों संयुक्त रूप से पद्मविभूषण डॉ आरए माशेलकर (पूर्व महानिदेशक सीएसआरआइ) और विश्विद्यालय के कुलाधिपति प्रभात कुमार (झारखंड के प्रथम राज्यपाल) द्वारा दिया गया। प्रेमशंकर के शोध झारखंड के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में आदिवासी परिवारों के आर्थिक उत्थान में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के प्रभाव पर केन्द्रित था। उन्होंने अपना शोध कार्य दिसम्बर 2023 में पूर्ण किया था। उषा मार्टिन द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में उन्हें यह उपाधि दी गयी डॉ प्रेम शंकर ने अपने अध्ययन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने और स्थायी आय के स्त्रोतों को सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुसंधान के परिणाम न केवल स्थानीय समुदायों के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वे मनरेगा जैसे सरकारी कार्यक्रमों में आदिवासी परिवारों की आजीविका को सुदृढ़ करने की दिश में एक महत्वर्पूर्ण कार्य है। उन्होंने इस सम्मान के लिए अपने मार्गदर्शक डॉ अरविन्द हंस और अध्ययन में सहयोग देनेवाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया। अध्ययन के दौरान उन्होंने मनरेगा के 500 लाभुकों से साक्षात्कार किया। इसके लिए उन सभी लाभुकों को भी आभार व्यक्त किया। एमबीए ( प्रबंधन) में गोल्ड मेडलिस्ट प्रेम शंकर वर्ष 2007 से अब तक प्रदान के साथ जुड़कर झारखण्ड में काम कर रहे हैं। खूंटी जिले में आम बागवानी, गेंदा फूल, तरबूज आदि की खेती को बड़े पैमाने पर ले जाने और एवं तोरपा प्रखंड में समन्वित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के तहत एकीकृत ग्राम विकास के मॉडल बनाने में उनका विशेष योगदान रहा है। डॉ शंकर खूंटी, सिमडेगा सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग डेढ़ दशक से आदिवासी परिवार के लिए प्रदान संस्था के साथ लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने आदिवासी समुदाय की गरीबी को काफी बारीकी से देखा व समझा है। इसलिए उनके लिए इस विषय पर अध्ययन करना काफी महत्वपूर्ण था, ताकि लोगों की आजीविका को और बेहतर करने में यह अध्ययन सहायक हो सके।




## बचरा में डॉ भीमराव अंबेडकर जंयती आज

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर स्थित आम्बेडकर चौक में कोल इंडिया एससी/एसटी ईम्पलाइज एसोसिएशन सिस्टा के द्वारा आज संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी का 134 वां जयंती समारोह मनाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए सिस्टा के पिपरवार क्षेत्रिय सचिव कामेश्वर राम ने बताया कि सुबह 9:30 बजे समारोह की शुरूआत की जाएगी।इस समारोह के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय उपस्थित होगे। जंयती समारोह को लेकर सारी तैयारी पुरी कर ली गई है। उन्होने क्षेत्र के सभी सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी, युनियन प्रतिनिधि, राजनैतिक पार्टी, पंचायत प्रतिनिधि सहित सभी लोगो से जंयती समारोह मे शामिल होने की अपील की है।

## इटकी प्रखंड के बूथों पर 16 अप्रैल तक बुनियादी सुविधा उपलब्ध करने का निर्देश



**इटकी (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रशासन की ओर से बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता सीओ विजय कुमार ने की। बैठक में 16 अप्रैल तक प्रखंड के सभी 49 बूथों में बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त कर लेने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के बुनियादी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। साथ ही बूथो में थोरी बहुत कमी को समय रहते पूरा कर लेने को कहा गया है। चुनाव में मतदाता अधिक से अधिक बूथ पहुंच सकें और निर्भिक होकर अपना मताधिकार का शतप्रतिशत प्रयोग कराने को लेकर प्रशासन ने ठोस व्यवस्था बनाने में जुट गई है। मतदान केंद्र तक पहुंच रास्ता, बिजली, शौचालय, टेबल कुर्सी सहित अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध किया जा रहा है। मौके पर बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, सेक्टर मजिस्ट्रेट, वीएलओं, शिक्षक सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी बैठक में उपस्थित थे।

## बोंगईबेड़ा में कलश यात्रा के साथ शिव शक्ति महायज्ञ अनुष्ठान का हुआ शुभारंभ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बोंगईबेड़ा पंचायत अंतर्गत घोड़लता गांव में शनिवार को तीन दिवसीय शिव मंदिर महायज्ञ अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया। इस कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचे सांसद संजय सेठ, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, आरती कुजूर, रामवतार केरकेटा, रामसाय मुंडा, रामनाथ महतो, संजोती देवी, हिरदू उरांव, धनीराम महतो, परमेश्वर महतो, ज्योतिष महतो आदि ने महिलाओं को कलश सौंप कर यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु माथे पर कलश रखकर जयकारे लगाते हुए चल रही थी। कलश यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करने के पश्चात पुनः यज्ञ स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को अखंड कीर्तन तथा तीसरे दिन सोमवार को हवन, आरती एवं भव्य भंडारे के साथ महायज्ञ अनुष्ठान संपन्न हो जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर यज्ञ पूजा समिति के अध्यक्ष सावना महतो, सचिव अशोक महतो, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो आदि का योगदान रहा।

## आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरस्ता का संदेश देता है सरहुल : रामानंद बेदिया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आदिवासी सरना समिति के तत्वावधान में शनिवार को बरवादाग के सीताडीह गांव में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न गांवों से सैकड़ों आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक वेश भूषा में सरना झंडा और पवित्र सरई फूल लिए ढोल नगाड़े और मांदर की थाप पर नाचते गाते हुए पहुंचे। मुख्य अतिथि वरिष्ठ झामुमो नेता और सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानन्द बेदिया थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रमुख दीपा उरांव उपस्थित हुई। अतिथियों का स्वागत समिति के मुख्य संरक्षक ग्रामप्रधान गणेश बेदिया और अध्यक्षता दिवाकर बेदिया ने किया। रामानंद बेदिया ने कहा कि सरहुल पर्व अनादिकाल से प्रकृति पर्व है और रहेगा। यह हमें आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरस्ता को बढ़ावा का संदेश देने के साथ जल, जंगल व जमीन की रक्षा की सीख देता है। सरहुल हमारी संस्कृति, धर्म और अस्तित्व से जुड़ा है। इस परंपरा को बचाए रखने की जरुरत है। प्रमुख दीपा उरांव ने कहा कि प्रकृति पर्व सरहुल हमारी सभ्यता, संस्कृति और पहचान से जुड़ी है। मौके पर गणेश बेदिया, दिवाकर बेदिया, कर्मा लोहरा, रतन उरांव, विजय बेक, महेश्वर बेदिया, राजेश बेदिया, प्रदीप बेदिया, रामनरेश बेदिया, संतोष लोहरा, मधु लोहरा, आशीर्वाद बेदिया, उदय बेदिया आदि थे।

### श्री महावीर मंडल केंद्र समिति की बैठक में शामिल हुए संजय सेठ

# रामनवमी आपसी प्रेम और भाईचारा का प्रतीक: सांसद





रामनवमी के लेकर आयोजित बैठक में शामिल हुए सांसद संजय सेठ। सरहुल महोत्सव को लेकर निकाले गए जुलूस में नगाड़ा बजाते सांसद संजय सेठ व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम/अनगड़ा।** श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति की बैठक शनिवार को नामकुम बाजार स्थित अखाड़ा स्थल में हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रांची के सांसद सह मुख्य संरक्षक संजय सेठ उपस्थित थे। उन्होंने सैकड़ों महिलाएं एवं रामभक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि रामनवमी पर्व आपसी भाईचारा और प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व पिता और भाई के प्रति राम की भक्ति और भगवान राम के प्रति भक्त की भक्ति की दुनिया में मिशाल है। पहली बार देश अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने के बाद रामनवमी उत्सव मना रहा है। वहीं, मनोज सिंह ने कहा कि इस बार अखाड़ा में 100 से ज्यादा नारी सेना शांति व्यवस्था के लिए तैनात रहेंगी। अभुतपूर्व शोभा यात्रा और झांकी अखाड़ा में देखने को मिलेगा। संचालन प्रभुदयाल बडाइक ने की। इस अवसर पर मुखिया अनिता तिर्की, महासचिव बिक्कू सिंह, उप मुखिया सुबोध सिंह टनटन, राजेंद्र मुंडा, राजू लकड़ा, रामप्रवेश राय, शारदा देवी, रूपा चौहान, अनिल सिंह, अरुणा प्रभा, मीनू देवी, प्रकाश भारती, विकास सिंह, अमित कुमार, सुषमा देवी, सुशीला देवी, रजनी प्रसाद, ममता देवी, शीला देवी, सुकांति देवी, कृष्ण कुमार, मुकेश ठाकुर, आशीष बैक, शंकर पांडेय, कुमकुम शर्मा, कैलाश नायक, बबलू नायक, नंद किशोर सिंह, प्रदीप राम, भानु देवी, चंदन कुमार, विमल सिन्हा, जैकी सिंह, पूनम देवी, सरोज देवी, शंभु वर्मा, सबीता देवी, प्रीति देवी, संतोष कुमार के साथ सैकड़ों रामभक्त उपस्थित थे। दूसरी ओर, अनगड़ा के कडरू टोली बीसा में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ के अलावा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, सत्यदेव मुंडा व उमेश बड़ाइक आदि उपस्थित हुए।

## सरहुल हमारी पहचान और जीवन का आधार है: बंधु तिर्की

**सरहुल शोभायात्रा शामिल हुए बंधु और शिल्पी नेहा तिर्की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/बेड़ो।** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि सरहुल ना केवल हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और आस्था की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का जुड़ाव हमेशा से प्रकृति के साथ रहा है और प्रकृति के साथ ही रहेगा। यही कारण है कि आदिवासियों की सभ्यता-संस्कृति और उनकी जीवनशैली, रहन-सहन, खान-पान आदि में प्रकृति का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर बेड़ो में सरहुल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के साथ ही मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुईं। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आदिवासियों के लिए प्रकृति पर्व सरहुल में लोकगीत, संगीत और मांदर की थाप कुल मिलाकर प्रकृति के साथ जीवन का स्पंदन है और इससे उनके जीवन में प्रेरणा भर जाती है।



## खरना संपन्न, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ व्रत के दूसरे दिन शनिवार को व्रतियों ने खरना पूजा की। इसी के साथ व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। छठ व्रतियों ने आस्था व श्रद्धा के साथ खरना पूजा के लिए खीर प्रसाद बनाया व भगवान भास्कर की पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख समृद्धि व शांति का आशीर्वाद मांगा। वहीं व्रतियों ने मिट्टी के बने नये चूल्हे में खरना पूजा के लिए प्रसाद बनाया। तालाब में पानी नहीं होने कारण अधिकांश व्रती अपने घरों में ही पानी में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगी। अस्ताचलगामी सूर्य को रविवार को पहला अर्घ्य दिया जायेगा। जबकि सोमवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।

## बेड़ो में सरहुल की धूम, युवाओं ने किया पारंपरिक नृत्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रकृति पर्व सरहुल बेड़ो में आस्था, उत्साह व उमंग के साथ शनिवार को मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय में ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में मांदर, ढोल व नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमे और सरहुल के गीत गाकर प्रकृति पर्व का आनंद उठाया। इस दौरान झांकियों के साथ जुलूस का अद्भुत नजारा दिखा। इसके पूर्व सरहुल पूजा महासमिति की अगुवाई में सरना स्थल में पूजा अर्चना कर वन विभाग रोड से अध्यक्ष सुका उरांव, संरक्षक राकेश भगत व जुगेश उरांव की अगुवाई में शोभायात्रा की शुरूआत की गई। जो देवी मंडप की परिक्रमा करते हुए बाजार टांड़, बेड़ो बस्ती होते हुए छोटा सरना स्थल पहुंची। जहां बुधवा पहान व बुदा उरांव, पूजार पंचम तिर्की राकेश भगत व राजेश भगत ने परंपरागत तरीके से मां सरना की पूजा अर्चना व सामुहिक प्रार्थना कर सुख-समृद्धि की कामना किया। वहीं सरना स्थल की परिक्रमा करते हुए शोभा यात्रा गुमला रोड, महावीर चौक होते हुए महादानी मंदिर मैदान पहुंची और एक समारोह में बदल गई। शोभायात्रा में प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए दर्जनों खोड़हा दलों के लोगों ने अपनी सहभागिता निभायी। वहीं समारोह में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पूर्व मंत्री बंधु तिर्की,पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, रामनारायण भगत, परमेश्वर भगत, धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत, अनिल टोप्पो, प्रभात टोप्पो, मंगा पहान, रंजीत टोप्पो, अनिल उरांव व दिलीप उरांव आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। इधर समाजसेवियों व प्रबुद्धजनों ने शोभायात्रा में शामिल होकर एक-दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर नव वर्ष और सरहुल की शुभकामना दी। वहीं शोभायात्रा में युवा व युवतियां कलश के साथ झूमर नृत्य किया। जो आकर्षण रहा।

## झामुमो के इंडिया उलगुलान महारैली को लेकर बैठक

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** झामुमो नगडी के प्रखंड समिति की ओर से आयोजित इंडिया उलगुलान न्याय महारैली की सफलता को लेकर शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की ने की। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 अप्रैल को प्रभातारा मैदान में आयोजित होने वाले इंडिया उलगुलान न्याय महारैली में नगडी प्रखंड क्षेत्र से हजारों महिला-पुरुष शामिल होंगे। बैठक में केंद्रीय सचिव नंद किशोर मेहता, रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता, जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, दानियल एक्का किसान मोर्चा राखी देवी जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, पूर्व जिला सचिव महावीर विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, धुचु तिर्की, बुधराम महतो, प्रमोद हजाम, सफीक अंसारी, प्रमिला देवी, सह सचिव पूजा देवी, तस्लीम अंसारी, खुर्शीद अंसारी फिरोज अंसारी रईब नैयर आदि मौजूद थे।

### उपलब्धि : उषा मार्टिन ने खेती को आजीविका व आय संवर्धन से जोड़ा

# ड्रीप इरिगेशन से 70 एकड़ बंजर भूमि को बनाया उपजाऊ

**नकदी फसल एवं मोटे अनाज से आत्मनिर्भर बनें किसान - पॉलीहाउस से 15 गांवों में वैज्ञानिक तरीके से खेती को मिला बढ़ावा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** आजादी के अमृतकाल में उषा मार्टिन फॉउंडेशन ने ड्रीप इरिगेशन के माध्यम से भूमि को सिंचित बनाया है। बंजर एवं गैर उपजाऊ जमीन को मोटे अनाज एवं नकदी फसल की खेती के लिए तैयार किया। इससे टाटीसिलवे स्थित कारखाना के इर्द-गिर्द के गांवों के 70 एकड़ जमीन को कृषि योग्य व उपजाऊ बनाया गया। इस पूरेअभियान को पिछले एक साल में पूरा किया गया है। यह भारत सरकार के लाइफ मिशन के तहत ऊर्जा एवं जल संरक्षण तथा भूमि की मृदा को बचाव के अभियान के तहत चलाया गया है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से पिछले एक साल से अनगड़ा एवं नामकोम के चिन्हित प्रगतिशील किसानों के समूह को तैयार कर खेती से आत्मनिर्भरता एवं आय सृजन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पहले चरण में 100 किसानों की जमीन के मृदा जांच की गयी। इसके बाद 35 किसानों के जमीन को ड्रीप इरिगेशन के लिए चयनित किया गया। अभी तक 68 किसानों को ड्रीप इरिगेशन से जोड़ा जा चुका है। सरकारी सहयोग से इन किसानों के खेतों में ड्रीप इरिगेशन (टपक सिंचाई) की पूरी सुविधा मुहैया करायी गयी। इसके बाद किसानों को सब्जी, नकदी फसल एवं मोटे अनाज की खेती के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण मुहैया कराया गया। यह प्रशिक्षण रामकृष्ण मिशन एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से गांव स्तर पर संपन्न हुआ। इस वर्ष बारह किसानों को स्ट्रोबेरी, 25 से अधिक किसानों को तरबूज, खरबूज, सूरजमुखी एवं अन्य नकदी फसल के लिए बीज उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा 16 गांवों के चार सौ से अधिक किसानों को गरमा एवं सब्जी के बीज उपलब्ध कराए गए। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से प्रत्येक चरण में किसानों से समन्वय एवं संपर्क स्थापित किया गया, ताकि फसल तैयारी के दौरान कोई समस्या उत्पन्न न हो। महिलौंग के किसान भदया महतो ने कहा कि उषा मार्टिन के सहयोग से केवल स्ट्रोबेरी से डेढ़ लाख रुपया का लाभ कर चुके हैं। इसी प्रकार मासु गांव के प्रेमनाथ महतो सब्जी एवं नकदी फसल की खेती से दो लाख रुपए से अधिक की आय की है। जानुम एवं अनगड़ा के किसान भी खेती से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े हैं। किसान गांव स्तर पर कृषि कार्य से आत्मनिर्भर बनें, इसके लिए कंपनी के माध्यम से मास, अनगड़ा और सिलवे में पॉलीनेट स्थापित किया गया है, जिससे बीज एवं पौधों के निर्माण के दौरान कीटाणु से बचाया जा सके। वर्तमान वित्तीय वर्ष में जल संचयन एवं सौर ऊर्जा के माध्यम से खेतीबारी को बढ़ावा देने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।



### खेतों में सोलर लाइट की व्यवस्था : ईश्वर महतो

उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से प्रगतिशील किसानों के खेत में सोलर लाइट लगाया गया है। इससे नकद फसल के उत्पादन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सफलता मिली है। हेसल के ईश्वर महतो बताते हैं कि इससे रात के समय खेती की सुरक्षा के साथ देखभाल में लाभ मिलता है। जानुम के गोवर्धन मुंडा कहते हैं कि कंपनी की योजना प्रगतिशील किसानों के लिए काफी लाभकारी है। इससे जानवरों से खेत की सुरक्षा होती है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## रातू में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, 52 हजार का जुर्माना

**रातू (आजाद सिपाही)।** बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर बिजली विभाग की ओर से गठित टीम ने शनिवार को संजय नगर कॉलोनी में छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापामारी में तीन लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर 52 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरोपियों में योगेंद्र प्रसाद साहू, महेंद्र प्रसाद साहू और दिलीप पोद्दार शामिल है। सभी लोग संजय नगर कॉलोनी के रहने वाले है। प्रति व्यक्ति 17 हजार 436 रुपया (कुल 52 हजार रुपये) का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, छापामारी दल में विवेक द्विवेद्वी, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा प्रवीण कुमार रजक, भीम सिंह, सरफुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे। वहीं, तीनों आरोपितों के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## पिठोरिया महावीर मंडल का पुनर्गठन कृष्ण कुमार चौरसिया बने अध्यक्ष



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** महावीर मंडल का पुनर्गठन शनिवार को हुआ। जिसमें अध्यक्ष कृष्ण कुमार चौरसिया, महामंत्री राम प्रसाद गोप, कोषाध्यक्ष बबलू महतो व सह कोषाध्यक्ष राहुल साहू को चुना गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर 24, संगठन मंत्री 25, प्रचार मंत्री 24, मंत्री 17, कार्यकारणी सदस्य 14, अस्त्र-शास्त चालान प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली 9 और 6 लोगों को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। महावीर मंडल के अनुसार 16 अप्रैल को झांकी सह जुलूस निकाला जाएगा। वहीं 17 अप्रैल को पिठोरिया बाजार चरण में झंडा मिलन समारोह और 18 अप्रैल को झारखंड स्तरीय अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन पिठोरिया दुर्गा मंदिर परिसर में होगा। यह जानकारी संरक्षक अनिल कुमार केशरी ने दी।

## सेक्रेड मिशन हाई स्कूल में 19वां स्थापना दिवस सह अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के साहेर रोड स्थित सेक्रेड मिशन हाई स्कूल का 19वां स्थापना दिवस सह अभिभावक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ आचार्य सनातन विशि जी ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शिक्षाप्रद रंगारंग कार्यक्रम नागपुरी नृत्य के साथ साथ कई राज्यों का लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं, विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से अतिथियों एवं विद्यालय के 300 अभिभावकों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के निदेशक सुरेश्वरी महतो ने कहा कि विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए आधुनिक शिक्षा के साथ ही बच्चों में आदर्श व्यवहार सामाजिक जीवन में समरसता का भाव का ज्ञान दे रहा है। वहीं, प्राचार्या बबीता कुमारी ने स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित समय अतिथियों का भगवा गमछा और बैच पहनाकर स्वागत किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, प्रेमसागर महतो, आनंद प्रसाद महतो, भोला महतो, विजय महतो, प्रीतम कुमार, लाला केशरी, प्रो विनोद केशरी, रवि सोनी, श्याम किशोरज महतो आदि थे।

## बिरसा जैविक उद्यान में आयोजित सरहुल मेला में शामिल हुए पूर्व सांसद रामटहल चौधरी



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी प्रखंड के चकला गांव स्थित बिरसा जैविक उद्यान परिसर में सरहुल मेला लगाया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आये पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने प्रकृति पर्व सरहुल और प्रकृति संरक्षण पर अपना विचार व्यक्त किया। मेले के सफल आयोजन में आदिवासी सरना पड़हा समाज ओरमांझी के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव व समिति के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## जिदू में बजरंगबली व इचादाग में महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के जिदू गांव में ग्रामीणों द्वारा निर्मित बजरंगबली व इचदाग में शिव महादेव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुआ। इसे लेकर शनिवार को मंदिर परिसर यज्ञ स्थल से कलश यात्रा निकाली गई। ढोल नगाड़े के साथ श्रद्धालु जय श्री राम, हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए भैरवी नदी के तट पर पहुंचे। विधिवत मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भर कर वापस यज्ञ स्थल में कलश स्थापित कर विधिवत अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, मुखिया रीना देवी, पंचायत समिति सदस्य रेशमी रेखा मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, भोला साहू, अजय साहू, विक्रांत तिवारी, संतोष गुप्ता, शशि मेहता, कामेश्वर महतो, राज किशोर साहू, राम धन बेदिया, सुधीर मिश्रा आदि थे।

## शिव मंडा पूजा में शामिल हुए जैलेंद्र कुमार



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी के नवागढ़ में शिव मंडा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ, प्रदेश भाजपा की उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, भाजयुमो उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, प्रमोद सिंह, राजन साहू सहित समिति के अध्यक्ष संजय उपाध्याय, मानकी कामाख्या नारायण शाही, बिरेंद्र हजाम, प्रदीप पांडे आदि उपस्थित रहे।

## अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर पाटन पहुंचे डीएमओ

# नियम के विरुद्ध भट्ठा संचालित करने पर की जायेगी कड़ी कार्रवाई: डीएमओ

**ईंट भट्ठा संचालकों को चेतावनी दी कि अवैध तरीके से कोई भी कार्य ना करें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी के निर्देश पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर शनिवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार पाटन पहुंचे एवं थाना क्षेत्र में संचालित



ईंट भट्ठे का निरीक्षण करते डीएमओ आनंद कुमार पाटन व अन्य।

ईट भट्ठा का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में डीएमओ ने ईट भट्ठा संचालको को स्पष्ट निर्देश दिए कि ईट भट्ठा का संचालन सरकार द्वारा बनाए गए नियम के अनुसार ही करें। नियम के तहत संचालित नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। डीएमओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाटन के सिक्की कला में संचालित आईएमडी ब्रिक्स, बररौता के मेसर्स ओएम ब्रिक्स, बररौता के जेपीटी ब्रिक्स, अजय कुमार सिंह के ईट भट्ठा ,भरदुल सिंह के ईट भट्ठा, बरसौता के ईट भट्ठा एवं विजय सिंह का ईट भट्ठा का निरीक्षण किया एवं भट्ठा में पक्के ईट एवं कच्चे ईंट के साथ ही प्रदूषण सहित अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदूओं की बारिकी से जांच की गई। साथ ही चेतावनी दी गयी कि अवैध तरीके से कोई भी कार्य ना करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पीठासीन पदाधिकारी मतदान दल के होते हैं भरोसेमंद कप्तान : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी एवं गिरिवर प्लस 2 उच्च विद्यालय में मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शनिवार से प्रारंभ हुआ। पहले दिन डीएवी में 2114 पीठासीन पदाधिकारी एवं गिरिवर स्कूल 560 द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। 100 प्रशिक्षकों द्वारा इन मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि आनंद ने कहा कि पीठासीन पदाधिकारी मतदान दल के भरोसेमंद कप्तान होते हैं। इसलिए उन्हें सर्वाधिक दक्ष व सजग होना



आवश्यक है। दायित्व निर्वहन एवं समन्वय के भरोसे पर खरा उतरने के लिए उन्हें प्रशिक्षण को गंभीरता से लेना आवश्यक है। डीएवी में प्रशिक्षण का अनुसमर्थन जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, अमरेंद्र पाठक और गिरिवर स्कूल में रामानुज प्रसाद व अशोक सिंह ने किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों की ओर से मतदान प्रक्रिया व प्रपत्रों के बारे में बिंदुवार जानकारी दी गयी। साथ ही ईवीएम संचालन का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर सदर एलआरडीसी प्यारेलाल, छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, परियोजना पदाधिकारी उपेंद्र राम, सहायक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार मौजूद थे।

# देवी मां मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के महुअरी पंचायत के मिरहीयाडीह गांव में नव निर्मित देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो मंदिर से शुरू होकर एसबीएस महाविद्यालय, सैदाबाद, स्टेशन रोड व जेपी चौक होते हुए देवरी सोननदी पहुंची। यहां हिमांचल मिश्र व सूर्यकांत पाठक जी महाराज ने मंत्रोंच्चारण के साथ कलश में जल भरवाया। इसके बाद सिर पर कलश लेकर वापस मंदिर लौटे। आयोजन समिति के राजू सिंह, श्रवण मेहता, राहुल सिंह, गुड्डु मेहता, संतोष मेहता और सतीश मेहता आदि ने बताया कि 14 अप्रैल को नगर भ्रमण, 15 अप्रैल को देवी मां की प्राणप्रतिष्ठा, पूर्णाहुति व रात में अखंड-कीर्तन व हरि भजन आयोजित होगा। 16 अप्रैल को भंडारे के साथ धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी। इस मौके पर भाजपा के वरीय नेता विनोद सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, कर्नल संजय सिंह, राजद के युवा नेता रवि यादव, डॉ शिव प्रसाद मेहता आदि मौजूद थे।

# जपला एके सिंह कॉलेज में ज्योतिबा फुले की जयंती पर छात्र सेमिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** आधुनिक भारत के निर्माता, क्रांति ज्योति महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर शनिवार को जपला एके सिंह कॉलेज में छात्र-सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसका संचालन छात्र शशि रंजन ने किया। प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने सत्यशोधक समाज और सार्वजनिक सत्यधर्म की स्थापना कर समाज में व्याप्त विषमता, विसंगति एवं अंधविश्वास पर सीधा प्रहार किया। एकेडमिक इंचार्ज डॉक्टर राम सुभग सिंह ने कहा कि अपनी





कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य व कॉलेज कर्मी।

पुस्तक 'गुलामगिरी' द्वारा फुले ने शूद्रों, अतिशूद्रों एवं नारियों को हिंदू धर्म एवं इसके ग्रंथो की मानसिक गुलामी से मुक्त होने का आह्वान किया। फुले दंपति ने भारत में नारी शिक्षा का द्वार खोला और पहली बार लड़कियों ने स्कूल का मुंह देखा। दिव्या कुमारी ने कहा कि 'किसान का कोड़ा' लिखकर फुले ने किसानों की समस्याओं से देश को अवगत कराया। मुसर्रत प्रवीण ने कहा कि फुले ने विधवाओं के बाल काटे जाने का विरोध किया और पुणे में नाइयों की हड़ताल करवा दी। अन्य वक्ताओं में शुभम प्रकाश, कुशवाहा प्रकाश वर्मा, जयचंद पटेल, आरूषी कुमारी ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान महात्मा फुले' डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। गोष्ठी में 70-80 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मौके पर आइक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह, प्रोफेसर राजेश सिंह, डॉक्टर आलोक रंजन कुमार आदि शिव कुमार विश्वकर्मा आजि मौजूद थे।

# विहिप का पुनर्गठन, विक्रम आदित्य बने खंड अध्यक्ष





आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल की संयुक्त बैठक शनिवार को रेहला साप्ताहिक शुक्रबाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्रा व संचालन बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप गुप्ता ने किया। बैठक में विहिप और बजरंग दल का दायित्व परिवर्तन करते हुए प्रखान कमेटी का पुनर्गठन किया गया। विक्रम आदित्य को विहिप का खंड अध्यक्ष बनाया गया। जबकि राजकुमार मेहता को मंत्री बनाया गया। जबकि अंश सोनी को बजरंग दल का प्रखंड संयोजक चुना गया। गोलू गुप्ता को रेहला नगर संयोजक। वहीं सिगसिगी का पंचायत संयोजक रंजित कुशवाहा और सह संयोजक हिमांशु सोनी को बनाया गया। गुरहा पंचायत का संयोजक अरुण गुप्ता और उरसुला पंचायत का संयोजक संतोष कुमार ठाकुर को बनाया गया है।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में गुब्बारा फोड़ कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बलून बर्सटिंग (गुब्बारा फोड़) समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें प्री नर्सरी से कक्षा तृतीय तक के विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई। विदित हो कि नये सत्र के आरंभिक अवसर पर बच्चों को नवीन कक्षा के प्रति विशिष्ट रुचि और विद्यालय के प्रति लगाव के लिए इस प्रकार की कई गतिविधियां कराई जाती है। इस अवसर पर बच्चों द्वारा गुब्बारों सहित विभिन्न गीतों पर मनोहारी





प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि गतिविधि आधारित शिक्षा का उद्देश्य बच्चों में रुचि पैदा करना होता है। पारिवारिक वातावरण का विद्यालयीन वातावरण से सामंजस्य बिठाना आवश्यक होता है। अतः ऐसी गतिविधियां इस कार्य में सहायक होती है। छात्रों के थिरकते कदम उनके बेहतर भविष्य का सूचक है। बेहतर शैक्षिक वातावरण बनाने में ऑक्सफोर्ड स्कूल बेजोड़ है। शिक्षण तकनीक से गतिविधियों को जोड़कर बेहतर वातावरण बनाया जा सकता है। इस प्रकार की स्वतंत्र गतिविधियां बच्चों के विद्यालयीन व कक्षागत रुचियां प्रदान करने में सहायक होती है। छोटा बच्चा समझ के हमको आंख न दिखाना रे... और बम-बम बोले... आदि गीतों पर विद्यार्थी खूम झूमे।

# कलयुग में केवल राम का नाम लेने से सभी कष्टों का हो जाता है निवारण : व्यंकटेश जी महाराज



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के केतात ग्राम पंचायत में नव निर्मित श्रीराम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अहले सुबह से ही यज्ञशाला के परिक्रमा के लिए श्रद्धालु यज्ञस्थल पर पहुंच जा रहे हैं। दोपहर दो बजे से रामकथा भी चल रहा है। कथा के तीसरे दिन कथावाचक रामानुजाचार्य व्यंकटेश जी महाराज ने कहा कि इस कलयुग में केवल राम के नाम से सभी कष्टों का निवारण हो जाता है। मौके पर श्री राम जानकी मंदिर निर्माण के प्रणेता शशि नाथ चौबे, डॉ प्रकाश परिमल, पूर्व मुखिया रवि शंकर चौबे, कांग्रेस नेता विजय कुमार चौबे, वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, अरविंद चौबे, बालजी चौबे, नवीन चौबे, राजेश चौबे, हर्षवर्धन चौबे आदि थे।

# भगवान शिव विश्वास और माता पार्वती शक्ति स्वरूपा हैं : कृष्णानंद शास्त्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वासंतिक नवरात्र में गढ़वा रोड स्टेशन परिसर स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री योगीबीर देवस्थल पर आयोजित श्रीराम चरितमानस नवाह्नपरायण महायज्ञ के उत्तरार्ध में प्रवेश के साथ पूरा रेहला कस्बा भगवान राम और शक्ति की भक्ति में लीन होने लगा है। इस उपलक्ष्य में अयोध्या से आए भागवत और रामकथा के प्रकांड विद्वान और राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त प्रवचनकर्ता स्वामी कृष्णानंद शास्त्री ने प्रतिपदा की रात्रिकाल से नियमित रूप से



भागवत और शिवपुराण के सुग्राह्य उपदेश दे रहे हैं। इसमें स्वामी जी ने खासतौर से शिव-पार्वती की निश्चलभाव से भक्तजनों द्वारा पूजा आराधना से प्रसन्न होने की बात कही। शिव-पार्वती के विवाह और इसमें शामिल अद्भुत बाराती के आगे माता पार्वती का यज्ञ अनुष्ठान में उनके पिता राजा दक्ष द्वारा किए गए अपमान का वर्णन करते हुए कई मार्मिक प्रसंगों का जिक्र किया। वहीं प्रवचन स्थल पर ब्यास मंच के समीप शिव-पार्वती के ब्याह पर आधारित चिताकर्षक झांकी की मनमोहक प्रस्तुति ने समां बांध दिया। इस शिवपुराण के धार्मिक और लौकिक पक्ष की प्रासंगिक व्याख्या करते हुए स्वामी कृष्णानंद ने कहा कि शिव विश्वास स्वरूप हैं। वहीं शक्ति स्वरूपा माता पार्वती श्रद्धा स्वरूप हैं। दोनों को जीवन में आत्मसात कर लेने से मानव जीवन धन्य हो जाता है।

# दो वारंटी गिरफ्तार, भेजे गये जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी पुलिस ने पकरिया निवासी नामजद वारंटी अभियुक्त वसीम अंसारी एवं तरवाडीह निवासी फरार अभियुक्त लालू भुईयां उर्फ ललवा भुईयां को गिरफ्तार कर मेदिनीनगर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि वसीम अंसारी 2017 में मारपीट के मामले में नामजद था। जबकि लालू उर्फ ललवा भुईयां 2006 से गिरफ्तारी के भय से फरार था।

## मारपीट मामले में आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विभिन्न आपराधिक मामलों में फरार चल रहे आरोपितों की धरपकड़ के लिए छापामारी तेज कर दी है। इसी क्रम में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सुकना डेरा गांव से पुलिस ने संजय यादव व उसके बेटे धर्मेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों प्राथमिकी अभियुक्त है।

## स्पोर्ट्स



डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा है। उन्हें फ्रांस के फ़िरोज अलीरेजा के खिलाफ अच्छी स्थिति में होने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा है।

# गुकेश की पहली हार, प्रगनानंदा ने शीर्ष वरीय कारुआना से ड्रॉ खेला

एजेंसी

**टोरंटो (कनाडा)।** डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा। उन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ अच्छी स्थिति में होने के बावजूद मात सहनी पड़ी। इस हार के बाद गुकेश (4) को संयुक्त शीर्ष स्थान भी गंवाना पड़ा। अब वह आर प्रगनानंदा और फैबियानो कारुआना के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रगनानंदा (4) और शीर्ष वरीय कारुआना (4) ने सातवें दौर की बाजी ड्रॉ खेली।



विदित गुजराती (3.5) का भी अजरबैजान के निजात एबासोव (2) से मुकाबला बराबरी पर छूटा। रूस के इयन नेपोमनियाच्ची (4.5) अमेरिकी नाकामुरा (3.5) से ड्रॉ खेलकर इकलौती बढ़त पर हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की ली टिंगजी (4) से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कोनेरू हंपी ने यूक्रेन की मुजिशुक (2.5) से ड्रॉ खेला। दोनों के 2.5 अंक हैं। चीन की झोंगयी तान (5) ने रूस की अलेक्जेंडर गोर्याचकिना (4.5) से ड्रॉ खेल महिला वर्ग में अपनी बढ़त को कायम रखा है।

## टूर्नामेंट का आधा पड़ाव हुआ समाप्त

सात दौर के बाद टूर्नामेंट का आधा पड़ाव समाप्त हो चुका है। अब अगले सात दौर में विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले का फैसला होगा। टूर्नामेंट में पहली बार चीजें गुकेश की योजनाओं के अनुसार नहीं चलीं। मध्य खेल तक गुकेश अच्छी स्थिति में थे, लेकिन उन्हें गैरजरूरी जटिलताओं को अपनाना महंगा पड़ा। वह बुरी तरह समय के फेर में फंस गए थे। प्रगनानंदा ने 41 चालों में फ्रेंच रक्षण का सहारा लेते हुए कारुआना से ड्रॉ खेला। गुजराती भी मध्य खेल में मजबूत स्थिति में थे, लेकिन एबासोव ने खेल के अंत में मजबूत रक्षण का परिचय देकर ड्रॉ खेला।

## हंपी ने भी ड्रॉ खेला

वैशाली और हंपी दोनों सबसे निचले स्थान पर हैं। ऐसे में उनकी टूर्नामेंट में वापसी की उम्मीदें लगभग समाप्त हो चुकी हैं। वैशाली टिंगजी से 36 चालों में हारीं। वहीं काले मोहरों से खेल रहीं हंपी और मुजिशुक का मुकाबला 40 चालों में बराबरी पर छूटा। शुक्रवार को टूनामेंट का दूसरा विश्राम दिवस है।

## बीजीएच में अत्याधुनिक सीटी स्कैन का उद्घाटन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आरएसपी के निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक ने बोकारो जनरल अस्पताल में 128 स्लाइस स्टेट ऑफ दि आर्ट अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का उद्धाटन किया। इस मौके पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक, बीजीएच के सीएमओ डॉ बीबी करुणामय सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित थे। बीजीएच में इससे पहले 6 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन उपलब्ध था। अब अस्पताल में 128 स्लाइस स्टेट ऑफ दि आर्ट अत्याधुनिक सी टी स्कैन मशीन से मरीजों की जांच में और बेहतरी आएगी। इस सीटी स्कैन में लो रेडिएशन डोज, स्कैनिंग टाइम में कमी, हाई रेसोलूशन 3 डी इमेज, ए आई आधारित कंट्रोल सिस्टम सहित कई और सुविधाएं हैं। साथ ही इससे कार्डिएक स्कैनिंग एवं कोरोनरी एंजियोग्राफी भी अधिक दक्षता एवं सटीक रीति से की जा सकेगी जिसका लाभ मरीजों को मिलेगा।

## हिदायत : नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर की जाएगी कार्रवाई

# सीबीएससीई के नियमों का पालन करना सभी स्कूलों के लिए अनिवार्य : उपायुक्त

कहा- रामनवमी के बाद बैठक कर लिया जाएगा उचित निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

### विजया जाधव राव ने भी स्वीकारा, निजी स्कूल करते हैं मनमानी


पदाधिकारियों-अभिभावकों के साथ बैठक करती बोकारो डीसी विजया जाधव राव।

**बोकारो।** निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर की गई शिकायत पर बोकारो डीसी विजया जाधव राव की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरिय समिति की बैठक शनिवार को जिला मुख्यालय में संपन्न हुई। जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से मांगे गए दस्तावेजों को बोकारो के निजी स्कूलों व झारखंड अभिभावक संघ ने समिति को सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष महेंद्र राय ने अभिभावकों की समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कमेटी की अध्यक्ष बोकारो की डीसी से कहा कि जिले के सभी निजी स्कूलों द्वारा प्रतिवर्ष बुक परिवर्तन, फीस परिवर्तन, डेवलपिंग चार्ज, री एडमिशन में काफी बढ़ोतरी की जाती हैं जिससे मध्यम वर्गों के अभिभावकों को काफी परेशानी होती है। मार्च-अप्रैल महीना आते ही अभिभावक तनाव पूर्ण माहौल में जीते हैं। लेट फाइन, कंप्यूटर फीस, लैब फीस ये सब अतिरिक्त चार्ज लेना स्कूलों की मनमानी है, क्योंकि स्कूल डेवलपिंग चार्ज लेती हैं। इस पर बोकारो डीसी ने कहा कि अभिभावकों की समस्या जायज है। हर कोई निजी स्कूलों की मनमानी से जूझ रहा है। सीबीएससीई की दिशा-निर्देश को पालन करना सभी स्कूल की जिम्मेदारी है। जो स्कूल पालन नहीं करेंगें उनपर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। किताबें, आम बाजार में उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि अभिभावकों को राहत मिल सके। किसी खास दुकान में अगर मिल रही है तो यह सही नहीं है। अभिभावक संघ की ओर से किए गए दस्तावेज व स्कूलों द्वारा दी गई दस्तावेज की जांच कर रामनवमी के बाद शनिवार को फिर बैठक की जाएगी। जांच के दौरान पाये गए बिंदुओं पर विचार कर उचित निर्णय लिया जायेगा। बैठक में जिला समिति सदस्य कौशल किशोर, अजित ठाकुर, अजय कुमार, धनराज चौधरी, संजीत कुमार और रमेश प्रसाद सिंह आदि मौजूद रहे।

# ढुल्लू महतो मुझ पर मुकदमा करें नहीं तो समझेंगे कायर: सरयू राय

## कहा- कांग्रेस समर्थन देगी तो धनबाद में दर्ज करेंगे बड़ी जीत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने बोकारो में संवाददाता सम्मेलन कर धनबाद लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार ढुल्लू महतो पर जमकर जुबानी हमला बोला। उन्होंने ढुल्लू महतो को चुनौती देते हुए कहा कि जो नोटिस भिजवाया, उसे मैंने कूड़ेदान में डाल दिया। कई दिन हो गये। समय बीत गया। मैं इंतजार कर रहा हूं कि कब वह न्यायालय में मेरे खिलाफ मुकदमा दायर कर रहे हैं। मैं चुनौती देता हूं कि न्यायालय में मुकदमा दायर करें। मैं न्यायालय में सही-गलत का जवाब दूंगा। अगर वह न्यायालय में मुकदमा दायर नहीं करते हैं, तब मैं यह समझूंगा कि यह एक कायर की धमकी थी। अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए नोटिस भिजवाया गया। उन्होंने कहा कि यह जनता का चुनाव है। एके राय चुनाव में खड़े थे, यह उस वक्त के चुनाव जैसा ही है। राज्य को आगे बढ़ाना है तो समावेशी स्थानीय नीति होनी चाहिए। सब मिलजुल कर काम करें। कहा कि भाजपा के प्रत्याशी के चुनावी मैदान में उतरने से भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। धनबाद के कृष्णा अग्रवाल के पक्ष में बयान देने पर दुबई में रहने वाले प्रिंस खान ने धमकी दी। सरकार को उसे दुबई से भारत लाकर सजा दिलानी चाहिए। इसको लेकर पूर्व में सरकार को पत्र दिया था। इसको लेकर जल्द कार्रवाई होनी चाहिए। उसे भारत लाने के लिए कानूनी प्रक्रिया तेज होनी चाहिए। अपराधियों को डरना चाहिए, ना कि लोगों को। मैं लोगों से मिल कर थाह ले रहा हूं कि कैसे काम करना है। जनसंघ के संस्थापक पं दीन दयाल उपाध्याय ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि यदि उम्मीदवार के चयन को लेकर पार्टी से गलती हो जाये तो कार्यकर्ताओं व लोगों का दायित्व बनता है कि उस गलती को सुधार दे। भाजपा से अगर गलती हुई है, तो इस गलती को सुधारना चाहिए। भजपा के लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मुझे ज्ञान ना बांटने की सलाह दी है, लेकिन ज्ञान बांटना गलत नहीं।

### ढुल्लू महतो को हराने के लिए हो रही बात

सरयू राय ने कहा कि कांग्रेस के अलावा अन्य दल के नेताओं से भी बातचीत की गयी है। चुनाव ऐसे उम्मीदवार का चयन होना चाहिए, जो भाजपा के उम्मीदवार ढुल्लू महतो को हरा दे। मुझे धनबाद से लोकसभा चुनाव में खड़ा होने का कोई शौक नहीं है। लेकिन सबकी राय पर चुनाव में खड़ा हो सकता हूं। कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार खड़ा नहीं किया तो बड़े अंतर से जीतूंगा। अगर कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया तो कम अंतर से जीतूंगा। पर भाजपा प्रत्याशी को यहां की जनता हराना चाहती है। मौके पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, जिलाध्यक्ष पंकज राय, पीएन सिंह, पवन राय, मनोज सिंह, संतोष कुमार, राजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

## 22 अप्रैल को आयोजित होने वाले इलेक्शन कार्निवल को लेकर बैठक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभाकक्ष में नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता ने 22 अप्रैल को प्रस्तावित इलेक्शन कार्निवाल के सफल आयोजन को लेकर सभी स्टेक होल्डर्स सहित जिले के विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की। जिसमें क्रमवार आयोजन को लेकर की जाने वाली तैयारियां एवं उसके लिए अलग-अलग जरूरी निर्देश दिया। साथ ही सभी को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम में सहयोग करने को कहा। इस मौके पर स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी प्रवीण कुमार, साकेत कुमार पांडेय, शक्ति कुमार, हेमलता बून, मनोज मंजित, प्रकाश रंजन, प्रदीप कुमार सभी औद्योगिक संस्थानों, खेल संघ के अध्यक्ष व सचिव, विभिन्न शिक्षण संस्थान के प्राचार्य आदि उपस्थित थे।

## मैथन में बनेंगे चार अस्थायी हेलीपैड एसडीपीओ ने किया स्थल का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**एग्यारकुंड।** लोकसभा चुनाव और क्षेत्र में चुनाव प्रचार को ध्यान में रखते हुए वीआइपी गतिविधियों को लेकर मैथन में चार जगहों पर हेलीपैड बनाए जाएंगे। वरीय पदाधिकारी के आदेश पर एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने मैथन पुलिस के साथ मिलकर शनिवार को क्षेत्र में चार स्थानों पर हेलीपैड निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें मैथन गोगना छठ घाट स्थित मैदान पर दो हेलीपैड बनाए जायेंगें। इसके अलावा मैथन डैम के समीप स्पोर्ट्स हॉस्टल के समीप तीसरा हेलीपैड बनेगा। जबकि चौथा हेलीपैड मैथन एरिया चार स्थित क्लब मैदान में बनाया जाएगा।

## कोडाडीह में आयोजित श्रीश्री 108 श्री हनुमंत महायज्ञ के कलश यात्रा में शामिल हुए दीप नारायण सिंह



**धनबाद/कतरास (आजाद सिपाही)।** कोडाड़ीह में आयोजित तीन दिवसीय श्रीश्री 108 श्री हनुमंत महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। जिसमें जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह भी शामिल हुए। जलयात्रा कोडाड़ीह मंदिर परिसर यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर कतरी नदी लिलौरी मंदिर पहुंचा। जहां मंत्रोच्चारण के साथ जलभरण कर दुर्गाटॉकिज मोड़, श्यामडीह मोड़, फुलवार होते हुए पुनः यज्ञ मंडप आकर जलयात्रा संपन्न हुआ। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से गांव में सुख, शांति और समृद्धि आती है और वातावरण शुद्ध हो जाता है। यज्ञ आचार्य नवीन पाण्डेय के नेतृत्व में यज्ञ संपन्न होगी। मौके पर पूर्व जिप सदस्य सहदेव सिंह, यज्ञ यजमान सुखदेव शर्मा, राम चंद्र शर्मा, काली शर्मा, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष मिट्ठू रजवार, संजय शर्मा, रमेश शर्मा आदि शामिल हुए।

## वॉलेंटियर्स को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त मतदान दिवस पर मतदाताओं की कतार प्रबंधन करने, दिव्यांग/वरिष्ठ मतदाताओं को सहायता आदि करने के लिए मतदान केंद्रों पर तैनात किए जाने वाले प्रस्तावित वॉलिंटियर्स को उनके कर्तव्यों से अवगत कराने के लिए पूर्वी टुंडी के बीडीओ अमृता सिंह की अध्यक्षता में दो पालियों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विदित हो पूर्वी टुंडी प्रखंड के सभी 46 मतदान केंद्रों में 180 वॉलिंटियर्स की तैनाती की जाएगी। वैसे मतदान केंद्र जहां 400 से अधिक मतदाताएं हैं वहां चार और जहां 400 से कम मतदात हैं वहां दो वॉलिंटियर तैनात किए जाएंगे। जिनकी उम्र 14 साल से अधिक एवं 18 वर्ष से कम होगा। दिव्यांग, वरिष्ठ एवं शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को वॉलेंटियर्स सहायता करेंगें। बीडीओ अमृता सिंह ने बताया कि मतदान दिवस के दिन वॉलिंटियर मतदान केंद्रों पर बीएलओ की देखरेख में कार्य करेंगे। मतदान को सुगम एवं शांतिपूर्ण संचालन में अपनी भूमिका निभायेंगें। सभी वॉलिंटियर्स की पहचान के लिए उनका फोटो पहचान पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इस मौके पर सभी वॉलिंटियर्स, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजीव रंजन, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विधान कुमार माजी, शिक्षक राजीव कुमार, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं बीएलओ उपस्थित थे।

## जलियांवाला बाग नरसंहार की बरसी पर अमर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** माकपा सिंदरी शाखा की ओर से शनिवार को जालियांवाला बाग हत्याकांड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सबसे पहले शहिद बेदी पर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया गया। वहीं, माकपा सिंदरी-बलियापुर लोकल कमेटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत द्वारा किसान विरोधी कानून 'रौलेट एक्ट' का विरोध करने के लिए साल 1919 में 13 अप्रैल को ही सभा बुलाई गई थी। जिसमें पहुंचे हजारों निर्दोष लोगों को अंग्रेज ऑफिसर जनरल डायर अंधाधुंध गोलियां चलवा दी थी। इस नर संहार में 484 देशभक्तों की जान चली गई थी। जिसमें बच्चे और महिलाएं भी सामिल थी। इस नरसंहार ने देश की आजादी के लेकर चलाए जा रहे आंदोलन में आग में घी का काम किया और 1947 में हमें आजादी मिली। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार भी किसानों के खिलाफ काला कानून पास कर अन्नदाताओं को कार्पोरेट घरानों का गुलाम बनाने की कोशिश की थी। पर किसानों के उग्र आंदोलन के चलते एक साल बाद तीनों कृषि बिल को वापस लेना पड़ा था। हालांकि इस दौरान 700 किसानों की जान भी चली गई थी। इस लिए केंद्र की भाजपा को इस बार लोकसभा चुनाव में सबक सिखाना होगा। इस मौके पर शाखा सचिव गौतम प्रसाद, सूर्यकुमार सिंह, स्वामीनाथ पांडे, रानी मिश्रा, आरके मिश्रा, रंजू प्रसाद, सबल चंद्र दास, राम लायक राम आदि उपस्थित थे। उधर, मनोहरटांड़ मासस कार्यालय में भी जालियांवाला बाग के अमर शहीदों का याद करते हुए उनकी बेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसमें शामिल मासस के केंद्रीय सचिव कॉमरेड चंद्रदेव महतो ने केंद्र सरकार की म्जमकर आलोचना की। मौके पर मासस नगर सचिव राजीव मुखर्जी, सुरेश प्रसाद, छोटन चटर्जी, मुखिया राजा राम रजक, पंसस रोहित महतो, मंगल महतो, सुरजीत चंद्र, कृष्ण दान, विरांची महतो, सहदेव सिंह, दशरथ सिंह, अमर सिंह, नगर अध्यक्ष जितू सिंह आदि थे।

## रामनवमी को लेकर झंडा व बांस की बिक्री जोरों पर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रामनवमी त्योहार की तैयारी जोरों पर है। धनबाद व आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को रामनवमी झंडा और बांस की बाजार में काफी चहल पहल देखी जा रही है। इस अवसर पर सनातन धर्मावलंबी घर-घर महावीरी बांस लगाते हैं और श्री राम भक्त हनुमान की पूजा आस्था और विश्वास के साथ करते हैं। धनबाद जिला में महावीरी झंडा और बांस की बिक्री खूब हो रही है। धनबाद और झरिया के मेन रोड, सभी चौक-चौराहों में महावीरी झंडा और बांस की दुकानें सज गई है। महावीरी झंडा 80 से 200 रुपये और बांस 150 से 500 रुपये तक बेचे जा रहे हैं। वहीं, रामनवमी महोत्सव को लेकर धनबाद जिला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में काफी उत्साह का माहौल है।

## झामुमो के गिरिडीह प्रत्याशी की जीत को लेकर गोमिया में बैठक

# लोकसभा चुनाव एक विचारधारा की लड़ाई, जिसे जनता के वोट से ही जीत सकते हैं: मथुरा महतो

आजाद सिपाही संवाददाता


गोमिया में आयोजित झामुमो की बैठक में गिरिडीह प्रत्यासी मथुरा महतो व अन्य।

**गोमिया।** पलिहारी गुरुडीह पंचायत अंतर्गत भामाशाह तैलिक धर्मशाला में शनिवार को लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो की जीत सुनिश्चित करने को लेकर झामुमो गोमिया प्रखंड कमेटी की बैठक की गई। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ ही टुंडी विधायक सह गिरिडीह लोस के के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो, पूर्व विधायक बबीता देवी, झामुमो बोकारो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी, सचिव जयनारायण टुडू, कोषाध्यक्ष अशोक मुर्मू आदि शामिल हुए। मथुरा महतो ने कहा कि राज्य में जब झामुमो की सत्तारूढ़ सरकार आई तब खजाना खाली था। राज्य की वर्तमान सरकार ने बेहतर सूझबूझ से अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया। जिससे राज्य में निरंतर विकास कार्यों का ग्राफ बढ़ रहा है। लोकसभा चुनाव एक विचारधारा की लड़ाई है। इसे जनता के वोट से ही जीता जा सकता है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह संसदीय सीट पर गोमिया विधानसभा क्षेत्र से हमेशा झामुमो लीड रोल में रहता है। गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद एवं पूर्व विधायक बबीता देवी गोमिया विस क्षेत्र में जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी बूथो को चुस्त दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वहीं, पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि 21 अप्रैल को राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में झामुमो की महारैली होगी। जिसका उद्देश्य विपक्षी पार्टी पर केंद्र की ओल से चलाई जा रही दमनकारी नीतियों का विरोध, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जेल से रिहाई की मांग होगा। उन्होंने लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को भारी मतों से जीताने की भी अपील की। वहीं, पूर्व विधायक बबीता देवी ने कहा कि गिरिडीह से मथुरा प्रसाद महतो को भारी मतों से जीतायें। वर्तमान सांसद अपने क्षेत्र से नदारत रहते थे। वह सिर्फ रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में घूमते रहते थे। वर्तमान सांसद ने कहा था कि हम गिरिडीह छोड़ सकते हैं, लेकिन रामगढ़ नहीं। लेकिन फिर यहीं से उम्मीदवारी कर रहें हैं। जनता कुछ भूली नहीं है। चुनावी मैदाप में उपयुक्त जवाब देगी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लूदु मांझी व संचालन मुखिया बंटी उरांव ने किया। बैठक में केदारनाथ पंडा, मुखिया रामवृक्ष मुर्मू, मुखिया राजेश रजवार, मुखिया हीरालाल, पूर्व प्रमुख कांति देवी, पूर्व उपप्रमुख गिरधारी महतो, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, घनश्याम महतो, गणेश यादव, मुमताज अंसारी आदि मौजूद थे।

## व्रतियों ने किया खरना पहला अर्घ्य आज



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा के दूसरे दिन शनिवार को व्रतियों ने पूरे नेम धर्म से स्नान आदि कर खरना (लोहंडा) का व्रत किया। इसके साथ ही व्रर्तियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो गया। इसके पहले शुक्रवार को नहाए खाए से चैती छठ का शुभारंभ हुआ। वर्तियो ने कद्दू भात बनाकर भगवान को नमन कर प्रसाद ग्रहण किए। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो कद्दू में लगभग 96 फीसदी पानी होता है। इसे ग्रहण करने से कई तरह की बीमारियां खत्म होती हैं। खरना के दिन गाय के दूध में खीर का प्रसाद बनाया जाता है। रविवार की संध्या अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर व सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर पर्व का समापन होगा। यह पर्व बिहार पूर्वांचल और झारखंड में विशेष रूप से मनाया जाता है। छठ महापर्व खासतौर पर अपने बच्चों के लिए किया जाता है। जिसमे बच्चे की लंबी आयु, यश, धन, निरोग और वैभव की कामना की जाती है।

## सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में समाजसेवी सम्मान समारोह के दौरान सड़क पर लगा नि:शुल्क पनशाला



**कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी के ऐट लाइन मार्ग के नगरीकला स्थित सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में शनिवार को समाजसेवी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय की ओर से मुख्य गेट पर पनशाला का उद्घाटन भी किया गया। जिसमें समाज सेवी, राजनीतिक एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों को विद्यालय के सचिव डॉ सर्वमंगला प्रसाद एवं प्राचार्य डॉ प्रभा सक्सेना ने उपहार देकर सम्मानित किया। उपस्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की मनीषा मंजूरी ने तनाव से मुक्त रहने के कई उपाय बताया। कहा कि मनुष्य को समय के साथ चलना चाहिए। जिंदगी में उतार चढ़ाव आते रहते है। माता-पिता की डांट बच्चों के लिए वरदान साबित होती है। इसलिए बच्चों को कभी बुरा नहीं मानना चाहिए, क्योंकि माता-पिता गलत रास्ते से अच्छे रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। मौके पर डॉक्टर सर्वमंगला प्रसाद, डॉक्टर प्रभा सक्सेना, डॉक्टर हरदेव प्रसाद, संजय भाई, बीके शिवानी, महेंद्र प्रसाद, कल्याणी नायर, बिंदु कुमारी आदि मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**जल पथ प्रमंडल सं0–2 हजारीबाग**
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सं0–01/2024–25, PR NO.-323726 के ग्रुप सं0– 02 में वर्णित कार्य (बरकट्ठा प्रखंड अर्न्तगत परियोजना बालिका उच्च विधालय बरकट्ठा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0–
कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग

PR 323800 Water Resource(24-25)#D

## एमसीएल जागृति महिला मंडल ने श्रद्धालुओं को दिया गुड़, चना और शरबत



**बुर्ला (आजाद सिपाही)।** एमसीएल की जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष सुवर्णा काओले, उपाध्यक्ष अल्पना शुक्ला राव, रश्मी बेहुरा और अंजलि बापट के मार्गदर्शन में एमसीएल के जागृति विहार स्थित जागृति भवानी मंदिर के पास सामाजिक पहल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नवरात्रि उत्सव के दौरान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं व भक्तों के बीच गुड़, चना और शरबत (पारंपरिक पेय पदार्थ) का वितरण किया गया। इस अवसर पर जागृति महिला मंडल द्वारा नेक प्रयास किया गया। मंडल की कोषाध्यक्ष अनिता गर्ग, संयुक्त सचिव मिलिना प्रियदर्शिनी और मंडल के कई सदस्यों ने इस सराहनीय सामाजिक कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## सीएम नवीन ने स्थापना दिवस की बधाई दी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राजधानी भुवनेश्वर के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भुवनेश्वर एक स्वच्छ, हरित और सुंदर राजधानी है। भुवनेश्वर ने अपनी विरासत और गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए लोगों की सुविधा को प्राथमिकता देकर विभिन्न क्षेत्रों में एक नया इतिहास लिखा है। परिवर्तन के स्पर्श से विकास की नयी ऊंचाइयों को छुआ है। आइए हम इस प्रवृत्ति को बरकरार रखें, राजधानी के स्थापना दिवस पर सभी को मेरी हार्दिक बधाई।

# चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल और ओड़िशा पुलिस की अंतरराज्यीय बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** आम चुनाव-2024 मई और जून 2024 में चार चरणों में होने जा रहा है। इस संबंध में शनिवार को अवासी के माध्यम से कटक स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय में पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक अंतरराज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि चूंकि राज्य के बालेश्वर और मयूरभंज जिले की सीमा पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से सटी हुई है, इसलिए इन दोनों जिलों में चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और अपराधिक माहौल में कराया जाना चाहिए।

डीजीपी अरुण कुमार षड़ंगी ने पश्चिम बंगाल के लालगोला, मुर्शिदाबाद और बर्धमान जैसी जगहों पर खासकर ब्राउन शुगर जैसी घातक निशाद्रब्य को रोकने पर जोर दिया। उन्होंने नशीली कारोबार के मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने और जांच प्रक्रिया को व्यापक बनाने के लिए दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों की सहमति मांगी।

बैठक में पुलिस महानिदेशक अरुण कुमार षाड़ंगी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) आरके शर्मा, निदेशक (खुफिया) सौमेंद्र प्रियदर्शी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) संजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (संचालन) एस देवदत्त सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आधुनिकीकरण) दयाल गंगवार, आइजीपी (प्रावधान) यतींद्र कोयल, आइजीपी (कार्मिक) एस प्रवीण कुमार, आइजीपी (खुफिया) अनूप साहू के साथ उत्तरी रेंजर्स के आइजी दीपक कुमार और सिमांत बालेश्वर और मयूरभंज जिलों के एसपी उपस्थित थे। वहीं, बैठक में पश्चिम बंगाल के डीजीपी संजय मुखोपाध्याय समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सीमावर्ती जिलों के एसपी मौजूद थे।

बैठक में सीमावर्ती जिलों में सीमा चौकियों पर सख्त जांच, संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की जांच, अवैध हथियारों, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थों और अवैध रुपये की जांच पर एक विशेष योजना तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की गयी। इसके अलावा बैठक में दोनों राज्यों के अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार करने पर चर्चा की गयी। बैठक का विचार था कि मादक पदार्थों की तस्करी के संवेदनशील बिंदुओं की पहचान करने और चुनाव से संबंधित हिंसा को रोकने के लिए विशिष्ट योजनाएं बनायी गयी हैं। इसके अलावा, बैठक में यह देखा गया कि दोनों राज्यों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने, सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी खबरों का प्रसार करने, अंतरराज्यीय चौकियों पर संयुक्त जांच, यूपीआइ आइडी के माध्यम से पैसे का लेनदेन, गांजा तस्करी, साप्ताहिक बैठकें, साइबर रोकथाम के लिए विशेष योजना बैठक में अपराध, संवेदनशील स्थानों और मतदान केंद्रों की पहचान, वारंट अपराधियों और आदतन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष कदम उठाये जा रहे हैं।

# कोडरमा में भाजपा की लहर : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** गावां बाजार स्थित टिकैतगढ़ में शनिवार को लोकसभा चुनाव में धनवार विधानसभा से भाजपा को सबसे अधिक मत दिलाने को लेकर गावां व माल्डा मंडल की एक संयुक्त बैठक हुई। अध्यक्षता गावां मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद व संचालन आनंदी यादव ने किया। बैठक में लोकसभा प्रभारी चुन्नूकांत, पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह एवं अशोक उपाध्याय मौजूद थे। इस दौरान पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। इस बार पिछले बार से भी प्रचंड मतों से अन्नपूर्णा देवी की जीत होगी। वावजूद कार्यकर्ताओं को मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता उत्साहित हैं। यह अच्छी बात है, लेकिन अतिउत्साह में नहीं रहें। कार्यकर्ता अपने बूथ के एक-एक घर जाकर लोगों से मिलें और भाजपा की योजनाओं, उसकी नीति और कार्यों से अवगत करायें और वोट मांगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी देश की संस्कृति को बचाने और भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहें हैं। मौके पर मनोज यादव, श्रीराम यादव, मुन्ना सिंह, मनोज सिंह, अंकज सिंह, पवन सिंह, भगवान दास बरनवाल, योगेंद्र साव, सौदागर साव, देवनंदन सिन्हा मौजूद थे।

## संघमित्रा मल्लिक को निलंबित किया गया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बौध जिला दह्या सरकारी नोडल हाई स्कूल के सहायक शिक्षयत्री संघमित्रा मल्लिक को निलंबित किया गया। चुनाव आचार संहिता लागू होने के दौरान एक राजनीतिक दल की पार्टी रैली में भाग लेने के बाद शिक्षयत्री को चुनाव अधिकारि ने निलंबित किया। जानकारी के मुताबिक दो दिन पहले बौध जिले के कंटामाल विधानसभा क्षेत्र पलशपाट से आंबगांव तक एक राजनीतिक दल की ओर से बाइक रैली निकाली गयी थी। आरोप था कि इस रैली में शिक्षयत्री संघमित्रा मल्लिक शामिल हुए थीं। इस लापरवाही के लिए शिक्षयत्री को निलंबित कर दिया गया है।

# बीजेडी के अजय नायक बीजेपी में शामिल

## भ्रष्टाचार के कारण जल्द डूब जायेगी बीजेडी की नाव : अजय नायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजेडी) में कोई लोकतंत्र नहीं है। बीजेडी गैर-ओडिया कार्यकर्ताओं की पकड़ में है। वर्षों की कड़ी मेहनत से बीजेडी को मजबूत करने वाले पुराने नेताओं और कार्यकताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और आयातित नेताओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

बीजू जनता दल एक कॉर्पोरेट हाउस बन गया है। विभिन्न दुर्न्निती और भ्रष्टाचारों के कारण बीजेडी नाव जल्द ही डूब जायेगी। दूसरी ओर मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के उनके दृढ़ संकल्प से प्रभावित हूं। विकसित ओड़िशा के निर्माण के लिए भाजपा ही एकमात्र विकल्प है। बीजू जनता दल (बीजेडी) के राज्य संपादक और भद्रक जिले के वरिष्ठ बीजेडी नेता श्री अजय नायक ने कहा कि आज मैं बीजेडी के साथ अपने लंबे संबंध को तोड़ने के बाद भाजपा में शामिल हुआ।

श्री नायक शनिवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित विलय समारोह में औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गये। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री समीर महांति ने उतरिय देकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष बिरचि नारायण त्रिपाठी, प्रदेश संपादक तथा भद्रक लोकसभा प्रत्याशी अभिमन्यु सेठी, प्रदेश संपादक सरोज कर, धामनगर विधायक पार्थी सूर्यबंशी सूरज, प्रदेश प्रवक्ता सत्यब्रत पंडा एवं प्रदेश कार्यकारी सदस्य मुरली शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# रेल मंत्रालय ने रेलवे स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता के लिए प्रयास तेज किये

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** रेल मंत्रालय भारतीय रेलवे के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गर्मी और संभावित लू के मद्देनजर रेल मंत्रालय ने स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता की समीक्षा की है और जोनल रेलवे और रेलवे जिलों को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। तदनुसार सभी स्टेशनों पर यात्रियों को संबंधित नियमों के अनुसार स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

संभावित गर्मी के महीनों में इस प्रयास को और मजबूत करने के लिए पूर्व तट रेलवे द्वारा कई कदम उठाये गये हैं:- **उपलब्धता और कार्यक्षमता :** यह सुनिश्चित करना कि सभी मौजूदा वॉटर कूलर कार्यात्मक हैं और यात्रियों की मांग को पूरा करते हैं।

**टैंकर तैनाती :** संवेदनशील स्टेशनों पर पानी की आपूर्ति के लिए आवश्यकतानुसार पानी के टैंकर तैनात करना।

**नियमित निरीक्षण :** सभी प्लेटफार्मों पर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन पर नियमित निरीक्षण ।

**गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और गैर-सरकारी संगठनों और सामुदायिक समूहों के साथ सहयोग :** ठंडे पानी के वितरण के लिए सक्रिय रूप से सहायता मांगी जाती है। विशेष रूप से महिला स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ, स्काउट और गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों से।

**कमी की स्थिति का समाधान :** पानी की कमी का सामना करने वाले क्षेत्रों में रेलवे अधिकारी नगर निगमों/राज्य सरकारों के साथ सहयोग कर रहे हैं और वैकल्पिक जल आपूर्ति समाधान तलाश रहे हैं।

**24/7 निगरानी :** निरंतर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आपातकालीन स्थिति में उत्पन्न होने वाले मुद्दों का तुरंत समाधान करने के लिए रेलवे कर्मचारियों द्वारा चौबीसों घंटे निगरानी की एक प्रणाली लागू की गयी है।

रेल मंत्रालय सभी यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन सक्रिय उपायों का उद्देश्य पूरे गर्मी के मौसम में स्टेशनों पर स्वच्छ पेयजल की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

## ईरानी सेना ने भारत आ रहे इजराइली अरबपति के जहाज को लिया कब्जे में

**नयी दिल्ली।** इस्त्राइल और ईरान के बीच बढ़े तनाव के बाद पश्चिमी एशिया में एक और युद्ध की सुगबुगाहट तेज हो गयी है। इस बीच ओमान की खाड़ी से होर्मुज पास होते हुए भारत आ रहे इस्त्राइल के अरबपति इयाल ओफर का मालवाहक जहाज पर ईरान की सेना ने कब्जा कर लिया है। इस जहाज पर 17 भारतीय सवार हैं। जहाज पर मौजूद भारतीयों की सुरक्षित रिहाई के लिए भारत राजधानी दिल्ली और तेहरान में राजनयिक चैनलों के जरिए ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है।






















| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**